stiff : जिसे मोड़ा या फैलाया न जा सके; न मुड़ने या न फैलनेवाला ।

Fit. Appropriate. Apt. Proper. Suitable.

fit : आवश्यकता, स्थिति आदि की दृष्टि से संगत या ठीक बैठनेवाला ।

appropriate : जो विशेष रूप से किसी चीज या बात के लिए ठीक या उपयुक्त हो; समुचित ।

apt : प्रासंगिक तथा फबनेवाला; माकूल ।

proper : विचार या न्याय की दृष्टि से ठीक; उचित ।

suitable : अवसर-विशेष की दृष्टि से ठीक; उपयुक्त ।

Fix *see* **Predicament.**

Flagrant *see* **Outrageous.**

Flat *see* **Level.**

Flount *see* **Show.**

Flexible *see* **Elastic.**

Flight *see* **Group.**

Flit *see* **Fly.**

Flock *see* **Group.**

Flog *see* **Beat.**

Flourish *see* **Succeed.**

Flow *see* **Rise.**

Flowery *see* **Bombastic.**

Fluid *see* **Liquid.**

Flatter *see* **Fly.**

Fly. Flit. Flutter. Hover. Soar.

fly : हवा में पंखों आदि के सहारे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना; उड़ना ।

flit : उड़-उडकर कूदना; फुदकना ।

flutter : पंख फड़फडाते हुए उड़ना; फड़फड़ाना ।

hover : उड़ते हुए चक्कर लगाना; मँडराना ।

soar : लम्बी उड़ान भरना ।

forecast : भावी परिस्थितियों या वातावरण सम्बन्धी पूर्व-सूचना देना।
predict : जोड़-हिसाब आदि लगाकर पूर्वसूचना देना।
prophesy : भविष्यवाणी करना।

Foreword *see* **Introduction.**

Forgive *see* **Pardon.**

Form. Figure. Shape.

form : अवयवों की ऐसी गठन या विन्यास जिससे कोई अलग आकार-प्रकार प्राप्त होता हो; रूप।
figure : ऐसा भौतिक रूप जो रेखाओं आदि से बना या घिरा हो; आकृति।
shape : डील-डौल या बाहरी आकार-प्रकार; बाह्याकृति।

Form *see* **Make.**

Formality *see* **Ceremony.**

Former *see* **Previous.**

Forsake *see* **Abandon,**

Fortitude. Backbone. Grit. Guts. Pluck.

fortitude : सहन करने की शक्ति; सहन-शक्ति।
backbone : चरित्र की परिचायक शक्ति; चरित्र-बल।
grit : अडिग रहने की हठमिश्रित सहनश-क्ति; स्थैर्य।
guts : सामना करने का साहस।
pluck : खतरे से भिड़ने के लिए संजोयी या बाँधी हुई हिम्मत।

Fortitude *see* **Patience.**

Fortuitous *see* **Accidental.**

Fortunate *see* **Lucky.**

Forward *see* **Advance.**

Foul *see* **Dirty.**

Foundation *see* **Base.**

Foxy *see* **Sly.**

Fraction *see* **Part,**

Fracture *see* **Break.**

Fragile. Brittle. Crisp. Frangible. Friable.

fragile : शीघ्र टूटनेवाला।

unny. Amusing. Comic. Comical. Droll. Farcical. aughable.

funny : हँसी उत्पन्न करनेवाला; हास्यकर।

amusing : हँसी और आनन्द उत्पन्न करनेवाला; विनोदपूर्ण।

comic : सहृदयतापूर्वक हँसनेवाला; हास्यपूर्ण।

comical : जोर-जोर से हँसानेवाला; हँसोड़।

droll : अपनी विचित्रताओं से हँसानेवाला; कौतुक-भरा।

farcical : अपनी असंगति या बेहूदगी से हँसानेवाला।

laughable : दूषित होने के कारण जिस पर हँसा जाय; हास्यास्पद।

Furry *see* **Anger.**

Further *see* **Advance.**

Fuse *see* **Mix.**

utile. Fruitless. Useless. Vain.

futile : जिससे कोई अर्थ या प्रयोजन सिद्ध न होता हो; निरर्थक।

fruitless : जो सफलतादायक सिद्ध न होता हो अथवा जिससे कोई फल न निकलता हो; निष्फल।

useless : जो किसी काम में न आता हो; बेकार।

vain : जिसका कुछ प्रभाव ही न होता हो; निष्प्रभाव।

Gain. Achieve. Attain.

gain : परिश्रमपूर्वक उद्देश्य की सिद्धि करना; अर्जित करना।

achieve : सफलतापूर्वक अपने उद्देश्य की सिद्धि करना; उपार्जित करना।

attain : असाध्य-सी प्रतीत होनेवाली बात या चीज को प्राप्त करना; उपलब्ध करना।

Gain *see* **Get.**

Gainsay *see* **Deny.**

Gale *see* **Wind.**

Gallant *see* **Brave.**

Gambol *see* **Play.**

Gape *see* **Look.**

Garish *see* **Gaudy.**

Garrulous *see* **Talkative.**

Gather. Assemble.

grant : माँगने पर सहायता के रूप में धन देना ।

present : प्रेम, स्नेह या आदरपूर्वक देना अथवा औपचारिक रूप से किसी की सेवा में उपस्थित करना ।

Glad *see* **Happy.**

Glee *see* **Mirth.**

Glide *see* **Slide.**

Globular *see* **Round.**

Gloomy *see* **Dark.**

Glorious *see* **Splendid.**

Glum *see* **Sullen.**

Go. Depart. Leave. Quit.

go : एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना ।

depart : प्रस्थान करना (आदरार्थक) ।

leave : विदा होना या छोड़कर जाना ।

quit : छोड़कर छुटकारा पाना; खाली करना ।

Goal *see* **Intention.**

Good. Right.

good : अच्छा; विशेषतः प्रशंसनीय और स्तुत्य ।

right : अच्छा; विशेषतः उचित और उपयुक्त ।

Goodlooking *see* **Beautiful.**

Good-nature *see* **Amiable.**

Gorgeous *see* **Splendid.**

Govern. Administer. Rule.

govern : राज्य में व्यवस्था स्थापित करना; शासन करना ।

administer : सरकारी नियमों के अनुसार किसी क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन की व्यवस्था करना; प्रशासन करना ।

rule : किसी एक व्यक्ति का मनमाने ढंग से स्वेच्छापूर्वक शासन करना ।

Grand. August. Imposing. Magnificent. Majestic. Stately.

grand : मान, रूप, महत्त्व आदि के विचार से विशाल और दर्शनीय; भव्य ।

flock : पशुओं या पक्षियों का झुण्ड।

herd : दल बनाकर साथ-साथ घूमने तथा चरनेवाले पशुओं का झुण्ड।

pack : शिकारी कुत्तों या भेड़ियों का झुण्ड।

school : मछलियों का झुण्ड।

swarm : कीड़ों का झुण्ड।

Grudge *see* **Malice.**

Guarantee. Bail. Bond. Security.

guarantee : किसी चीज में किसी प्रकार की निर्माण-सम्बन्धी त्रुटि या खराबी होने पर उसकी क्षतिपूर्ति करने का दिया जानेवाला आश्वासन; गारंटी।

bail : अभियुक्त को समय पर अदालत में उपस्थित होने या करने के सम्बन्ध में दिया हुआ आश्वासन; जमानत।

bond : ऐसा लिखित आश्वासन जिसे पूरा न करना क़ानूनन जुर्म हो; जमानतनामा।

security : धन जो आश्वासन पूरा न करने पर जब्त किया जा सकता हो; प्रतिभूति।

Guard *see* **Defend.**

Guess. Conjecture. Surmise.

guess : संयोगवशात् होनेवाला प्राय: ठीक अनुमान; अटकल।

conjecture : कुछ-कुछ आभास मिलने पर किया जानेवाला अनुमान।

surmise : ऐसा अनुमान कल्पित किन्तु अन्त:प्रेरणीय हो।

Guest *see* **Visitor.**

Guffaw *see* **Laugh.**

Guise *see* **Appearance.**

Gust *see* **Wind.**

Habit. Custom. Practice. Usage.

habit : कोई क्रिया बार-बार करते रहने से उस क्रिया को करते चलने का होनेवाला स्वभावगत अभ्यास; आदत।

custom : अभ्यास या परम्परागत रीति; रिवाज।

practice : कोई काम किसी रूप-विशेष या अवस्था-विशेष में करने का अभ्यास; अभ्यास।

usage : प्रतिष्ठित तथा प्रयोगसिद्ध अभ्यास; चलन।

hire : भाड़े या किराये पर लेना ।

lease : पट्टे पर लेना ।

rent : किराये पर लेना (विशेषत: कोई ऐसी चीज जिसके भोग के वदले नियत काल पर नियत धन देना पड़ता हो ।)

Hit. Knock. Punch. Slap. Smite. Strike.

hit : जोर से ठोकर मारना या आघात करना ।

knock : इस प्रकार या वार-वार आघात करना कि कोई चीज अपने स्थान से हट जाय; खटखटाना ।

punch : मुक्का या घूँसा मारना ।

slap : चपत लगाना ।

smite : (घातक) वार या प्रहार करना ।

strike : हल्का या तीव्र आघात करना ।

Hoax *see* **Cheat.**

Hoist *see* **Lift.**

Hold *see* **Contain.**

Hollow *see* **Vain.**

Homage *see* **Allegiance.**

Honesty. Honour. Integrity.

honesty : ईमानदार होने की अवस्था या भाव; ईमानदारी, धर्म-परायणता ।

honour : न्यायपूर्वक काम करने की क्षमता; न्यायपरता ।

integrity : सच्चरित्र तथा विश्वासभाजन होने की अवस्था या भाव; सदाचार ।

Honour *see* **Honesty.**

Hope *see* **Expect.**

Hopeless. Despairing. Desperate. Desponding.

hopeless : जिसकी आशा मिट चुकी हो; निराश ।

despairing : जिसका उत्साह नष्ट हो चुका हो; हतोत्साह ।

desperate : निराशा से उन्मत्त; निराशोन्मत्त ।

desponding : विषादभरा; विषादपूर्ण ।

Horde *see* **Crowd.**

Host *see* **Crowd.**

impression : ऐसा अनिश्चित-विचार जो वाह्य परिस्थितियों के आधार पर उत्पन्न हुआ या बना हो; छाप ।

notion : कोई अनिश्चित-सी भावना ।

thought : चिन्तन-मनन के द्वारा स्थिर किया हुआ मत; विचार ।

Identical *see* **Same.**

Idle *see* **(i) Inactive. (ii) Vain.**

Ignoble *see* **Base.**

Ignominy *see* **Disgrace.**

Ignorant. Illiterate. Uneducated.

ignorant : जिसे जानकारी या ज्ञान न हो; अनभिज्ञ ।

Illiterate : जो लिख-पढ़ न सकता हो; निरक्षर ।

uneducated : जिसने शिक्षा प्राप्त न की हो; अशिक्षित ।

Ignore *see* **Neglect.**

Ill. Ailing. Indisposed. Sick.

ill : जिसे कोई रोग हो; बीमार, रुग्ण ।

ailing : किसी लम्बी या पुरानी बीमारी से ग्रस्त; व्याधिग्रस्त, मरीज ।

indisposed : जिसे कुछ-कुछ अस्वस्थता का बोध हो रहा हो; नासाज ।

sick : बीमार (औपचारिक प्रसंगों में प्रयुक्त) ।

Ill *see* **Bad.**

Illiterate *see* **Ignorant.**

Ill-mannered *see* **Rude.**

Illusion *see* **Delusion.**

Illustration *see* **Instance.**

Ill-will *see* **Malice.**

Immense *see* **Enormous.**

Immigrant *see* **Alien.**

Immigrate *see* **Migrate.**

Immoderate *see* **Excessive.**

Impair *see* **Injure.**

Impassive. Apathetic. Stoic. Stolid.

impassive : उमंग या उत्साह से रहित; निरावेग ।

apathetic : उदासीन तथा पराङ्मुख ।

Imprecate *see* **Curse.**

Impress *see* **Affect.**

Impression *see* **Idea.**

Improper. Indecent. Indecorous. Indelicate. Unbecoming. Unseemly.

improper : जो मान्य स्तर के विचार से उचित न हो; अनुचित ।

indecent : नैतिक या चारित्रिक दृष्टि आक्षेपपूर्ण; अनुचित तथा अशोभनीय ।

indecorous : जो शिष्टसम्मत न हो; अशिष्टतापूर्ण ।

indelicate : अविनयपूर्ण और ओछा ।

unbecoming : जो व्यक्ति विशेष के लिए उचित न हो ।

unseemly : जो परिस्थिति विशेष की दृष्टि से उचित न हो ।

Improve. Ameliorate. Better.

improve : मरम्मत या तबदीली करके ठीक करना; सुधारना ।

ameliorate : असह्य, हीन या दयनीय स्थिति से उभारना या सुधारकर ठीक करना ।

better : सुधारकर सन्तोषजनक रूप देना ।

Impudent *see* **Impertinent.**

Impugn *see* **Deny.**

Impute *see* **Ascribe.**

Inactive. Idle. Inert. Passive.

inactive : जिसमें क्रियाशीलता न हो; निष्क्रिय ।

idle : जिसे काम न हो या जो काम न करता हो; निकम्मा ।

inert : पूर्ण रूप से निश्चेष्ट; जड़ ।

passive : उदासीन और अप्रतिरोधी; अकर्मण्य ।

Inagurate *see* **Begin.**

Inanimate *see* **Dead.**

Inattentive *see* **Absentminded.**

Inborn *see* **Innate.**

Inbred *see* **Innate.**

Inception *see* **Origin.**

Incessant *see* **Continual.**

Increase. Augment. Enlarge. Multiply.

increase : मान, मात्रा आदि में बढ़ाना; वृद्धि करना ।

augment : जोड़-बटोरकर बढ़ाना ।

enlarge : विस्तृत बनाना; विस्तार करना ।

multiply : प्रजनन द्वारा संख्या बढ़ाना ।

Indecent *see* **Improper.**

Indecorous *see* **Improper.**

Indelicate *see* **Improper.**

Independence *see* **Freedom.**

Indication *see* **Sign.**

Indict *see* **Accuse.**

Indifferent. Detached. Disinterested.

indifferent : जिसका चित्त दुखी होकर किसी बात से हट गया हो; विरक्त, उदासीन ।

detached : अलग तथा तटस्थ रहनेवाला; निरपेक्ष ।

disinterested : जिसकी किसी बात विशेष में रुचि या स्वार्थ न हो; निस्वार्थ, निस्पृह, पक्षपात-रहित ।

Indigenous *see* **Native.**

Indigent *see* **Poor.**

Indignation *see* **Anger.**

Indispensable *see* **Essential.**

Indisposed *see* **Ill.**

Individual *see* **(i) Characteristic (ii) Single.**

Induce *see* **Persuade.**

Industrious *see* **Busy.**

Inelastic *see* **Stiff.**

Inept *see* **Awkward.**

Inert *see* **Inactive.**

Inexpensive *see* **Cheap.**

Infamy *see* **Disgrace.**

Infatuation *see* **Love.**

Inhuman *see* **Cruel.**

Iniquitous *see* **Vicious.**

Initiate *see* **Begin.**

Injuction *see* **Command.**

Injure. Damage. Harm. Hurt. Impair. Spoil.

injure : आघात करना; विशेषतः रूप-रंग या स्वास्थ्य विकृत या नष्ट करना।

damage : नुक्सान या हानि पहुँचाना; क्षति करना।

harm : कष्ट या दुःख देना; अपकार करना।

hurt : ठेस लगाना या चोट करना।

impair : विकार उत्पन्न करके क्षीण या कमजोर बना देना; विकृत करना।

spoil : खराब या नष्ट-भ्रष्ट करना; बिगाड़ना।

Innate. Congenital. Hereditary. Inborn. Inbread.

innate : स्वभाव तथा शारीरिक गठन के विचार से जो अंग रूप हो; अन्तर्जात।

congenital : जन्म के साथ-साथ उत्पन्न होनेवाला; जन्मजात।

hereditary : जन्म से विशेषतः रक्त सम्बन्ध से प्राप्त होने वाला; पैतृक।

inborn : जिसके सम्बन्ध में यह लगता हो कि यह जन्म से ही हो रहा है; स्वाभाविक।

inbread : गर्भ से ही होनेवाला; विशेषतः नस्ल या जाति के प्रभाव से युक्त; वंशगत।

Innumerable *see* **Many.**

Inordinate *see* **Excessive.**

Inquest *see* **Investigation.**

Inquire *see* **Ask.**

Inquisition *see* **Investigation.**

Inquisitive *see* **Curious.**

Insinuate *see* **Suggest.**

Insolent *see* **(i) Impertinent, (ii) Proud.**

Intensify. Aggravate.

intensify : तीव्र करना या तेजी लाना (विशेषत: ओज, शक्ति, मनोवेग में)।

aggravate : तीव्र करना; विशेषत: असह्य बनाना।

Intent *see* **Intention.**

Intention. Aim. End. Intent. Goal. Object. Objective. Purpose.

intention : मन में होनेवाली कोई आकांक्षा; इरादा।

aim : ऐसी आकांक्षा जिसकी सिद्धि के लिए व्यक्ति अपनी सारी शक्ति लगाता हो; लक्ष्य।

end : निमित्त; प्रयोजन; ध्येय।

intent : खूब सोच-विचारकर बनाया हुआ इरादा; संकल्प।

goal : ऐसा चरम उद्देश्य जिसकी प्राप्ति श्रमसाध्य हो; ध्येय।

object : जिसे प्राप्त करना अभिप्रेत और आवश्यक हो; उद्देश्य।

objective : ऐसा उद्देश्य जिसकी प्राप्ति व्यक्ति-विशेष की सामर्थ्य में हो।

purpose : ऐसा उद्देश्य जो दृढ़ संकल्प के रूप में हो; प्रयोजन।

Intentional *see* **Voluntary.**

Intercede *see* **Interpose.**

Interfere *see* **Interpose.**

Intermittent. Alternate. Periodic. Recurrent.

intermittent : एक-एक करके होनेवाला; सविराम।

alternate : (दो वस्तुओं के सम्बन्ध में) बारी-बारी से या आपसे-आप होनेवाला; वैकल्पिक; पारी का।

periodic : लगभग नियत-सी अवधि के बाद होनेवाला; आवधिक।

recurrent : जिसकी आवृत्ति पुनः-पुनः होती हो; आवर्तक।

Interpose. Intercede. Interfere. Intervene. Mediate.

interpose : किसी होते या चलते हुए काम में दखल देना; बीच में पड़ना।

intercede : किसी एक के पक्ष का समर्थन करना; हस्तक्षेप करना।

interfere : किसी काम में या उसके परिणाम में बाधा पहुँचाने के उद्देश्य से हस्तक्षेप करना।

intervene : उग्रता, मतभेद कम करने के लिए हस्तक्षेप करना; बीच

Knowledge *see* **Information.**

Laborious *see* **Hard.**

Labour *see* **Work.**

Lack. Want.

lack : रहित होना ।

want : अभावग्रस्त होना ।

Laconic *see* **Concise.**

Lady *see* **Woman.**

Lady-like *see* **Female.**

Languor *see* **Lethargy.**

Lampoon *see* **Caricature.**

Lanky *see* **Lean.**

Large. Big. Great.

large : आयाम या परिमाण के विचार से अधिक; बड़ा ।

big : राशि, महत्त्व या विस्तार के विचार से अधिक; बड़ा ।

great : आकार-प्रकार या विस्तार में भव्य और विस्मयकारक; बड़ा, महान् ।

Lassitude *see* **Lethargy.**

Last. Final. Terminal.

last : क्रम के विचार से सबसे अन्त में होनेवाला; आखिरी, अन्तिम ।

final : अन्तिम उद्देश्य से सम्बद्ध और मुख्यतः निर्णायक रूप में होने वाला; अन्तिम, आखिरी ।

terminal : सत्र, अवधि आदि के अन्त का सूचक; सत्रिक, आवधिक ।

Late *see* **(i) Dead, (ii) Tardy.**

Latent. Dormant. Hidden. Potential.

latent : जो अस्तित्व में तो हो पर अभी तक छिपा हुआ या अलक्षित हो; अन्तर्हित, प्रच्छन्न ।

dormant : अक्रियाशीलता के फलस्वरूप जो सोया हुआ-सा प्रतीत हो; प्रसुप्त ।

hidden : जो प्रकाश-रूप में न आया हो; छिपा हुआ; गुप्त ।

potential : जो अभी अविकसित हो और इसीलिए प्रकट न हो; गर्भित ।

Laud *see* **Praise.**

Leave *see* **Go.**

Lecture *see* **Speech.**

Legal. Lawful. Legitimate. Licit.

legal : क़ानून-सम्बन्धी या क़ानून के रूप में होने वाला; क़ानूनी; विधिक।

lawful : जो क़ानून या विधि के विपरीत न हो; वैध।

legitimate : क़ानून ठीक; विधिसम्मत।

licit : विधि के अनुरूप; वैधानिक।

Legitimate *see* **Legal.**

Lenity *see* **Mercy.**

Lessen *see* **Decrease.**

Let. Allow. Permit.

let : (मजबूरन या असावधानी के कारण) होने या करने देना।

allow : (बन्धन, नियम ढीलते हुए) अनुमति देना।

permit : औपचारिक तथा आधिकारिक रूप से स्वीकृति देना।

Lethargy. Languor. Lassitude. Stupor. Torpor.

lethargy : अतिभोजन, बीमारी आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; शिथिलता।

languor : निठल्लेपन आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; आलस्य।

lassitude : कष्ट, दुःख या अधिक काम करने से होनेवाली शिथिलता; अवसाद।

stupor : विस्मय के कारण होनेवाली असहाय अवस्था; जाड्य; जड़ता।

torpor : क्षणिक जड़ता; अवसन्नता।

Level. Even. Flat. Plane. Smooth.

level : जिसका तल क्षितिज के समानान्तर हो; सम।

even : जो ज्यादा ऊबड़-खाबड़ न हो; चिपटा।

plane : जिसका हर बिन्दु एक सीध में हो; चौरस।

smooth : जो खुरदरा न हो; चिकना।

Liberate *see* **Free.**

Liberty *see* **Freedom.**

License *see* **Authorize.**

Licit *see* **Legal.**

lively & alive : जिसमें पूर्ण जीवनी-शक्ति हो; सजीव ।

animate : चेतन; विशेषत: जड़ से भिन्न ।

animated : जिसमे जीवनी-शक्ति लाई गई हो ।

Loath *see* **Reluctant.**

Lofty *see* **High.**

Lone *see* **Alone.**

Loney *see* **Alone.**

Lonesome *see* **Alone.**

Look. Gape. Gaze. Peek. Peep. Peer. Stare.

look : देखना; दृष्टिपात करना ।

gape : मुँह वाकर विस्मयपूर्वक देखना ।

gaze : एकटक देखना; टकटकी लगाना ।

peek/peep : झाँकना; विशेषत: चोरी-छिपे देखना ।

peer : ताकना; विशेषत: गौर से देखना ।

stare : घूरना; विशेषत: आँखें फाड़कर देखना ।

Look *see* **Appearance.**

Loquacious *see* **Talkative.**

Lot *see* **Fate.**

Love. Affection. Amour. Attachment. Infatuation.

love : अनुराग, वासना या आदरपूर्ण अनुभूति या गहरी चाह; प्रेम, मुहब्बत ।

affection : मर्यादित प्रेम, अनुराग ।

amour : गुप्त, विशेषत: अवैध प्रेम-सम्बन्ध ।

attachment : हेल-मेल, संग-साथ के कारण होनेवाला स्थायी तथा दृढ़ अनुराग; मोह ।

infatuation : अयुक्तिशील तथा मूर्खतापूर्ण प्रेम; आसक्ति ।

Low *see* **Base.**

Loyal *see* **Faithful.**

Loyalty *see* **Allegiance.**

Lucky. Fortunate. Providential.

lucky : शुभ, विशेषत: अप्रत्याशित रूप से तथा संयोगवशात् होनेवाला ।

fortunate : शुभ, विशेषत: महत्त्वपूर्ण विषय से सम्बन्ध रखनेवाला ।

Malice. Grudge. Ill-will. Malevolence. Malignity. Rancour. Spite.

malice : द्वेष, विशेषत: जिसमें दूसरों को दुःख देने में अथवा उन्हें दुःखी देखने में मज़ा आता हो।

grude : ऐसा दुर्भाव जो कष्ट तथा आक्रोशजन्य हो; डाह।

ill-will : दूसरे का बुरा चाहने की कामना; दुर्भाव।

malevolence : विद्वेष; जिसमें दूसरों का अपकार करने की नीयत हो।

malignity : ऐसा दुर्भाव जो निर्मम और घातक सिद्ध हो सकता हो; वैर।

rancour : ऐसा उग्र दुर्भाव जो दूसरे का अहित करने के लिए बेचैन बना देता हो; मत्सर।

spite : ऐसा दुर्भाव जिसके फलस्वरूप छोटे-छोटे कार्यों में दूसरे को परेशान और क्रुद्ध किया जाए; वैमनस्य।

Malign *see* **Sinister.**
Malignity *see* **Malice.**
Malleable *see* **Pliable.**
Manage *see* **Conduct.**
Mandate *see* **Command.**
Manifest *see* **Evident.**
Manifold *see* **Many.**
Manly *eee* **Male.**
Manner *see* **(i) Bearing, (ii) Method.**
Mannish *see* **Male.**
Manoeuvre *see* **Trick.**
Manufacture *see* **Make.**

Many. Innumerable. Manifold. Multifarious. Numerous.

many : संख्या में अपेक्षाकृत अधिक; अनेक, नाना।

innumerable : अगणित, असंख्य।

manifold : अनेक प्रकार का; बहुमुखी।

multifarious : तरह-तरह का; रंग-बिरंगा, विविध।

numerous : भीड़ के रूप में होनेवाला; बहुसंख्यक।

Mammoth *see* **Enormous.**

sparse : जो विस्तृत क्षेत्र में कहीं-कहीं यहाँ-वहाँ छिटका हो; विरल ।

Mean *see* **(i) Average, (ii) Base.**

Meaning. Import. Purport. Sense. Significance. Signification.

meaning : जिसे अभिव्यक्त किया जाए; अर्थ ।

import : जो कुछ कहा अथवा समझा गया हो; अभिप्राय ।

purpot : सामान्य निष्कर्ष; तात्पर्य ।

sense : किसी शब्द द्वारा प्रकट किये जाने वाले अर्थों में से कोई एक या हर एक; भाव ।

significance : सूक्ष्म विवक्षा के रूप में होनेवाला अप्रकट किन्तु महत्त्वपूर्ण अर्थ; अर्थ-वैशिष्ट्य ।

signification : परम्परागत अर्थ; रूढ़ार्थ ।

Meddlesome *see* **Curious.**

Median *see* **Average.**

Mediate *see* **(i) Interpose, (ii) Ponder.**

Meditative *see* **Pensive.**

Meek *see* **Humble.**

Melancholy *see* **Sad.**

Mellow *see* **Ripe.**

Melt. Dissolve. Thaw.

melt : ताप से ठोस पदार्थ का द्रव रूप प्राप्त करना; पिघलना ।

dissolve : तरल पदार्थ में किसी चीज़ का मिलकर एकाकार होना; घुलना ।

thaw : जमी हुई चीज़ का द्रवरूप धारण करना; गलना ।

Menace *see* **Threaten.**

Mercy. Clemency. Lenity.

mercy : कष्ट में पड़े हुए जीव के साथ की जाने वाली सहानुभूति या रियायत; दया ।

clemency : दण्डाधिकारी द्वारा अभियुक्त या अपराधी के प्रति बरती जानेवाली नरमी; राजदया, करुणा ।

lenity : अपराधी के प्रति आवश्यक कठोरता न बरतकर किया जानेवाला कोमलतापूर्ण व्यवहार; रियायत ।

हँसी-खुशी ।

glee : अपनी विजय या विरोधी की पराजय पर होनेवाली प्रसन्नता; हर्ष ।

hilarity : ऐसा हर्ष जिसमें लोग कोलाहल मचाने लगें; प्रहर्ष ।

jollity : चुहल, ठट्ठा, रास-रंग आदि से होनेवाला आनन्द, आह्लाद ।

merriment : रंगरलियों से होनेवाला आनन्द ।

Miscarriage *see* **Abortion.**

Misfortune *see* **Affliction.**

Mishap *see* **Accident.**

Mislead *see* **Deceive.**

Mistake *see* **Error.**

Misuse *see* **Abuse.**

Mix. Blend. Fuse. Merge. Mingle.

mix : दो या अधिक चीज़ों का मिला मिश्रण बनाना; मिश्रित करना, मिलाना ।

blend : विभिन्न जातियों की चीज़ों के योग से मिश्रित गुणोंवाली नई चीज़ बनाना ।

fuse : इस प्रकार मिलाना कि मिलनेवाली चीज़ें फिर अलग-अलग न हो सकें ।

merge : इस प्रकार मिलाना कि एक चीज़ अपनी स्वतन्त्र सत्ता खोकर दूसरी में अन्तर्युक्त हो जाय; विलय करना ।

mingle : इस प्रकार मिलाना कि विभिन्न अवयवों या घटकों की सत्ता अलग-अलग दिखाई पड़े ।

Moan *see* **Cry.**

Mob *see* **Crowd.**

Mockery *see* **Ridicule.**

Mode *see* **Method.**

Model. Example. Pattern.

model : आकर्षक गुणोंवाली ऐसी चीज जिसका अनुसरण-अनुकरण किया जाए; प्रतिमान, मॉडल ।

example : उच्चकोटि का या श्रेष्ठ गुणोंवाला ऐसा कार्य, बात या पदार्थ जिसका अनुसरण-अनुकरण उपयोगी या शुभ समझा जाता हो; आदर्श ।

transfer : स्थानान्तरण या हस्तान्तरण करना; अन्तरण करना।

Move *see* **Affect.**

Moving. Effecting. Pathetic. Poignant. Touching.

moving : दुःख-भरा और करुणापूर्ण; हृदयस्पर्शी।

effecting : जिससे मन का बाँध टूट जाए और आँसू निकल आए; मर्म-भेदी।

pathetic : करुणाजनक और शोचनीय।

poignant : अत्यन्त करुणापूर्ण और पीड़ाकारक; हृदयविदारक।

touching : मन में दया-भाव उत्पन्न करनेवाला; छूता हुआ।

Muddle *see* **Confusion.**

Multifarious *see* **Many.**

Multiply *see* **Increase.**

Multitude *see* **Crowd.**

Murder *see* **Kill.**

Murky *see* **Dark.**

Muse *see* **Ponder.**

Mutiny *see* **Rebellion.**

Mutual. Common. Reciprocal.

mutual : परस्पर विचार-भावना से या अदला-बदली के रूप में होने वाला; पारस्परिक।

common : जिसमें सबका अंश हो; सामान्य।

reciprocal : ऐसा व्यवहार जो दोनों पक्षों द्वारा निभाया जाता हो; दो-तरफा।

Naive. Artless. Ingenuous. Unsophisticated.

naive : सादगी, सीधेपन और सांसारिक अव्यावहारिकता का परिचायक; भोला-भाला।

artless : जिसमें छल-बल या बनावट न हो; अकृत्रिम।

ingenuous : जिसमें बच्चों की सी अबोधता हो; अबोध।

unsophisticated : सीधा-सादा और अनुभवहीन।

Nab *see* **Catch.**

Naked *see* **Bare.**

Narrate *see* **Tell.**

omit : अपनी धुन में खोये रहने या दृष्टि-दोष के कारण उपेक्षा करना ।

overlook : देखी-अनदेखी करना ।

slight : तुच्छ समझकर उपेक्षा करना; तिरस्कार करना ।

Neglectful *see* **Remiss.**

Negligent *see* **Remiss.**

Neighbouring *see* **Adjacent.**

New. Fresh. Modern. Novel. Original.

new : जो पहले कभी अस्तित्व, अधिकार या चलन में न आया हो; नया, नवीन ।

fresh : जिसका मूल रूप-रंग, गुण-शक्ति प्रयोग या समय के कारण नष्ट न हुई हो अर्थात् जो बासी न हो, ताजा ।

modern : वर्तमान काल से सम्बन्धित तथा अद्यतन; आधुनिक ।

novel : जो नया होने के साथ-साथ अनोखा भी हो; अभिनव ।

original : जो नया होने के साथ-साथ अपनी तरह का पहला हो; नूतन ।

Nice *see* **Dainty.**

Nimble *see* **Agile.**

Noise. Clamour. Din. Hubbub. Racket. Uproar.

noise : अप्रिय तथा ऊँची ध्वनियाँ; शोर ।

clamour : उत्तेजनापूर्ण वातावरण का सूचक शोर; हंगामा ।

din : कर्णकटु और दुःखद शोर; चीत्कार ।

hubbub : बहुत-सी आवाजों का मिश्रित रूप; शोरगुल ।

racket : क्षोभकार ऊँची ध्वनियाँ; हुल्लड़ ।

uproar : चीख-पुकार भरा शोर; होहल्ला ।

Noise *see* **Sound.**

Noiseless *see* **Still.**

Nonchalant *see* **Cool.**

Norm *see* **Average.**

Normal. Average. Natural. Regular. Typical. Usual.

normal : सामान्य या मान्य स्तर का; सामान्य, प्रसम ।

average : औसत दर्जे का ।

natural : सामान्य स्वभाव या पैदाइशी लक्षणों के अनुकूल होनेवाला; स्वाभाविक ।

Object *see* **Intention.**

Objective *see* **Intention.**

Obliging *see* **Amiable.**

Obscure. Ambiguous. Cryptic. Enigmatic. Equivocal. Vague.

obscure : धुंधला और दुरूह; अस्पष्ट ।

ambiguous : जो दो या अधिक अर्थोंवाला होने के कारण अनिश्चित-सा हो; द्वयर्थक ।

cryptic : अप्रकट और रहस्यपूर्ण; अस्पष्ट, गुप्त ।

enigmatic : अस्पष्ट और घबरा देनेवाला; पेचीदा ।

equivocal : जो अस्पष्ट होने के साथ-साथ संदेहभरा या चिन्त्य भी हो; संदिग्ध ।

vague : अस्पष्ट और अनिश्चित; गोलमाल ।

Observe *see* **(i) Celebrate, (ii) Discern.**

Obsolete *see* **Old.**

Obstacle. Barrier. Hindrance. Impediment. Obstruction.

obstacle : ऐसा तत्त्व या बात जो प्रगति में बाधक हो; अड़चन ।

barrier : ऐसी बाधा जो प्रत्यक्षत: अजेय प्रतीत होती हो; बाधा ।

hindrance : ऐसी बाधा जिसे बिना दूर किये प्रगति निष्फल-सी प्रतीत होती हो; रुकावट ।

impediment : जिससे प्रगति रुक या शिथिल हो जाए; विघ्न, अड़ंगा ।

obstruction : जो रास्ता अवरुद्ध कर दे; अवरोध ।

Obstinate *see* **Stubborn.**

Obstruct *see* **Hinder.**

Obstruction *see* **Obstacle.**

Obtain *see* **Get.**

Obtuse *see* **Dull.**

Obvious *see* **Evident.**

Occur *see* **Happen.**

Occurrence *see* **Event.**

Odd *see* **Strange.**

opponent : जो किसी का अथवा उसके पक्ष का विरोध करता हो; विपक्षी, विरोधी ।

adversary : ऐसा विरोधी जो सघर्षरत हो; प्रतिपक्षी ।

antagonist : अधिकार छीनने या शक्ति हथियाने के लिए सक्रिय विरोध करनेवाला; प्रतिरोधी ।

enemy : ऐसा विरोधी जो हानि पहुँचाना चाहता हो; दुश्मन, शत्रु ।

foe : पक्का या गहरा शत्रु; वैरी ।

Opportune *see* **Timely.**

Oppose. Resist. Withstand.

oppose : (क) (चुनौती देने या हस्तक्षेप करनेवाला) का सामना करना; (ख) विरोध करना ।

resist : (बचाव या रक्षा निमित्त) मुक़ाबला करना ।

withstand : सफलतापूर्वक मुकाबला करना ।

Opposite. Antithetic. Antithetical. Contrary. Reverse.

opposite : स्थिति, दिशा आदि के विचार से ठीक उल्टे क्रम वाला; विरुद्ध ।

antithetic, antithetical : विरोधपूर्ण और विभिन्न, विपरीत ।

contrary : जिसमे इतनी अधिक विभिन्नता हो कि मेल या समझौते की गुंजाइश ही न हो; प्रतिकूल ।

reverse : जिसका ऊपरी या सामनेवाला पक्ष नीचे या पीछे हो; उल्टा ।

Oppressive *see* **Onerous.**

Option *see* **Choice.**

Opulent *see* **Rich.**

Oral. Verbal.

oral : (लिखने से भिन्न) मौखिक ।

verbal : (शब्दो मे होनेवाला) मौखिक ।

Oration *see* **Speech.**

Order *see* **Command.**

Orderly. Methodical. Systematic.

orderly : क्रमबद्ध और व्यवस्थित ।

methodical : पद्धति के अनुसार चलने या होनेवाला; पद्धति-संगत ।

systematic : नियमित और व्यवस्थित ।

Panic *see* **Fear.**

Paralyze *see* **Shock.**

Paraphrase *see* **Translation.**

Pardon. Absolve. Exonerate. Forgive. Vindicate.

pardon : अपराधी को मिले हुए भोग से मुक्त करना; क्षमा करना।

absolve : पाप, कर्तव्यच्युति आदि के दण्ड से मुक्त करना (धार्मिक क्षेत्र में)।

exonerate : भूल, दोष आदि के आरोप से मुक्त करना; दोष-मुक्त करना।

forgive : किसी को दण्डित करने की भावना सदा के लिए मन से निकाल देना।

vindicate : प्रमाण, साक्ष्य आदि से आधार पर किसी को निर्दोष सिद्ध करना।

Parody *see* **Caricature.**

Part. Division. Fraction. Fragment. Piece. Portion. Segment.

part : उन अवयवों में से हरएक जिनसे मिलकर कोई इकाई बनती है; भाग, हिस्सा।

division : किसी संस्था का कोई विशेष तथा बहुत-कुछ स्वतन्त्र अंग; विभाग।

fraction : नगण्य हिस्सा।

fragment : किसी भारी चीज से टूटकर अलग हुआ कोई छोटा टुकड़ा; विखण्ड।

piece : किसी इकाई से अलग किया हुआ हिस्सा; टुकड़ा, फाँक।

portion : वह हिस्सा जो किसी के लिए नियत किया या अलग रखा गया हो; हिस्सा, खण्ड।

segment : ऐसा हिस्सा जो विभाजन की प्राकृतिक रेखा के आधार पर हुआ हो; खण्ड।

Partake *see* **Share.**

Partiality *see* **Prejudice.**

Participate *see* **Share.**

Particular *see* **(i) Dainty, (ii) Single, (iii) Special.**

regret : किसी आपत्तिपूर्ण कार्य पर होनेवाला दु:ख; खेद ।

remorse : किये हुए पाप के भान से होनेवाली अत्यन्त क्लेशपूर्ण तथा विरक्तिपूर्ण भावना; ग्लानि ।

repentance : इस बात का दु:ख कि मैंने ऐसा क्यों किया; पश्चात्ताप ।

Pensive. Contemplative. Meditative. Reflective.

pensive : विचारमग्न (विशेषत: उदास और दु:खी) ।

contemplative : चिन्तन करने का जिसका अभ्यास बन गया हो; चिन्तनशील ।

meditative : जिसने किसी बात में ध्यान लगाया हुआ हो; ध्यानमग्न ।

reflective : ठीक तथ्य तक सोच-विचार द्वारा पहुँचनेवाला; विचारशील ।

Perceive *see* **Discern.**

Perceptible. Appreciable. Palpable. Sensible. Tangible.

perceptible : जिसकी अनुभूति या अनुभव हो रहा हो; अनुभाव्य ।

appreciable : जो ठीक प्रकार से अनुभूत होता या दिखाई पड़ता हो ।

palpable : जिसका स्पर्श से ज्ञान होता हो; स्पर्शग्राह्य ।

sensible : इन्द्रियग्राह्य ।

tangible : जिसे समझा जा सके; बोधगम्य; मूर्त्त ।

Perform *see* **Do.**

Peril *see* **Danger.**

Period. Aeon. Eon. Era. Epoch.

period : काल का कोई खण्ड; अवधि ।

aeon, eon : अनिश्चित और बहुत लम्बी अवधि ।

era : अवधि के दोनों छोरों के बीच का समस्त काल-मान; युग ।

epoch : सुधारवादी परिवर्तन से आरम्भ होनेवाला युग; युगारम्भ ।

Periodic *see* **Intermittent.**

Permit *see* **Let.**

Pernicious. Baneful. Deleterious. Detrimental. Noxious.

pernicious : बहुत बड़ी हानि पहुँचाने या कमजोरी लानेवाला; विनाशी ।

baneful : विषभरा; विषाक्त ।

deleterious : धीरे-धीरे क्षति करता चलनेवाला; अपकारक ।

Phase. Angle. Aspect. Facet.

phase : किसी चीज की विभिन्न अवस्थाओं या पक्षों में से कोई एक; पक्ष, अवस्था ।

angle : ऐसा पक्ष जो सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर दिखाई पड़ता हो; कोण ।

aspect : किसी विशेष बिन्दु से दिखाई पड़नेवाली चीज का स्वरूप; पहलू ।

facet : अनेक पक्षोंवाली चीज का कोई एक पक्ष; रुख ।

Philanthropic. Altruistic. Charitable. Humanitarian.

philanthropic : लोकोपकारक; जन-हितैषी ।

altruistic : निस्वार्थ सेवक; परमार्थवादी ।

charitable : दीनों या अभावग्रस्तों को दान देनेवाला; दानी, दाता ।

humanitarian : मनुष्य-जाति का कष्ट निवारण करनेवाला; मानववादी ।

Physical *see* **(i) Bodily, (ii) Material.**

Pick *see* **Choose.**

Piece *see* **Part.**

Pile *see* **Building.**

Pilfer *see* **Steal.**

Pilgrimage *see* **Trip.**

Pinnacle *see* **Summit.**

Pique *see* **Provoke.**

Piteous *see* **Pitiful.**

Pithy *see* **Concise.**

Pitiable *see* **Pitiful.**

Pitiful. Piteous. Pitiable.

pitiful : दयनीय और करुणाजनक ।

piteous : दया का पात्र; दीन ।

pitiable : करुण तथा घृणास्पद; शोचनीय ।

Pitiless *see* **Cruel.**

Pity. Commiseration. Compassion. Condolence. Sympathy.

pity : दूसरे के दुःख या दुर्भाग्य से पसीजने का भाव; दया ।

enjoyable : आनन्ददायक ।

gratifying : सुखद तथा सन्तोषजनक ।

pleasant : सुखद और उत्फुल्ल; सुहावना, प्रसन्नता-भरा ।

Pleasure. Delight. Enjoyment. Joy.

pleasure : प्रसन्नता (मात्र सन्तोष से लेकर पूर्ण आनन्द तक की स्थिति की परिचायक ।)

delight : गहरी प्रसन्नता जो उत्साहपूर्वक प्रकट की जाए; हर्ष ।

enjoyment : हार्दिक सन्तोष से होनेवाली प्रसन्नता; मजा ।

joy : सुख तथा ओज की प्रदर्शक प्रसन्नता; उल्लास ।

Plentiful. Abundant. Ample. Copious. Profuse.

plentiful : जिसकी पूर्ति माँग के अनुरूप हो; प्रचुर ।

abundant : जिसकी पूर्ति अत्यधिक हो; अतिशय ।

ample : जिससे सब आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाए; पर्याप्त ।

copious : अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न या निर्मित होनेवाला; विपुल ।

profuse : औचित्य से अधिक; अत्यधिक ।

Pliable. Ductile. Malleable. Plastic.

pliable : जो आसानी से मोड़ा जा सके; मृदु ।

ductile : जिसे खींच या तानकर फैलाया जा सके; लचीला ।

malleable : जिसे कूट-पीटकर विभिन्न रूप दिये जा सकें; वर्द्धनीय ।

plastic : जिसे मनचाहे रूप में ढालकर रखा जा सके; रूपद ।

Plight *see* **Predicament.**

Plot. Conspiracy. Intrigue.

plot : दूसरों को हानि पहुँचाने के लिए बनाई हुई गुप्त और सुनियोजित योजना; षड्यन्त्र ।

conspiracy : कुछ लोगों द्वारा मिलकर बनाई हुई कोई अवैध योजना; कपट-सन्धि ।

intrigue : दूसरों को ठगने या धोखा देने के उद्देश्य से बनाई हुई पेचीली योजना; कुचक्र ।

Pluck *see* **Fortitude.**

Plucky *see* **Brave.**

Plumb *see* **Vertical.**

Poignant *see* **Moving.**

Postulate *see* **Assume.**

Posture. Attitude. Pose.

posture : शरीर की कोई स्वाभाविक या कृत्रिम मुद्रा; ठवन ।

attitude : विशेष रूप से कोई भाव-विशेष सूचित करने के लिए बनाई हुई मुद्रा ।

pose : कलापूर्ण या मोहक मुद्रा ।

Potency *see* **Strength.**

Potential *see* **Latent.**

Pound *see* **Beat.**

Power. Authority. Command. Control. Dominion. Jurisdiction. Sway.

power : (मान्य तथा नैसर्गिक) अधिकार ।

authority : पद से प्राप्त अधिकार; पदाधिकार ।

command : ऐसा अधिकार जिसे कार्यरूप में परिणत किया जा सके तथा उसका पालन कराया जा सकता हो; आधिपत्य ।

control : नियमित तथा नियन्त्रित करने का अधिकार; नियन्त्रण ।

dominion : पूर्ण तथा अन्तिम अधिकार; प्रभुत्व ।

jurisdiction : निर्दिष्ट सीमाओं के अन्तर्गत न्याय करने का अधिकार; क्षेत्राधिकार ।

sway : जिधर चाहे उधर मोड़ लेने या ले चलने की शक्ति; दबदबा ।

Power *see* **Strength.**

Practicable *see* **Possible.**

Practice. Drill. Exercise.

practice : योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से बार-बार काम करने की क्रिया; अभ्यास, मश्क ।

drill : कठोर अनुशासन का परिचायक अभ्यास; कवायद, ड्रिल ।

exercise : शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक क्रिया या साधना; अभ्यास ।

Practice *see* **Habit.**

Praise. Acclaim. Eulogy. Extol. Laud.

praise : दूसरे के कार्य, गुण आदि पर प्रसन्नता-प्रकट करते हुए उसके उत्साहवर्धन के लिए कही जानेवाली बात; प्रशंसा ।

Premise *see* **Assume.**
Preposterous *see* **Absurd.**
Prerogative *see* **Right.**
Present *see* **Give.**

Present. Gift. Donation. Gratuity.

present : आत्मीयता, मित्रता या आदर भाव से दी जानेवाली वस्तु; भेंट ।

gift : औपचारिक रूप से दी जानेवाली भेंट; उपहार ।

donation : धर्मार्थ या सहायता-भाव से दिया जानेवाला धन; दान ।

gratuity : सेवावृत्ति के लिए दी जानेवाली धन की सहायता; परिदान ।

Present *see* **(i) Offer, (ii) Give.**
Preserve *see* **Defend.**
Press *see* **Urge.**
Presume *see* **Assume.**
Presuppose *see* **Assume.**
Pretend *see* **Assume.**
Pretty *see* **Beautiful.**

Prevailing. Current. Prevalent.

prevailing : प्रचलन में औरों से बढ़कर; सर्वोपरि, हावी ।

current : साधारणतः जिसे सब लोग जानते-मानते हों; प्रचलित ।

prevalent : जो चलन में हो या जो चल रहा हो; चलनसार ।

Prevalent *see* **Prevailing.**
Prevaricate *see* **Lie.**

Prevent. Avert. Forestall. Preclude.

prevent : घटित होने, आगे बढ़ने या फैलने न देना; रोकना ।

avert : दूर करना, हटाना या अनावश्यक बनाना; निवारण करना ।

forestall : घटित होने से पहले ही निष्क्रिय बना देना; रोकथाम करना ।

preclude : घटित होने ही न देना ।

Previous. Antecedent. Foregoing. Former. Preceding. Prior.

previous : क्रम, समय आदि के विचार से पहले आने या होनेवाला; पहलेवाला ।

Profuse *see* **Plentiful.**

Progressive. Advanced.

progressive : जो क्रमश: आगे बढ़ता चलता हो; प्रगतिशील।

advanced : समय, स्थिति आदि के विचार से आगे बढ़ा हुआ; उन्नतिशील, अग्रसरित।

Project *see* **Plan.**

Prominent *see* **Noticeable.**

Promote *see* **Advance.**

Prompt *see* **Quick.**

Proof. Evidence. Testimony.

proof : तथ्य आदि जो किसी बात की तर्कपूर्वक सत्यता सिद्ध करता हो; प्रमाण।

evidence : गवाह का कथन; गवाही, साक्ष्य।

testimony : मौखिक साक्ष्य।

Propensity *see* **Inclination.**

Proper *see* **Fit.**

Property *see* **Quality.**

Prophesy *see* **Foretell.**

Propitious *see* **Favourable.**

Proportion *see* **Symmetry.**

Proportional. Proportionate.

proportional : दो चीजों के आपसी अनुपात से सम्बद्ध; समानुपातिक।

proportionate : एक ही तरह की या सम्बन्धित चीजों के अनुपात से सम्बद्ध; आनुपातिक।

Proportionate *see* **Proportional.**

Proposal. Proposition.

proposal : स्वीकृति-अस्वीकृति के लिए उपस्थित की हुई बात या योजना; प्रस्ताव।

proposition : तर्क, प्रमाण आदि के रूप में रखा हुआ प्रस्ताव; प्रमेय, साध्य।

Proposition *see* **Proposal.**

Propriety *see* **Decorum.**

pull : शक्ति लगाकर आगे या किसी ओर ले जाना; खींचना।

drag : घसीटना।

draw : आगे से खींचना।

haul : यन्त्रों की सहायता से खींचना।

push : धकेलकर आगे बढ़ाना; धकेलना।

tow : तार या रस्से के द्वारा खींचना।

tug : अत्यन्त भारी चीज को खूब जोर लगाकर खींचना।

Punch *see* **Hit.**

Pupil. Disciple. Scholar. Student.

pupil : गुरु या शिक्षक की देख-रेख में अध्ययन करनेवाला; चेला, शिष्य।

disciple : (किसी गुरु या मत का) अनुयायी।

scholar : किसी विशिष्ट विद्या या विषय का अच्छा ज्ञान प्राप्त करके और अधिक विद्योपार्जन करनेवाला; छात्र।

student : विद्यालय में पढ़नेवाला अथवा किसी विषय-विशेष का अध्ययन करनेवाला; विद्यार्थी।

Pure *see* **Chaste.**

Purport *see* **Meaning.**

Purpose *see* **Intention.**

Push *see* **Pull.**

Pushing *see* **Aggressive.**

Putrefy *see* **Decay.**

Puzzled. Bewildered. Confounded. Confuse. Dumbfound. Perplexed.

puzzled : विभ्रम में पड़ा हुआ; विभ्रान्त।

bewildered : जो यह निश्चय न कर पा रहा हो कि अब क्या करना चाहिए; किंकर्त्तव्यविमूढ़।

confounded : चकित और चिन्तित; हैरान।

confused : चक्कर में पड़ा हुआ; चकराया हुआ।

dumbfound : जो आश्चर्य के मारे होशहवास खो बैठा हो; हक्का-बक्का।

perplexed : जिसकी समझ में कुछ न आ रहा हो; चकपकाया हुआ।

ready : जो तैयारी किये हुए हो और कुशलता से कोई काम करने में समर्थ हो; उद्यत, तैयार ।

Quick *see* **(i) Agile, (ii) Fast.**

Quicken *see* **Animate.**

Quiesce *see* **Consent.**

Quiet *see* **Still.**

Quit *see* **(i) Abandon, (ii) Go.**

Quiver *see* **Shake.**

Quiz *see* **Ask.**

Rack *see* **Torment.**

Racket *see* **Noise.**

Radiant *see* **Bright.**

Rage *see* **Anger.**

Raise *see* **Lift.**

Ramble *see* **Roam.**

Rancour *see* **Malice.**

Random. Casual. Chance. Desultory. Haphazard.

random : अविचारित रूप से होनेवाला; अटकलपच्चू ।

casual : बिना किसी प्रयोजन के संयोगवशात् होनेवाला; आकस्मिक ।

chance : संयोग से या संयोग के रूप में होनेवाला; संयोगी ।

desultory : अनियमित और क्रमरहित; असम्बद्ध ।

haphazard : यों ही और अव्यवस्थित रूप से होनेवाला; ऊलजलूल ।

Range. Reach. Scope.

range : वह पूरा क्षेत्र जिसमें कोई चीज़ दृश्य या कार्यकारी हो; परिसर ।

reach : वह दूरगत सीमा जहाँ तक प्रभाव पहुँच सकता हो; पहुँच ।

scope : निर्धारित सीमाओं के अन्तर्गत होनेवाला विस्तृत क्षेत्र; कार्य-क्षेत्र, विषय-क्षेत्र ।

Ransom *see* **Save.**

Rapid *see* **Fast.**

Rare. Infrequent. Scarce. Uncommon. Unusual.

rare : ऐसी महत्त्वपूर्ण चीज़ जो बहुत कम मिलती हो; दुर्लभ ।

receive : औपचारिक रूप से अथवा बदले में कुछ देकर लेना; प्राप्त करना।

accept : इच्छा या अनिच्छापूर्वक अथवा उदारता या अनुदारतापूर्वक ग्रहण करना; स्वीकार करना; अंगीकार करना।

take : प्रस्तुत की हुई अथवा भेंट के रूप में दी हुई चीज ग्रहण करना या कब्जे में कर लेना; ले लेना।

Reciprocal *see* **Mutual.**

Reckon *see* **Calculate.**

Recollect *see* **Remember.**

Recount *see* **Tell.**

Recur *see* **Return.**

Recurrent *see* **Intermittent.**

Redeem *see* **Save.**

Reduce *see* **Decrease.**

Reflect *see* **(i) Consider, (ii) Think.**

Reflective *see* **Pensive.**

Refrain. Abstain. Forbear.

refrain : (उकसाये जाने पर भी) विरत रहना।

abstain : जान-बूझकर तथा स्वेच्छापूर्वक कहीं से हटना या किसी चीज से बचना; बाज़ आना।

forbear : धैर्यपूर्वक संयम बनाये रखना; निग्रह करना।

Refuge *see* **Shelter.**

Refuse *see* **Decline.**

Refute *see* **Disprove.**

Regain. Retain.

regain : हारी या खोयी हुई चीज़ फिर से जीतना या प्राप्त कर लेना।

retain : हाथ में आई हुई चीज को जाने न देना, बल्कि लिए रहना।

Regard *see* **Respect.**

Regret *see* **Penitence.**

Regular *see* **(i) Normal, (ii) Steady.**

Regulation *see* **Law.**

Reject *see* **Decline.**

alleviate : मूल कारण का विना शमन हुए पीड़ा का अस्थायी रूप से कम होना ।

Relieve *see* **Comfort.**

Relinquish *see* **Surrender.**

Reluctant. Averse. Disinclined. Hesitant. Loath.

reluctant : रुचि, संकल्प आदि के अभाव के कारण जिसमें कोई कार्य-विशेष करने की इच्छा न हो; अनिच्छुक ।

averse : जिसमें किसी के प्रति विरक्ति हो गई हो; विरक्त ।

disinclined : उदासीन तथा अप्रवृत्त ।

hesitant : अनिश्चय, भय आदि के कारण जो कोई क्रिया न कर रहा हो; हिचकिचाने वाला ।

loath : घृणा, विद्वेष आदि के कारण विमुख; पराङ्मुख ।

Remain *see* **Stay.**

Remark. Comment.

remark : ऐसी सामयिक उक्ति जो दूसरे का ध्यान आकृष्ट कर ले; टिप्पणी ।

comment : व्याख्या, समीक्षा, निर्वचन आदि के रूप में होनेवाली टिप्पणी; टीका ।

Remarkable *see* **Noticeable.**

Remember. Recall. Recollect. Remind. Reminisce.

remember : स्मृति में ताज़ा रखना; याद रखना ।

recall : कोई पुरानी बात याद में लाना ।

recollect : स्मरण-शक्ति पर ज़ोर डालकर याद करना; अनुस्मरण करना ।

remind : स्मरण-शक्ति को पुनरुद्दीप्त करना ।

reminisce : संस्मरण सुनाना ।

Remind *see* **Remember.**

Reminisce *see* **Remember.**

Remiss. Lax. Neglectful. Negligent. Slack.

remiss : जिसे उसकी चूक या असावधानी के लिए दण्डित किया जा सके; लापरवाह ।

lax : असावधान और उदासीन; शिथिल ।

Resign *see* **(i) Abdicate, (ii) Surrender.**

Resilient *see* **Elastic.**

Resist *see* **Oppose.**

Resolve *see* **Decide.**

Resort *see* **Resource.**

Resource. Expedient. Resort.

resource : जिससे आवश्यकता पड़ने पर सहायता उपलब्ध हो सके; साधन-स्रोत ।

expedient : ऐसा उपाय जो अभीष्ट रूप से कार्यसाधक हो; अभ्युपाय ।

resort : ऐसा साधन जिस पर भरोसा किया जा सके; अवलम्ब ।

Respect. Admiration. Esteem. Regard.

respect : बड़े के प्रति विशेषतः उसके महत्त्व के कारण होनेवाला पूज्य-भाव; आदर ।

admiration : प्रशंसापूर्ण आदर-भावना; सराहना ।

esteem : समाज, परिवार आदि में होनेवाला किसी के आदर का मान्यत्व; प्रतिष्ठा ।

regard : किसी महत्त्व का आदरपूर्वक रखा जानेवाला ध्यान; सम्मान ।

Respond *see* **Answer.**

Responsible. Accountable. Answerable.

responsible : (अपनी कर्तव्यच्युति या अधिकार के उल्लंघन के विचार से) उत्तरदायी ।

accountable : (किसी हानि या क्षति के विचार से) देनदार ।

answerable : (नैतिक या विधिक दृष्टि से) जवाबदेह ।

Restrain. Bridle. Check. Curb.

restrain : (शक्तिपूर्वक) निग्रह करना ।

bridle : रोक रखना; लगाम लगाना ।

check : बढ़ने-फैलने आदि से रोकना; रोक-थाम करना ।

curb : उग्रतापूर्वक रोकना, मोड़ना या वशीभूत करना ।

Retain *see* **(i) Keep, (ii) Regain.**

Retort *see* **Answer.**

Retreat *see* **Shelter.**

Revolt *see* **Rebellion.**

Rovolution *see* **Rebellion.**

Rich. Affluent. Opulent. Wealthy. Well-to-do.

rich : जिसके पास सामान्य आवश्यकताओं से अधिक धन हो; धनी, अमीर।

affluent : जिसकी धन-सम्पत्ति बराबर बढ़ती चलती हो; समृद्धिशील।

opulent : अति समृद्ध तथा वैभवशाली।

wealthy : बहुत बड़ा धनी; धनाढ्य।

well-to-do : सुखपूर्वक निर्वाह के लिए जिसके पास यथेष्ट धन हो; खुशहाल।

Ride *see* **Bait.**

Ridicule. Derision. Mockery. Taunt.

ridicule : किसी की कमजोरी, भूल, भद्देपन की उड़ाई जानेवाली हँसी; मज़ाक।

derision : दुर्भावना या द्वेष से किसी को नीचा दिखाने के लिए किसी की उड़ाई जानेवाली हँसी; उपहास।

mockery : किसी की विलक्षणताओं की तिरस्कारपूर्वक उड़ाई जानेवाली हँसी; खिल्ली।

taunt : किसी को अपमानित या लज्जित करने के लिए उसके किसी ओछे कार्य का किया जानेवाला उल्लेख; ताना।

Ridiculous *see* **Absurd.**

Right. Prerogative. Privilege.

right : (जन्म, शक्ति, योग्यता, ज्ञान या विधि से प्राप्त होनेवाला) अधिकार।

prerogative : पद, स्थिति आदि के फलस्वरूप मिलनेवाला तथा सत्ता-सूचक अधिकार; प्राधिकार।

privilege : रियायत के रूप में होनेवाला मानसूचक अधिकार; विशेषाधिकार।

Right *see* **Good.**

Righteous *see* **Moral.**

Rigid *see* **(i) Stiff, (ii) Strict.**

Rigorous *see* **Strict.**

Rot *see* **Decay.**

Rough. Harsh. Jagged. Rugged. Uneven.

rough : जो मुलायम, चिकना तथा समतल न हो; खुरदरा, ऊँचा-नीचा ।

harsh : रूखा और कड़ा ।

jagged : विषम और दाँतेदार ।

rugged : ऊबड़-खाबड़ ।

uneven : असमतल; विषम ।

Round. Annular. Circular. Globular. Spherical.

round : जिसके किनारे या परिधि आदि का हर बिन्दु केन्द्र से बराबर दूरी पर हो; गोल ।

annular : गोल, विशेषतः अन्दर से खोखला; वलयाकार ।

circular : वृत्त की रेखा के सदृश; वर्तुल ।

globular : गेंद के आकार का (फलतः जो पूरा-पूरा गोल न हो); गोलिकाकार ।

spherical : (ठोस पदार्थ) जो देखने में प्रायः गोल होता है; गोलाकार ।

Round *see* **About.**

Rouse *see* **Stir.**

Rout *see* **Conquer.**

Rove *see* **Roam.**

Rude. Discourteous. Ill-mannered. Impolite. Uncivil.

rude : जो जान-बूझकर दूसरों की अनुभूतियों के अनुकूल आचरण न करता हो; रूखा ।

discourteous : मर्यादा के अनुकूल व्यवहार न करनेवाला; अभद्र ।

ill-mannered : जिसे व्यवहारगत सामाजिक सुविधाएँ भी दूसरों को देने का ज्ञान न हो; उजड्ड ।

impolite : सभ्य समाज की परम्पराओं के विपरीत आचरण करनेवाला; अशिष्ट ।

uncivil : सामान्य समझे जानेवाले व्यवहारों की भी उपेक्षा करनेवाला; असभ्य ।

Rugged *see* **Rough.**

Rule *see* **Govern.**

Reuminat *see* **Ponder.**

save : सुरक्षित रखना या सुरक्षित स्थिति में ले आना; बचाना।

deliver : छुटकारा देना; बन्धन आदि से छुड़ाना।

redeem : दुःख, पाप आदि से बचाना; निस्तार करना।

rescue : सामयिक सहायता देकर विपत्ति, संकट आदि से उभार लेना; उद्धार करना।

ransom : मुक्त्यर्थ धन देना।

Saying. Maxim. Motto. Proverb.

saying : अर्थपूर्ण और सारगर्भित वाक्य; उक्ति।

maxim : नियम के रूप में होनेवाला कोई प्राचीन नीतिवचन; सूक्ति।

motto : आदर्श उक्ति; आदर्शोक्ति।

proverb : व्यावहारिक उक्ति; कहावत।

Scant *see* **Meager.**

Scanty *see* **Meager.**

Scarce *see* **Rare.**

Scene *see* **View.**

Scenery *see* **View.**

Scheme *see* **Plan.**

Scholar *see* **Pupil.**

School *see* **Group.**

Scold. Berate. Revile. Upbraid. Vituperate.

scold : चिढ़ या क्रुद्ध होकर किसी को उसके दोष दिखलाते हुए उसे बुरा-भला कहना; बिगड़ना।

berate : बहुत अधिक डाँटना या बुरा-भला कहना; फटकारना।

revile : तिरस्कारपूर्वक गालियाँ देना।

upbraid : उग्र शब्दों में बुरा-भला कहना; डाँटना।

vituperate : घोर निन्दा करना और गालियाँ देना; भर्त्सना करना।

Scope *see* **Range.**

Scorn *see* **Despise.**

Scrawny *see* **Lean.**

Scrupulous *see* **Careful.**

Scrutinize *see* **Inspect.**

Seasonable *see* **Timely.**

romantic : कल्पित आदर्शों से प्रभावित होनेवाला; रोमानी ।

Separate. Divide. Sever.

separate : जुड़ी या जोड़ी हुई वस्तुओं को अलग करना; पृथक् करना ।

divide : काट या बाँटकर खण्ड-खण्ड करना; विभक्त करना ।

sever : जबरदस्ती और पूर्णतया अलग करना; विच्छिन्न करना ।

Sequence *see* **Series.**

Serene *see* **Calm.**

Series. Chain. Sequence. Succession.

series : एक ही प्रकार की चीजों का एक के बाद एक-एक करके चलनेवाला क्रम; माला ।

chain : पूर्वापर सम्बन्ध के विचार से चलनेवाला घटनाओं आदि का क्रम; लड़ी ।

sequence : सम्बन्धित बातों, घटनाओं आदि का चलनेवाला क्रम; अनुक्रम, सिलसिला ।

succession : असम्बद्ध घटनाओं का होनेवाला क्रमिक अनुगमन; ताँता ।

Sermon *see* **Speech.**

Settle *see* **Decide.**

Settlement *see* **Agreement.**

Severe. Ascetic. Austere. Stern.

severe : कड़ा, विशेषतः अनुशासन-प्रिय ।

ascetic : जो संयम द्वारा शरीर को कष्ट देता हो; योगी ।

austere : अत्यन्त संयम तथा सादे ढंग से रहनेवाला; अतिसंयमी ।

stern : दृढ़प्रतिज्ञ तथा कठोर ।

Sever *see* **Separate.**

Shake. Quake. Quiver. Shiver. Shudder. Tremble.

shake : आगे-पीछे या ऊपर-नीचे जल्दी-जल्दी होते रहना; गतियुक्त होना, हिलना ।

quake : थर्रा उठना, विशेषतः क्षुब्ध होने पर ।

quiver : ठेस, धक्के आदि से सहम उठना; लरजना ।

shiver : क्षणिक रूप से कम्पित या चलायमान होना (विशेष रूप से ठंड के कारण) ।

shudder : (आतंक, ठंड आदि के कारण) आन्दोलित होना ।

bank : नदी का ढलवाँ या उठा हुआ किनारा; तट।

beach : बालू-तट; विशेषतः समुद्र का वह किनारा जो ज्वार आने पर जलमग्न हो जाता हो।

coast : समुद्र-तट।

Short *see* **Brief.**

Show. Display. Exhibit. Expose. Flaunt.

show : देखने के लिए उपस्थित या प्रस्तुत करना; दिखाना।

display : अमूल्य या नई चीजें फैला तथा सजा-सँवारकर दिखाना।

exhibit : प्रदर्शित करना; विशेषतः, जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिए।

expose : आड़ से निकालकर दिखाना; अनावृत्त करना।

flaunt : शान या तड़क-भड़क से दिखाना।

Showy *see* **Gaudy.**

Shrewd. Astute. Perspicacious. Sagacious.

shrewd : कुशाग्र-बुद्धि; विशेषतः व्यावहारिक विषयों या रीति-नीति में निपुण।

astute : जो कुशाग्र-बुद्धि भी हो और धूर्त भी; घाघ।

perspicacious : पहले से सोच-समझ या निश्चय कर लेने में कुशल; दूरदर्शी।

sagacious : जो तुरन्त सोच-विचार करके किसी निश्चय पर पहुँच जाता हो; व्युत्पन्नमति।

Shrewd. *see* **Clever.**

Shrink *see* **Contract.**

Shrivel *see* **Wither.**

Shudder *see* **Shake.**

Shy. Bashful. Demur. Diffident. Modest.

shy : जो स्वभावतः या अनुभवहीनता के कारण दूसरे के सामने जाने या उन तक पहुँचने में हिचकता हो; लजीला, शरमीला।

bashful : लज्जालु या झेंपू; विशेषतः जिसकी असामाजिकता और भीरु-पन खटकता हो।

demur : लज्जावान; विशेषतः अपनी योग्यता का नम्रतापूर्वक प्रदर्शन करनेवाला।

hearty : हार्दिक; विशेषतः ओज, उल्लास आदि का परिचायक ।

unaffected : अकृत्रिम; विशेषतः सादगी से भरा और आडम्बररहित ।

unfeigned : सच्चा; विशेषतः सहज और सही ।

Single. Individual. Particular. Sole. Solitary. Unique.

single : जिसके साथ अथवा जिससे संलग्न और कुछ न हो; अकेला ।

individual : समूह आदि की किसी एक इकाई से सम्बन्धित; वैयक्तिक ।

particular : विशिष्ट; विशेषतः उद्दिष्ट और भिन्न ।

sole : जो किसी विशेष परिस्थिति में अपनी तरह का एक ही हो; एकमात्र ।

solitary : अलग तथा एकान्तवासी; एकाकी ।

unique : जिसकी तरह का और कोई अस्तित्व में न हो; अनन्य ।

Sinister. Baleful. Malign.

sinister : मनहूस; विशेषतः अमंगल, अपशकुन या खतरे का द्योतक ।

baleful : नाशकारी, नाशक; विशेष रूप से दुर्दशा करने या घातक सिद्ध होनेवाला ।

malign : जिसकी प्रवृत्ति दूसरों का अनिष्ट करने की हो; अनिष्टकारी ।

Skid *see* **Slide.**

Skill *see* **Art.**

Skinny *see* **Lean.**

Skirmish *see* **Battle.**

Slack *see* **Remiss.**

Slap *see* **Hit.**

Slay *see* **Kill.**

Slender *see* **Thin.**

Slide. Glide. Skid. Slip.

slide : ढाल पर से फिसलना; ढरकना ।

glide : सहज भाव से सरकना; फिसलना या थिरकना ।

skid : नियन्त्रण खोकर लड़खड़ाना या लड़खड़ाकर गिरना; रपटना ।

slip : गीली चिकनी सतह पर पैर का सहसा आगे बढ़ जाना; फिसलना ।

Slight *see* **Neglect.**

Slight *see* **Thin.**

Slim *see* **Thin.**

Soft. Bland. Gentle. Mild.

soft : कोमल, नरम; विशेषत: जिसमें कठोरता, उग्रता, खुरदरापन आदि न हो।

bland : अतीक्ष्ण, अप्रखर; विशेषत: जो चरपरा या उत्तेजक न हो।

gentle : सुखद और शान्तिदायक; सुहावना।

mild : मृदु; विशेषत: जो अपेक्षाकृत कम उग्र या खुरदरा हो।

Soiled *see* **Dirty.**

Solace *see* **Comfort.**

Sole *see* **Single.**

Solemnize *see* **Celebrate.**

Solicit *see* **Beg.**

Solicitude *see* **Care.**

Solid *see* **Firm.**

Solitary *see* **(i) Alone, (ii) Single.**

Soothe *see* **Comfort.**

Sorcery *see* **Magic.**

Sordid *see* **Base.**

Sorrow. Grief. Sadness. Woe.

sorrow : दीर्घकाल तक बना रहनेवाला क्षतिजन्य या निराशाजन्य दु:ख; ग़म।

grief : गहरा पर अल्पकालिक दु:ख जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न होने पर होता है; संताप।

sadness : हतोत्साह, वियोग आदि के फलस्वरूप होनेवाली दु:खजन्य शिथिलता; उदासी।

woe : ऐसा उग्र दु:ख जिसका शमन न हो; क्लेश।

Sorrowful *see* **Sad.**

Sound. Noise. Tone.

sound : ध्वनि, जो सुनाई पड़े।

noise : शोर; विशेषत: कर्कश-ध्वनि।

tone : सुर; विशेषत: मधुर-ध्वनि।

Sound *see* **(i) Healthy, (ii) Valid.**

Spiteful *see* **Vindictive.**

Splendid. Glorious. Gorgeous. Sublime. Superb.

splendid : अपने तेज, उज्ज्वलता, प्रतिभा आदि से प्रभावित करनेवाला; शानदार, भव्य ।

glorious : अति सुन्दर; विशेषत: यशस्कर ।

gorgeous : अलंकृत; विशेषत: भड़कीला ।

sublime : परम सुन्दर; विशेषत: अलौकिक या दिव्य ।

superb : ऊँचे दरजे का; मनोरम और चमत्कारपूर्ण ।

Splinter *see* **Break.**

Split *see* **Break.**

Spoil *see* **(i) Decay, (ii) Injure.**

Sport *see* **Play.**

Spring *see* **Rise.**

Spurious *see* **Artificial.**

Spurn *see* **Decline.**

Squabble *see* **Quarrel.**

Squeamish *see* **Dainty.**

Stand *see* **Bear.**

Standard. Criterion. Touchstone. Yardstick.

standard : किसी चीज के गुण आदि स्थिर रखने तथा उसके अच्छे-बुरे होने का निर्णय करने के लिए बनाया हुआ आधिकारिक मान; मानक ।

criterion : आलोचक की दृष्टि में वह नियम जिससे वह किसी की उपयुक्तता, उत्कृष्टता, शुद्धता आदि की परख करता हो; मापदण्ड ।

touchstone : कसौटी; विशेषत: जिससे जाना जा सके कि अमुक चीज में कितना खरापन है ।

yardstick : मान या महत्त्व नापने का सही मानदण्ड; प्रमाप ।

Stare *see* **Look.**

Start *see* **Begin.**

Startle *see* **Shock.**

Starved *see* **Hungry.**

State. Condition. Situation. Status.

lift : चुपके से या बलात् उठा ले जाना।

pilfer : छोटी-मोटी चीज़ चुराना।

Stem *see* **Rise.**

Sterile *see* **Infertile.**

Stern *see* **Severe.**

Stick. Adhere. Cling. Cohere.

stick : चिपकना; विशेषत: आसानी से अलग न होना।

adhere : जुड़ना; विशेषत: जमे या डटे रहना।

cling : लिपटना; विशेषत: प्रेमपूर्वक।

cohere : जुड़ या चिपककर एक इकाई का रूप धारण करना; सटना।

Stiff. Inelastic. Inflexible. Rigid.

stiff : कड़ा; विशेषत: जो दबाये जाने पर मुड़ता या लचकता न हो।

inelastic : विशेषत: जिसमें लोच न हो; चीमड़।

inflexible : जो नम्य न हो; अनम्य।

rigid : जिसे शिथिल या परिवर्तित न किया जा सकता हो; परिदृढ़।

Stiff. *see* **Firm.**

Still. Hushed. Noiseless. Quite. Silent.

still : जो शब्द करता हुआ या हिलता-डुलता न हो; निःशब्द, गतिहीन।

hushed : (जहाँ) शोर आदि दबा या दबाया गया हो; निस्तब्ध।

noiseless : शोर से रहित; नीरव।

quite : चुपचाप, शान्त; विशेषत: उद्वेग और क्षोभरहित।

silent : जो बोल न रहा हो या जो शायद ही बोलता हो; ख़ामोश, मौन।

Stimulate *see* **Animate.**

Stimulate *see* **Provoke.**

Stipend *see* **Wages.**

Stir. Arouse. Awaken. Rouse. Waken.

stir : झकझोरना; विशेषत: क्रियाशील या सचेष्ट बनाना।

arouse : चौकन्ना करना; विशेषत: सचेत बनाना।

awaken : उद्बुद्ध करना; विशेषत: किसी की सुप्त शक्तियों को अनुप्राणित करना।

rouse : जगाना; सचेत करना।

Stray *see* **Roam.**

Strength. Energy. Force. Might. Potency. Power.

strength : वह सहज सामर्थ्य जिससे दूसरे को वश में किया जाता है; बल, ताक़त।

energy : ऊर्जा; विशेषत: अन्तर्निहित या गुप्त शक्ति।

force : बल; विशेषत: गति उत्पन्न करने या विरोध को जीतने के लिए प्रयुक्त होनेवाला बल।

might : अत्यधिक तथा दुर्दम्य बल या शक्ति; पराक्रम।

potency : अन्त:शक्ति; विशेषत: जो किसी बात की सिद्धि करती है।

power : शक्ति; विशेषत: ऐसी योग्यता जो क्रियात्मक रूप में अपना प्रभाव दिखाती हो।

Strenuous *see* **Active.**

Strict. Rigid. Rigorous. Stringent.

strict : नियम, मान्यता आदि के ठीक अनुरूप होने या आचरण करने-वाला; पाबन्द, नियमनिष्ठ।

rigid : अत्यन्त कठोर तथा अपरिवर्तनशील; परिदृढ़।

rigorous : कठोर और कठिनाइयों-भरा; सख़्त।

stringent : कठोर और बन्धन लगानेवाला; आबद्धकारी।

Strife *see* **Discord.**

Strike *see* **Hit.**

Striking *see* **Noticeable.**

Stringent *see* **Strict.**

Strip. Bare. Denude. Divest.

strip : वस्त्र खींच या फाड़कर नंगा कर देना; निर्वस्त्र करना।

bare : आवरण से रहित करना; विशेषत: जिससे कोई चीज़ ढँकी न रहे।

denude : नंगा करके खुला छोड़ देना।

divest : धारण की हुई चीज़ से वियुक्त करना।

Strive *see* **Try.**

Strong. Stout. Sturdy. Tough.

strong : बलवान, ताक़तवर; विशेषत: वशीभूत, पराजित या नष्ट न होनेवाला।

stout : तगड़ा; विशेषत: निर्भीक और दृढ़-निश्चयी।

Subject. Text. Theme.

subject : वह सामग्री जिसके सम्बन्ध में विचार या विवेचन किया जाए; विषय।

text : किसी मूल ग्रन्थ का अवतरण; पाठ।

theme : साहित्यिक या कला की दृष्टि से विकसित किया हुआ विषय या तत्त्व; विषय-वस्तु।

Subjugate *see* **Conquer.**

Sublime *see* **Splendid.**

Succeed. Flourish. Prosper. Thrive.

succeed : किसी कार्य या उद्देश्य में सफलता प्राप्त करना; सफल होना।

flourish : पूर्ण शक्ति से विकसित होना; समृद्ध होना।

prosper : फलना-फूलना; पनपना।

thrive : बराबर समृद्ध होते चलना; समृद्धिशील होना।

Succeed *see* **Follow.**

Succession *see* **Series.**

Succinct *see* **Concise.**

Succour *see* **Help.**

Succumb *see* **Yield.**

Sudden. Abrupt. Impetuous. Precipitate.

sudden : बहुत तेजी से तथा अप्रत्याशित रूप से होनेवाला; आकस्मिक।

abrupt : सहसा तथा बिना पूर्व-सूचना के होनेवाला; एकाएक।

impetuous : जल्दबाज और व्यग्र; प्रचंड।

precipitate : उतावली-भरा और अयुक्तिशील; अंधाधुन्ध।

Sue *see* **Appeal.**

Suffer *see* **Bear.**

Suffering *see* **Distress.**

Sufficient. Adequate. Competent. Enough.

sufficient : आवश्यकतानुरूप मात्रा में होनेवाला; पर्याप्त।

adequate : अवसर, आवश्यकता के उपयुक्त या योग्य; समुचित।

competent : सक्षम, समर्थ।

enough : जिसमे आवश्यकता की पूर्ति सहज में हो जाय; काफ़ी।

Suggest. Hint. Imply. Insinuate. Intimate.

peak : आस-पास की चोटियों या विन्दुओं में से सबसे ऊँची चोटी या विन्दु; शृंग ।

pinnacle : ऐसी चोटी जिसका रास्ता अनियमित और घुमावदार हो ।

Summon *see* **Call.**

Superb *see* **Splendid.**

Supercilious *see* **Proud.**

Superficial. Shallow.

superficial : जिसमें गम्भीरता, महत्त्व आदि न हो; थोथा, सतही ।

shallow : जिसमें चारित्रिक या ज्ञान सम्बन्धी गम्भीरता न हो; छिछला ।

Supersede *see* **Replace.**

Supplant *see* **Replace.**

Supple *see* **Elastic.**

Supplicate *see* **Appeal.**

Supporter *see* **Follower.**

Sure. Certain. Confident. Positive.

sure : संशयरहित; असंशय ।

certain : जिसने अपनी धारणा किसी विशिष्ट आधार या साक्ष्य पर बनाई हो; निश्चित ।

confident : जिसे अपने ऊपर या अपने निश्चय पर पूर्ण विश्वास हो; दृढ़विश्वास; दृढनिश्चय; विश्वस्त ।

positive : दृढ़विश्वासी और कट्टर; सुनिश्चित ।

Surly *see* **Sullen.**

Surmise *see* **Guess.**

Surprise. Amaze. Astonish. Astound.

surprise : किसी अप्रत्याशित या असाधारण बात से चकित होना; आश्चर्यचकित होना ।

amaze : इस प्रकार चकित होना कि दिमाग चक्कर खाने लगे; चकराना ।

astonish : किसी बात पर इतना अधिक चकित होना कि उस पर विश्वास ही न होता हो; विस्मित होना ।

astound : इस प्रकार चकित होना कि कोई चीज स्वयं अपने को असाध्य प्रतीत होने लगे; भौंचक्का होना ।

grasp : जान और समझ लेना ।

seize : सहसा और बलात् ले लेना; अधिकृत करना, पकड़ लेना ।

snatch : बलात् छीन लेना; झपट्टा मारना ।

Take *see* **Receive.**

Tale *see* **Story.**

Talent. Aptitude. Faculty. Genius. Knack.

talent : ऐसी नैसर्गिक योग्यता जिससे कोई विशेष प्रयोजन सिद्ध न होता हो; प्रतिभा ।

aptitude : ऐसी योग्यता जिसके फलस्वरूप किसी विशेष कार्य में रुझान हो; अभिवृत्ति ।

faculty : ऐसी अर्जित या नैसर्गिक मानसिक शक्ति जिससे काम सरलतापूर्वक होते हैं; मनःशक्ति ।

genius : (रचनात्मक और जन्मजात) प्रतिभा ।

knack : ऐसी अर्जित मानसिक शक्ति जिससे कोई काम कुशलतापूर्वक किया जाता हो; तत्परता ।

Talk *see* **Speech.**

Talkative. Garrulous. Loquacious.

talkative : जो रुचिपूर्वक बातें करने में लगा रहता हो; बातूनी ।

garrulous : जिसकी बातें खत्म ही न होती हों; बकवादी ।

loquacious : गप्पें हाँकने में मस्त; गप्पी ।

Tall *see* **High.**

Tangible *see* **Perceptible.**

Tardy. Late. Overdue.

tardy : नियत या अभिदिष्ट समय पर न आने या न होनेवाला; विलम्बित ।

late : उचित या उपयुक्त समय पर न आने या न होनेवाला; लेट, समयोत्तर ।

overdue : जिसके होने का समय निकल या बीत चुका हो; कालातीत ।

Tarry *see* **Stay.**

Tart *see* **Sour.**

Taunt *see* **Ridicule.**

Tawdry *see* **Gaudy.**

provisional : जो स्थायी व्यवस्था होने तक के समय के लिए स्थापित किया गया हो; अनन्तिम ।

Tenacity *see* **Perseverance.**

Tendency. Current. Drift. Trend.

tendency : आदत के कारण कोई काम किसी विशेष ढंग से करने की इच्छा-शक्ति; प्रवृत्ति ।

current : ऐसी प्रवृत्ति जो निश्चित उद्देश्यपूर्ण होती है, पर समय पर बदल भी जाती है; धारा ।

drift : ऐसी प्रवृत्ति जिसमें सभी लोग बहते चले जाएँ; प्रवाह ।

trend : ऐसी प्रवृत्ति जो निश्चित उद्देश्य से हीन होती है और धीरे-धीरे बदलती या परिवर्तित होती चलती है; प्रवणता ।

Tender. Compassionate. Sympathetic. Warm.

tender : जो दूसरों पर दया करता और उनके लिए चिन्तित रहता हो; दयार्द्र ।

compassionate : जो सहज में द्रवित हो जाता हो; दयालु ।

sympathetic : दूसरों का दुःख बाँट लेनेवाला; सहानुभूतिक, सहानुभूतिपूर्ण ।

warm : स्नेह तथा उदारतापूर्ण; हार्दिक ।

Tender *see* **Offer.**

Tent *see* **Doctrine.**

Terminal *see* **Last.**

Terminate *see* **Close.**

Terrified *see* **Afraid.**

Terror *see* **Fear.**

Terse *see* **Concise.**

Test *see* **Trial.**

Testimony *see* **Proof.**

Text *see* **Subject.**

Thaw *see* **Melt.**

Theme *see* **Subject.**

Thin. Lean. Slender. Slight. Slim.

thin : पतला या महीन ।

provident : भावी आवश्यकताओं के लिए धन बचाकर रखनेवाला; अग्र-सोची ।

sparing : जो नाम मात्र के व्यय से और कष्ट सहते हुए गुज़ारा कर रहा हो; सूम ।

Thrive *see* **Succeed.**

Throng *see* **Crowd.**

Throw *see* **Toss.**

Tidy *see* **Neat.**

Tie. Attach. Bind. Fasten.

tie : एक चीज को दूसरी चीज के साथ रस्सी आदि से खींचकर बाँधना; कसना ।

attach : दो चीज़ों को संयुक्त रखने के लिए साथ-साथ रखना या लगाना; जोड़ना ।

bind : दो या अधिक चीजों को एक साथ कसना; बाँधना ।

fasten : दृढ़तापूर्वक एक चीज़ को दूसरी चीज़ के साथ जोड़ना; जड़ना ।

Timely. Opportune. Seasonable.

timely : उपयुक्त समय पर होनेवाला; सामयिक ।

opportune : किसी अवसर के उपयुक्त; अवसरोपयुक्त ।

seasonable : अपने मौसम में होनेवाला; मौसमी ।

Timid *see* **Afraid.**

Timorous *see* **Afraid.**

Tiny *see* **Small.**

Tired. Exhausted. Fagged. Fatigued. Weary.

tired : थका हुआ ।

exhausted : जो इतना अधिक थक गया हो कि उसका दम फूलने लगा हो ।

fagged : घोर परिश्रम के कारण जो शिथिल-प्राय हो गया हो; मुरदा-सा ।

fatigued : जो दिन-रात परिश्रम करता रहा हो तथा नींद, खाने-पीने की परवाह न करने के कारण शिथिल हो गया हो; थका-माँदा ।

weary : थका हुआ और काम से उकताया हुआ ।

Titter *see* **Laugh.**

Transient. Ephemeral. Momentary. Transitory

transient : छोटे जीवनवाला; अल्पकालिक ।

ephemeral : एक दिन के जीवनवाला; एकदिवसीय ।

momentary : क्षण-भर के जीवनवाला; क्षणिक ।

transitory : जो प्रक़ृतिशः नश्वर हो; अनित्य ।

Transitory *see* **Transient.**

Translation. Paraphrase. Transliteration. Version.

translation : एक भाषा से दूसरी भाषा में होनेवाला उल्था; अनुवाद ।

paraphrase : कोई स्वतन्त्र अनुवाद; रूपान्तर ।

transliteration : लिप्यन्तर करने की क्रिया; लिप्यन्तरण ।

version : किसी विशिष्ट व्यक्ति का किया हुआ अनुवाद ।

Transliteration *see* **Translation.**

Transmit *see* **Carry.**

Transport *see* **(i) Banish, (ii) Carry.**

Transpose *see* **Reverse.**

Treasure *see* **Appreciate.**

Tremble *see* **Shake.**

Tremendous *see* **Enormous**

Trend *see* **Tendency.**

Trespass. Encroach. Infringe. Intrude. Invade.

trespass : बलात् या अवैध रूप से दबा लेना; अतिचार करना ।

encroach : धीरे-धीरे या छिपे-छिपे दबा लेना; अतिक्रमण करना ।

infringe : कानून या सन्धि का उल्लंघन करते हुए किसी की चीज पर अधिकार करना; अतिलंघन करना ।

intrude : बिना आज्ञा के किसी के अधिक्षेत्र में प्रवेश करना ।

invade : प्रतिरोध करते हुए अनधिकार प्रवेश करना; चढ़ाई करना ।

Trial. Experiment. Test.

trial : किसी का अथवा उसके गुण या कार्य का स्वरूप जानने के लिए परखने की क्रिया या भाव; आज़माइश । (विधिक क्षेत्र में: विचारणा) ।

experiment : कोई नई बात जानने के लिए की जानेवाली क्रिया या प्रदर्शन; प्रयोग ।

test : किसी के मान्य स्तर के योग्य होने की समर्थता जानने के लिए

real : जो जैसा प्रतीत होता हो वस्तुतः वैसा ही होनेवाला; यथार्थ ।

Trust *see* **Belief.**

Truth. Veracity. Verisimilitude. Verity.

truth : सत्य होने की अवस्था या भाव; सत्यता ।

Veracity : सच्चाई; सत्यशीलता ।

verisimilitude : सत्य प्रतीत होने का आभास या संभावना; सत्याभास ।

verity : वस्तुओं का तथ्यों या वास्तविकता के अनुरूप होना; यथार्थता ।

Trustworthy *see* **Reliable.**

Trusty *see* **Reliable.**

Try. Attempt. Endeavour. Essay. Strive. Struggle.

try : किसी काम में अपनी शक्ति लगाना; चेष्टा करना, कोशिश करना ।

attempt : ऐसा प्रयत्न जो विफल हुआ हो ।

endeavour : कष्टों को झेलते हुए तथा परिश्रमपूर्वक काम करते चलना; उद्योग करना ।

essay : कोई कार्य आरम्भ करना; हाथ डालना ।

strive : जी तोड़कर मेहनत या परिश्रम करना ।

struggle : सुविधा या मुक्ति पाने के लिए उग्रता तथा हिंसापूर्वक प्रयत्न करना; संघर्ष करना ।

Tug *see* **Pull.**

Turgid *see* **Bombastic.**

Turn *see* **Curve.**

Twist *see* **Curve.**

Typical *see* **Normal.**

Unaffected *see* **Sincere.**

Unbecoming *see* **Improper.**

Unbeliever *see* **Atheist.**

Uncivil *see* **Rude.**

Uncommon *see* **Rare.**

Uneducated *see* **Ignorant.**

Uneven *see* **Rough.**

Unfeigned *see* **Sincere.**

Unfruitful *see* **Infertile.**

customary : सामान्य रीति के अनुसार होनेवाला; रीतिगत।

habitual : स्वभाव के अनुसार होनेवाला; यथास्वभाव।

Usual *see* **Normal.**

Utilize *see* **Use.**

Utter. Broach. Enunciate. Express. Voice.

utter : कहना, कथन करना, उच्चरित करना।

broach : विवाद आरम्भ करना।

enunciate : प्रस्तुत या प्रतिपादित करना।

express : प्रकट या स्पष्ट करना; व्यक्त करना।

voice : आपत्ति या विरोध प्रदर्शित करना; आवाज़ उठाना।

Vacant *see* **Empty.**

Vacuous *see* **Empty.**

Vagabond *see* **Vagrant.**

Vagary *see* **Caprice.**

Vagrant. Tramp. Vagabond.

vagrant : विना उद्देश्य घूमने तथा जनसाधारण के लिए कंटक बननेवाला; आवारागर्द।

tramp : (क) मारा-मारा फिरनेवाला, दर-दर की ठोकरें खानेवाला।
(ख) कभी यहाँ और कभी वहाँ रहनेवाला; खानावदोश।

vagabond : स्वेच्छापूर्वक घूमता रहनेवाला; सैलानी, घुमंता।

Vague *see* **Obscure.**

Vain. Empty. Hollow. Idle.

vain : जिसका कुछ अर्थ, मान या महत्त्व न हो; निरर्थक।

empty : जो केवल ऊपर-ऊपर से ही सारवान प्रतीत हो; (वस्तुतः) सारहीन।

hollow : जिसके अन्दर कुछ न हो; खोखला।

idle : वे-सिर-पैर का; निकम्मा।

Vain *see* **Futile.**

Vainglory *see* **Pride.**

Valiant *see* **Brave.**

Valid. Cogent. Convincing. Sound. Telling.

plumb : साहुल द्वारा जाँचा हुआ; सीधा ।

Vestige *see* **Trace.**

Vex *see* **Annoy.**

Vice *see* **Fault.**

Vicious. Iniquitous. Nefarious.

vicious : भ्रष्ट, दूषित या पाप-भरा; अनैतिक ।

iniquitous : अनैतिक तथा अधार्मिक; दुराचारपूर्ण ।

nefarious : जघन्य और निन्द्य; भ्रष्ट ।

Victory. Conquest. Triumph.

victory : प्रतिरोध, संघर्ष आदि में होनेवाली सफलता; जीत ।

conquest : ऐसी जीत जिसमे दूसरे को अपनी अधीनता में लाया गया हो; विजय ।

triumph : ऐसी जीत या सफलता जो आनन्दविभोर करनेवाली हो; जय ।

View. Prospect. Scene. Scenery.

view : वह घटना, स्थल या पदार्थ जो दृष्टि-क्षेत्र के अन्तर्गत हो; दृश्य ।

prospect : किसी विशेष कोण या विन्दु से दिखाई पड़नेवाला दृश्य; परिदृश्य ।

scene : दृश्य; विशेषत: रंगमंचीय दृश्य ।

scenery : कोई प्राकृतिक या अंकित दृश्य या दृश्यावली; सीनरी ।

View *see* **See.**

Vigilant *see* **Watchful.**

Vigorous *see* **Active.**

Vile *see* **Base.**

Vindicate *see* **Pardon.**

Vindictive. Revengeful. Spiteful. Vengeful.

vindictive : बदले की भावना से युक्त; प्रतिशोधी ।

revengeful : जिसमें बदला लेने की उग्र भावना सदा जागरूक रहती हो; हिंसा-परायण, प्रतिशोध-परायण ।

spiteful : प्रतिशोध तथा द्वेष की भावना से भरा हुआ ।

vengeful : प्रतिहिंसा-परायण ।

Virile *see* **Male.**

stipend : नियमित रूप से मिलनेवाले वेतन, भत्ते, पेन्शन आदि का सूचक आदरपूर्ण शब्द; वज़ीफा, वृत्तिका ।

Wail *see* **Cry.**

Wait *see* **Stay.**

Waken *see* **Stir.**

Want *see* **Lack.**

Warlike *see* **Martial.**

Warm *see* **Tender.**

Warn *see* **Advise.**

Wary *see* **Careful.**

Waste. Badlands. Desert. Wilderness.

waste : परती भूमि; ऊसर ।

badlands : पहाड़ी ऊसर प्रदेश ।

desert : मरुभूमि, रेगिस्तान ।

wilderness : ऐसा निर्जन प्रदेश जहाँ कोई रास्ता भी न सूझता हो; वीरान ।

Watchful. Vigilant. Wide-awake.

watchful : जो देख-रेख कर रहा हो; चौकस ।

vigilant : जो अपने कर्तव्य के निर्वाह के लिए सक्रिय और सचेत हो; जागरूक ।

wide-awake : जो बाहरी परिस्थितियों के प्रति सावधान हो; सजग ।

Wave. Breaker. Ripple. Roller.

wave : लहर, तरंग ।

breaker : भीषण समुद्री लहर ।

ripple : अत्यन्त छोटी लहर; लहरी ।

roller : उत्ताल तरंग; हिलोर ।

Way *see* **Method.**

Weakness *see* **Fault.**

Wealthy *see* **Rich.**

Weary *see* **Tired.**

Wedding *see* **Marriage.**

Wedlock *see* **Marriage.**

पूर्वक व्यवहार करता तथा उन्हें परख लेता हो; बुद्धिमान ।

judicious : न्यायपूर्वक निर्णय करनेवाला; न्यायशील ।

prudent : व्यवहारकुशल और दूरदर्शी; विवेकशील ।

sage : दार्शनिक विचारों के मनन-अनुशीलन से जिसकी बुद्धि परिपक्व हो गई हो; ज्ञानी ।

Wit. Humour. Repartee.

wit : किसी बे-मेल बात का क्षिप्रतापूर्वक और कटाक्ष-भरा उत्तर देने की वृत्ति; परिहासशीलता ।

humour : हँसाकर आनन्दित करने की वृत्ति; विनोदशीलता ।

repartee : किसी के व्यंग्य का तुरन्त तथा मार्मिक उत्तर देने की वृत्ति; हाज़िरजवाबी ।

Witchcraft *see* **Magic.**

Wither. Shrivel. Wizen.

wither : कान्ति या हरापन जाते रहना; कुम्हलाना ।

shrivel : अधिक गर्मी के कारण सूखना; मुरझाना ।

wizen : बुढ़ापे के कारण झुर्रियों से युक्त होना; झुराना ।

Withhold *see* **Keep.**

Withstand *see* **Oppose.**

Witty. Humorous. Jocose. Jocular.

witty : चुटीली बातों से हँसानेवाला; परिहासशील ।

humorous : विनोदपूर्ण स्वभाववाला; विनोदी ।

jocose : व्यंग्यपूर्ण परिहास करनेवाला; मज़ाकिया, मसखरा ।

jocular : हँसने-हँसाने की प्रवृत्तिवाला; हँसोड़ ।

Wizardry *see* **Magic.**

Wizen *see* **Wither.**

Woe *see* **Sorrow.**

Woman. Female. Lady.

woman : स्त्री, औरत; विशेषतः वयस्क स्त्री ।

female : तिरिया (स्त्री के लिए प्रयुक्त उपेक्षासूचक शब्द) ।

lady : महिला (स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द) ।

Womanish *see* **Female.**

Womanly *see* **Female.**

दो शब्द

अंग्रेजी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसका शब्द-भण्डार अत्यन्त समृद्ध है और उसके हर शब्द का निश्चित तथा बँधा हुआ अर्थ है। अंग्रेजी का हर जागरूक लेखक शब्दों का प्रयोग उनके निश्चित और बँधे हुए अर्थ को ध्यान में रखकर करता है। जिन शब्दों के अर्थों में बहुत-कुछ समानता होती है या जो ऊपरी दृष्टि से एक-से अर्थ वाले प्रतीत होते हैं, वस्तुतः उनमें भी परस्पर कुछ-न-कुछ सूक्ष्म अन्तर होते ही हैं। और ये वे अन्तर हैं जिनसे भाषा प्रभावशाली, मनोहारी और हृदयस्पर्शी बनती है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि हिन्दी-लेखन में शब्दों का प्रयोग प्रायः तौल और सोच-विचारकर नहीं किया जाता। आज जब हम अंग्रेजी के प्रभाव से मुक्त होने के लिए प्रयत्नशील हैं तब भी हमें उसके भाषिक वैभव को भूलना नहीं चाहिए और उससे प्रेरणा प्राप्त कर हिन्दी का भाषिक वैभव भी उन्नत करने के लिए कृत-संकल्प होना चाहिए।

अंग्रेजी-हिन्दी कोशों की परम्परा में यह प्रयास कुछ नयापन लिये हुए है। मैंने अपने इस प्रयास द्वारा यह चेष्टा की है कि हिन्दी शब्दों को भी, प्रकारान्तर से ही सही, अर्थ-निश्चितता प्राप्त हो। ऐसे लेखकों के लिए, जो अनुवाद-कार्य में संलग्न हैं या जो अंग्रेजी में सोचते हैं और हिन्दी में लिखते हैं, यह कोश निश्चय ही उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसा मुझे विश्वास है।

वाराणसी

—बदरीनाथ कपूर

अंग्रेजी-हिन्दी
पर्यायवाची कोश

Abandon. Desert. Forsake. Quit. Relinquish.

abandon : पूर्णतया या सदा के लिए छोड़ देना; त्याग देना।

desert : उत्तरदायित्व, कर्तव्य आदि से बचने के लिए दूर होना या भागना; छोड़ भागना।

forsake : किसी प्रिय व्यक्ति या चीज़ से सम्बन्ध-विच्छेद करना; परित्याग करना।

quit : स्थान या निवास छोड़कर चल देना या हट जाना; स्थान छोड़ना, खाली करना।

relinquish : आवश्यकता या विवशता के कारण कोई इष्ट या प्रिय चीज़ छोड़ देना; उत्सर्ग करना।

Abase *see* **Degrade.**

Abdicate. Abnegate. Renounce. Resign.

abdicate : (राजा का) औपचारिक रूप से तथा नियमानुसार राजगद्दी से हटना; गद्दी छोड़ना।

abnegate : अधिकार, कब्ज़ा आदि छोड़ देना या उससे इन्कार कर जाना।

renounce : उदासीन होकर पद, सम्बन्ध आदि छोड़ देना; संन्यास लेना।

resign : जान-बूझकर तथा औपचारिक रूप से सूचना देकर पद-त्याग करना; इस्तीफ़ा देना।

Abduction. Kidnapping.

abduction : किसी लड़की को ज़बरदस्ती अथवा उसकी मर्ज़ी से उसका विवाह कराने या उसे दूषित करने के उद्देश्य से भगा ले जाना; अपहरण।

kidnapping : बलात् या धोखे से किसी को भगा ले जाना और उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध रोके या अपने कब्ज़े में रखे रखना; हरण

Abhore *see* **Hate.**

Abject *see* **Base.**

Able. Capable. Competent. Qualified.

able : जिसमें कोई काम करने की योग्यता या शक्ति हो; योग्य ।

capable : जो कार्यकुशल, उद्योगी तथा बहुमुखी हो; समर्थ ।

competent : किसी विशिष्ट काम का सम्पादन अच्छी तरह कर सकने वाला; सक्षम ।

qualified : जिसने विशेष स्तर तक शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त किया हो; योग्यता-प्राप्त; अर्हता-प्राप्त ।

[Ability योग्यता; Capability समर्थता; Competence सक्षमता; Qualification अर्हता]

Abnegate *see* **Abdicate.**

Abnormal *see* **Irregular.**

Abolish. Abrogate. Cancel. Annul. Repeal. Revoke.

abolish : प्रथा, स्थिति, संस्था आदि का सदा के लिए अन्त करना; उन्मूलन करना ।

abrogate : शासक या शासक-निकाय द्वारा रद्द किया जाना; निराकरण करना ।

cancel : (समझौते, ठहराव, लेख आदि के सम्बन्ध में) रद्द करना; निरसन करना ।

annul : (सामान्य रूप से प्रयुक्त) रद्द करना ।

repeal : संसद या विधानमण्डल द्वारा पहले के बने हुए किसी क़ानून या उसकी धारा को रद्द किया जाना; निरसन करना ।

revoke : किसी को दिया हुआ विशेषाधिकार वापस लेना या रद्द करना; प्रतिसंहरण करना ।

[Abolition उन्मूलन; Abrogation निराकरण; Cancellation निरसन । Abolished उन्मूलित; Abrogated निराकृत; Cancelled रद्द; Repealed निरस्त; Revoked प्रतिसंहृत ।]

Aboriginal *see* **Native.**

Abortion. Miscarriage.

abortion : चार महीने के कम के गर्भ के गिरने, विशेषत: जान-बूझकर कृत्रिम उपायों से गिरा दिये जाने की अवस्था, क्रिया या भाव; गर्भपात ।

miscarriage : चार महीने से अधिक के गर्भ का गिरना; गर्भस्राव ।

About. Around. Round.

about : चारों ओर; विशेषतः किसी बिन्दु या केन्द्र के चारों ओर ।

around : चारों ओर; विशेषतः मण्डलाकार मार्ग में अथवा प्रत्येक दिशा में ।

round : चारों ओर; विशेषतः परिक्रमा लगाते हुए अथवा पूरे क्षेत्र में ।

Abridgement. Abstract. Brief. Digest. Summary. Synopsis.

abridgement : पुस्तक, लेख आदि का ऐसा संक्षिप्त रूप जिसमें से उसके कम महत्त्वपूर्ण अंश निकाल दिये गए हों; संक्षेप ।

abstract : प्रबन्ध, पुस्तक आदि का ऐसा संक्षिप्त रूप जिसमें उसके आवश्यक प्रसंगों का उल्लेख हो; सार ।

brief : किसी विचारार्थ विषय के मुख्य स्थलों के सम्बन्ध में दिया जाने वाला वक्तव्य; खुलासा ।

digest : संक्षिप्त परन्तु अपेक्षाकृत अधिक व्यापक तथा क्रमबद्ध वक्तव्य; सार-संग्रह ।

summary : आवृत्ति करने के लिए होने वाला पुनर्कथन; सारांश ।

synopsis : ऐसा संक्षिप्त कथानक जिससे किसी पुस्तक आदि की पूरी विषय-वस्तु का भान हो जाय; कथा-सार ।

Abrogate *see* **Abolish.**

Abrupt *see* **Sudden.**

Absentminded. Distraught. Distrait. Inattentive.

absentminded : जिसका मन प्रस्तुत विषय या बात से हटकर इधर-उधर भटक रहा हो; खोया-खोया ।

distraught : दुःख, शोक आदि के कारण जिसका मन उद्विग्न हो; उन्मन ।

distrait : जिसका ध्यान किसी चीज में न लगता हो; अस्थिर-चित्त ।

inattentive : अनुशासन आदि के अभाव के कारण जो सावधानी न बरतता हो; अनवधान ।

Absolve *see* **Pardon.**

Absorbed. Abstracted.

absorbed : जिसका ध्यान किसी एक या विशेष बात में पूर्ण रूप से लगा हो; लीन, मग्न ।

abstracted : जिसका मन किसी वर्तमान बात से हटकर किसी पुरानी बात में खोया या लगा हुआ हो; अन्यमनस्क ।

Abstract *see* **Abridgement.**

Abstracted *see* **Absorbed.**

Abstain *see* **Refrain.**

Abuse. Misuse.

abuse : (किसी चीज का) उद्दिष्ट रीति या रूप से भिन्न रीति या रूप से प्रयोग करना; दुरुपयोग करना ।

misuse : (किसी चीज़ को) अनुचित काम में लाना या (उसका) ग़लत प्रयोग करना; दुष्प्रयोग करना ।

Absurd. Foolish. Ludicrous. Preposterous. Ridiculous. Silly.

absurd : असंगत, अतर्कपूर्ण तथा हास्यास्पद; बेतुका ।

foolish : औरों की बुद्धि में जो बुद्धिमत्तापूर्ण या विवेकपूर्ण न हो; मूर्खतापूर्ण ।

ludicrous : अप्रासंगिक तथा कुरुचिपूर्ण होने के कारण हास्यास्पद; भद्दा ।

preposterous : जिसके भद्देपन पर सब लोग खुलेआम हँसते हों; भोंडा ।

ridiculous : अयुक्ति तथा मूर्खतापूर्ण; हास्यास्पद ।

silly : नासमझी-भरा ।

Abundant *see* **Plentiful.**

Accede *see* **Constant.**

Accept *see* **Receive.**

Accident. Casualty. Mishap.

accident : ऐसी आकस्मिक घटना जिसमें थोड़ी या अधिक चोट लगती हो या नुक़सान होता हो; दुर्घटना ।

casualty : ऐसी घटना जिसमें किसी व्यक्ति की मृत्यु होती हो अथवा उसे बहुत बड़ी चोट लगती हो; अनिष्टपात ।

mishap : छोटी-मोटी दुर्घटना; विपत्ति ।

Accidental. Casual. Fortuitous.

accidental : बीच में यों ही आप-से-आप हो जाने वाला; आकस्मिक ।

casual : अप्रत्याशित और अकल्पित रूप से होने वाला; विशेषतः जिससे कोई अड़चन या बाधा खड़ी होती हो; आकस्मिक ।

fortuitous : इस प्रकार संयोग से हो जाने वाला कि जिसका कोई कारण न दिखायी देता हो; एकाएकी ।

Acclaim *see* **Praise.**

Accommodate *see* **(i) Adapt, (ii) Contain.**

Accompany. Attend. Chaperon. Convoy. Escort.

accompany : किसी का साथ देना अथवा उसके साथ-साथ चलना ।

attend : सेवा के लिए किसी के साथ रहना या चलना ।

chaperon : कन्या या स्त्री के साथ उसके अभिभावक के रूप में साथ जाना ।

convoy : (जल में) रक्षार्थ किसी के साथ जाना ।

escort : (आकाश या स्थल में) रक्षार्थ किसी के साथ जाना ।

Accomplice *see* **Associate.**

Accomplish *see* **Do.**

Accord *see* **Agreement.**

Accountable *see* **Responsible.**

Accredit *see* **Authorize.**

Accurate *see* **Correct.**

Accuse, Arraign. Charge. Impeach. Indict.

accuse : किसी पर व्यक्तिशः दोषारोप करना ।

arraign : अभियुक्त को न्यायालय में बुलाकर उस पर लगाये हुए आरोप उसे सुनाना ।

charge : नियमित और विधिक रूप से किसी पर लगाये हुए आरोप उसे बताना या सुनाना ।

impeach : किसी सार्वजनिक कार्यकर्त्ता पर अनाचार सम्बन्धी आरोप लगाना ।

indict : साक्ष्य के आधार पर ज्यूरी का आरोप लगाना ।

Accustomed *see* **Usual.**

Achieve *see* **(i) Gain, (ii) Do.**

Acid *see* **Sour.**

Acknowledge. Admit. Avow. Confess. Own.

acknowledge : यह कहना या मान लेना कि अमुक विषय की जानकारी हमें है अथवा प्राप्त हो गई है ।

admit : ऐसी बात मान लेना जो छिपाई गयी हो या छिपी रह सकती हो।

avow : खुलेआम स्वीकार कर लेना।

confess : औपचारिक रूप से अपराव या दोप स्वीकार कर लेना; इक़-
वाल करना।

own : अपने ऊपर कोई बात ओढ़ लेना या ले लेना।

Acme *see* **Summit.**

Acquire *see* **Get.**

Acquisitive *see* **Greedy.**

Acquit *see* **Behave.**

Act. Action. Deed.

act, action और deed तीनों के लिए हिन्दी में 'कार्य' का प्रयोग होता है। action में कार्य की प्रक्रिया की विवक्षा मुख्य है जबकि act और deed में कार्य के फल की विवक्षा प्रधान है। act की अपेक्षा deed में महत्त्व तथा गुरुता का भाव अधिक प्रबल है। इनके लिए अलग-अलग जो तदर्थी उपयुक्त प्रतीत होते हैं वे हैं—

act : क्रिया, कार्य।

action : कार्यवाही।

deed : करनी।

Act. Behave. Function. Operate. React. Work.

act : करना; विशेपत: क्रिया, प्रक्रिया, अनुकरण सम्पादन आदि करना।

behave : व्यवहार या वर्ताव करना; विशेपत: औचित्य-अनौचित्य के
विचार से।

function : पद आदि के नाते उद्दिष्ट तथा आवश्यक कर्तव्य का पालन
करना; कर्तव्य-पालन करना।

operate : कुशलतापूर्वक चलाना; परिचालित करना।

react : अनुक्रिया या प्रतिक्रिया करना; विशेपत: जवाव में।

work : कार्य करना; विशेपत: प्रभावपूर्वक कार्य करना।

Acting *see* **Temporary.**

Action *see* **Act.**

Active. Brisk. Energetic. Strenuous.

active : जो किसी क्रिया में लगा हुआ हो; सक्रिय।

brisk : जिसमें स्फूर्ति तथा सजीवता हो; स्फूर्तियुक्त।

energetic : दत्तचित्त होकर प्रयास या परिश्रम करने वाला; ऊर्जस्वी, ऊर्जापूर्ण ।

strenuous : जिसमें स्वाभाविक रूप से कठोर परिश्रम करने की प्रवृत्ति या शक्ति हो; कर्मठ, कर्मण्य ।

Actual *see* **True.**

Acute. Critical. Crucial.

acute : उग्रता में चरम अवस्था की ओर पहुँचता हुआ; विकट, उग्र ।

critical : जो हेस-नेस की स्थिति पर आ पहुँचा हो; नाजुक, क्रान्तिक ।

crucial : जो उग्रता में निर्णायक स्थिति की ओर बढ़ रहा हो या बढ़ आया हो; उत्कट, निर्णायक ।

Acute *see* **Sharp.**

Adapt. Accommodate. Adjust. Conform.

adapt : नई परिस्थिति के अनुकूल अपने को बना लेना; अनुकूल बनाना ।

accommodate : थोडी-बहुत गुंजाइश करके निर्वाह कर लेना; समायोजन करना ।

adjust : सुधार, परिवर्तन करते हुए अनुकूल बनाना; समंजन करना ।

conform : किसी आदर्श, सिद्धान्त के अनुरूप अपने को ढालना; अनुरूप करना ।

[adaptation अनुकूलन; accommodation समायोजन; adjustment समंजन; conformity अनुरूपता ।]

Address *see* **Speech.**

Adequate *see* **Sufficient.**

Adhere *see* **Stick.**

Adherent *see* **Follower.**

Ad interim *see* **Temporary.**

Adjacent. Adjoining. Contiguous. Neighbouring.

adjacent : जिनमें उसी तरह की और कोई चीज बीच में न हो; निकटस्थ, निकटवर्ती ।

adjoining : साथ लगा या छूता हुआ; संलग्न ।

contiguous : जिसकी सीमा दूसरे की सीमा से मिलती हो; सटा हुआ, सन्निहित ।

neighbouring : पड़ोस का; पड़ोसी ।

Adjoining *see* **Adjacent.**

Adjourn. Dissolve. Postpone. Prorogue. Suspend.

adjourn : कार्यवाही आदि किसी और दिन के लिए उठाना; स्थगित करना ।

dissolve : विघटित या भंग करना ।

postpone : जान-बूझकर कुछ समय के लिए टालना; मुल्तवी करना ।

prorogue : सत्र का अवसान करना; सत्रावसान करना ।

suspend : अनिश्चित काल के लिए सेवा-कार्य से हटा देना; मुअत्तल करना

[adjournment स्थगन; dissolution विघटन; postponement मुल्तवी; prorogue सत्रावसान; suspension मुअत्तली; adjourned स्थगित; dissolved विघटित; suspended मुअत्तल ।]

Adjust *see* **Adapt.**

Administer *see* **Govern.**

Admiration *see* **Respect.**

Admit *see* **Acknowledge.**

Admonish *see* **Advise.**

Adoration *see* **Reverence.**

Adorn. Beautify. Bedeck. Decorate. Embellish. Ornament.

adorn : एक चीज का अपने सौन्दर्य से किसी दूसरी चीज का सौन्दर्य बढ़ाना, सजाना ।

beautify : सौन्दर्य बढ़ाना; विशेषतः सादगी या भद्दापन ढँकते हुए ।

bedeck : दिखौआ चीजों से सजाना ।

decorate : अन्य चीजों के योग से अधिक सुन्दर बनाना; सजाना ।

embellish : सजा-सँवारकर दर्शनीय या मनोरम बनाना ।

ornament : किसी के सौन्दर्यवर्धन में सहायक होना ।

Adult *see* **Ripe.**

Advance. Forward. Further. Promote.

advance : उद्देश्य की सिद्धि के लिए अग्रसर होना ।

forward : वेगपूर्वक आगे बढ़ना ।

further : आगे बढ़ने में सहायक होना ।

promote : आगे बढ़ना, विशेषत: सफलता प्राप्त करना; तरक्की करना।
[advancement अग्रसरण; promotion तरक्की]

Advanced *see* **Progressive.**

Adventitious *see* **Incidental.**

Adventure. Enterprise.

adventure : साहसिक कार्य; साहस।

enterprise : ऐसा साहसिक कार्य जिसमें बहुत बड़ी हानि भी हो सकती हो और बहुत बडा फायदा भी; जोखिम।

Adventurous. Daring. Rash.

adventurous : जिसमें साहसिक कार्य करने की प्रवृत्ति हो; साहसी।

daring : निर्भीकतापूर्वक बड़े तथा कष्टसाध्य काम करनेवाला; दिलेर।

rash : बिना परिणाम पर विचार किये उतावला होकर काम करने वाला; दुस्साहसी।

Adversary *see* ***Opponent.***

Advise. Admonish. Caution. Counsel. Warn.

advise : अपने अनुभव या जानकारी के आधार पर किसी विषय के सम्बन्ध में किसी को राय देना; मन्त्रणा देना।

admonish : भूलों से सावधान या सजग रखने के लिए डाँटना।

caution : खतरे, विफलता आदि से सावधान करना।

counsel : सोच-विचार का परामर्श देना।

warn : दण्ड, खतरे आदि से बचने के लिए किसी को आगाह करना; चेतावनी देना।

Aeon *see* **Period.**

Aesthete. Connoisseur. Dilettante. Virtuoso.

aesthete : जो यह सिद्धान्त मानता हो कि कला कला के लिए है; सौन्दर्योपासक।

connoisseur : कलाकृतियों के सूक्ष्म अन्तरों का अन्वेषक तथा समीक्षक; कला-पारखी।

dilettante : कला या कलाकृतियों की प्रशंसा करने वाला; कला-प्रशंसक।

virtuoso : कलाकृतियों का अनुरागी तथा संग्राहक; कला-प्रेमी।

Affable *see* **Amiable.**

Affair. Business. Concern. Matter. Thing.

affair : मामला; विशेषत: किसी क्रिया, व्यापार, उपक्रम आदि का सूचक ।

business : व्यापार; विशेषत: पद या कार्यालय से सम्बन्धित ।

concern : कार्य-व्यापार; विशेषत: महत्त्वपूर्ण, आवश्यक और व्यक्तिगत ।

matter : विषय; विशेषत: उद्देश्य से सम्बन्धित ।

thing : चीज या बात; विशेषत: अनिश्चित ।

Affect. Impress. Influence. Move. Touch. Sway.

affect : इस प्रकार प्रभावित करना जिससे कोई प्रतिक्रिया हो ।

impress : अमिट या गहरी छाप छोड़ना ।

influence : क्रिया, विचार, स्वभाव आदि में परिवर्तन लाना; प्रभावित करना ।

move : प्रभाव द्वारा परिवर्तन लाना ।

touch : छूना; विशेषत: मन के किसी कोमल भाव को जगाना ।

sway : इस प्रकार दोलायित करना कि कोई अपना क्रम या ढर्रा छोड़-कर दूसरा क्रम या ढर्रा अपना ले ।

Affect *see* **Assume.**

Affecting *see* **Moving.**

Affection *see* **(i) Disease, (ii) Love.**

Affiliated *see* **Related.**

Affinity *see* **Kinship.**

Affirmative. Positive.

affirmative : स्वीकारात्मक; विशेषत: सम्मोदनसूचक ।

positive : सकारात्मक, सहिक; विशेषत: वास्तविक और तथ्यविषयक ।

Affliction. Misfortune. Trial. Tribulation.

affliction : दुर्भाग्य, हानि, बीमारी आदि के कारण होने वाली कष्टपूर्ण या दुःखद स्थिति; विपदा ।

misfortune : दुर्भाग्य की सूचक घटना ।

trial : धैर्य की परीक्षा लेने वाला कष्ट या विपत्ति ।

tribulation : दीर्घकाल तक सताता रहने वाला कष्ट या दुःख ।

Affluent *see* **Rich.**

Affront *see* **Offend.**

Afraid. Fearful. Frightened. Terrified. Timid. Timorous.

afraid : जिसके मन में किसी के प्रति डर बैठा हुआ हो; डरा हुआ ।

fearful : जिसके मन में भय-सम्बन्धी आशंका बनी रहती हो; सशंकित ।

frightened : थोड़ी देर के लिए परन्तु अत्यधिक मात्रा में डरा तथा घबराया हुआ; भयभीत ।

terrified : भयावह स्थिति के कारण जिसके होश-हवास उड़ गए हों; त्रस्त ।

timid : भीरु; विशेषत: आत्मविश्वासहीन ।

timorous : भयभीत तथा चिन्तित रहने की प्रवृत्ति वाला; भयातुर ।

After. Behind.

after : बाद में; विशेषत: गति, परिणाम आदि के क्रम के विचार से ।

behind : पीछे; विशेषत: पीठ की ओर या पृष्ठ भाग में ।

Aged. Elderly. Old.

aged : बुढ़ापे के चिह्नों, गुणों आदि से युक्त; वृद्ध, वयोवृद्ध ।

elderly : जिसका यौवन गत हो चुका हो; प्रौढ़ या वृद्धप्राय ।

old : अधिक उम्र वाला (स्वस्थ अथवा अस्वस्थ; कमजोर अथवा ताक़तवर) ।

Aggravate *see* **Intensify.**

Aggregate *see* **Sum.**

Aggressive. Assertive. Militant. Pushing.

aggressive : दृढ़ता किन्तु निष्ठुरतापूर्वक अपने उद्देश्य की सिद्धि चाहने वाला; अग्रधर्षी ।

assertive : अपना अधिकार, मत या सिद्धान्त आग्रहपूर्वक या हठपूर्वक प्रतिपादित करने वाला; स्वाग्रही ।

militant : लड़ने या युद्ध करने की इच्छा रखने वाला; युयुत्सु ।

pushing : जबरदस्ती आगे बढ़कर अपनी कार्यसिद्धि का प्रयत्न करने वाला; घुसपैठ करने वाला ।

Agile. Nimble. Quick.

agile : हाथों के काम में फुर्तीला; क्षिप्रहस्त ।

nimble : हाथ से कोई विशेष काम करने में दक्ष; सिद्धहस्त ।

quick : तेजी और मुस्तैदी से काम करने वाला; चुस्त ।

Agitate *see* **Disturb.**

Agnation *see* **Kinship.**

Agnostic *see* **Atheist**

Agony *see* **Distress.**

Agrarian *see* **Agricultural.**

Agreeable *see* **Pleasing.**

Agreement. Accord. Compromise. Settlement.

agreement : सन्धि, समझौता; विशेषत: विवादग्रस्त बातों, शर्तों आदि के सम्बन्ध में प्रयुक्त ।

accord : मतैक्य; विशेषत: विभिन्न सरकारों में होने वाला मुख्य-मुख्य बातों का समझौता ।

compromise : कुछ ले-देकर किया जाने वाला समझौता; निपटारा ।

settlement : बन्दोबस्त; विशेषत: झगड़े की अनिश्चित स्थिति दूर करने के विचार से होने वाला समझौता ।

Agricultural. Agrarian.

agricultural : कृषि-सम्बन्धी; विशेषत: खेती-बारी या उपज से सम्बन्धित ।

agrarian : भूसम्पदा-सम्बन्धी; विशेषत: खेत के आर्थिक या क़ानूनी पहलुओं से सम्बन्धित ।

Aid *see* **Help.**

Ailing *see* **Ill.**

Ailment *see* **Disease.**

Aim *see* **Intention.**

Alarm *see* **Fear.**

Alert *see* **Intelligent.**

Alien. Emigre. Foreigner. Immigrant. Stranger.

alien : ऐसा विदेशी जिसकी राज्यनिष्ठा किसी दूसरे राज्य के प्रति हो ।

emigre : जो अपना राज्य छोड़कर दूसरे राज्य में शरण लेने के लिए गया हो; शरणगत ।

foreigner : विदेश से काम-धन्धे के सिलसिले में अथवा भ्रमण आदि के विचार से आया हुआ; विदेशी ।

immigrant : जो दूसरे राज्य से बसने के लिए आया हो; शरणागत ।

stranger : स्थानीय आचार-विचार से अपरिचित व्यक्ति; अजनबी ।

Alive *see* **Living.**

Allay *see* **Relieve.**

Allegiance. Fidelity. Homage. Loyalty.

allegiance : शासन, राष्ट्र आदि के प्रति होने वाली निष्ठा; राज्य-निष्ठा ।

fidelity : उत्तरदायित्व, विश्वास या वचन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने का भाव; कर्तव्यपरायणता ।

homage : किसी बड़े का महत्त्व स्वीकार करते हुए प्रकट की जाने वाली श्रद्धा; श्रद्धांजलि ।

loyalty : वफ़ादार होने का भाव; वफ़ादारी ।

Alleviate *see* **Relieve.**

Alliance. Coalition. Confederacy. Confederation. Federation. League. Union.

alliance : ऐसा संघटन या समुदाय जिसकी स्थापना पारस्परिक लाभ के उद्देश्य से की गई हो; संश्रय ।

coalition : विरोधी पक्षों में होने वाला अस्थायी गठबन्धन; सहमिलन ।

confederacy / confederation : राज्यों का ऐसा आंशिक संघटन जिसे कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हों; राज्यमण्डल ।

federation : राज्यों का स्थायी संघटन; राज्यसंघ ।

league : किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया हुआ संघ; लीग ।

union : कोई स्थायी संघटन; संघ ।

Allied *see* **Related.**

Allocate *see* **Allot.**

Allot. Allocate. Apportion. Assign.

allot : बिना किसी सामान्य वितरण प्रणाली के किसी को किसी चीज का कोई हिस्सा देना; बांटना, विभाजन करना ।

allocate : किसी चीज का कोई हिस्सा विशिष्ट प्रयोजन के लिए नियत करना या अलग रखना; विनियतन करना ।

apportion : अनुपात या योजना के अनुसार हिस्से लगाना और बांटना; अनुभाजन करना ।

assign : आधिकारिक रूप से निर्धारित या हस्तान्तरित करना; नियोजन करना।

[Allotment बाँट, विभाजन; Allocation विनियतन; Apportionment अनुभाजन; Assignment नियोजन।]

Allow *see* **Let.**

Allure *see* **Attract.**

Ally *see* **Associate.**

Alone. Lone. Lonely. Lonesome. Solitary.

alone : जिसके आगे-पीछे, अगल-बगल या संग-साथ और कोई न हो; अकेला।

lone, lonely : जो अपने को अकेला महसूस करता हो और मैत्री के लिए इच्छुक हो; एकाकी।

lonesome : अकेले होने के कारण जो उदास हो।

solitary : जो दूर और एकान्त में हो; एकान्तवासी, निस्संग।

Alter *see* **Change.**

Altercation *see* **Quarrel.**

Alternate *see* **Intermittent.**

Alternative *see* **Choice.**

Altitude *see* **Height.**

Altruistic *see* **Philanthropic.**

Amaze *see* **Surprise.**

Ambiguous *see* **Obscure.**

Ambitious. Aspiring. Emulous. Enterprising.

ambitious : जो कोई महत्त्वपूर्ण पद, वस्तु आदि प्राप्त करने के लिए इच्छुक तथा प्रयत्नशील हो; महत्त्वाकांक्षी।

aspiring : सामान्यत: पहुँच से बाहर समझी जाने वाली वस्तु के लिए कामना तथा प्रयत्न करने वाला; उच्चाकांक्षी।

emulous : दूसरों से आगे बढ़ने की स्पर्धापूर्ण इच्छा वाला; यशाकांक्षी।

enterprising : जोखिम के कामों के लिए सदा उद्यत रहने वाला; जोखिम उठाने वाला, साहसी।

Ameliorate *see* **Improve.**

Amenable *see* **Obedient.**

[A]miable. Affable. Goodnatured. Cordial. Genial. [O]bliging.

amiable : मिलनसार तथा सुशील।

affable : जिस तक पहुँच सहज में हो सकती हो; सहज-प्राप्य।

goodnatured : जिसके स्वभाव से सब सन्तुष्ट तथा प्रसन्न रहते हों; अच्छे स्वभाव वाला।

cordial : हार्दिक तथा कृपापूर्ण; सुहृद।

genial : प्रसन्नचित्त तथा समाजशील।

obliging : स्वभावतः खुशी-खुशी दूसरों के काम में सहायक होने वाला; उपकर्त्ता।

[A]mount *see* **Sum.**

[A]mour *see* **Love.**

[A]mple *see* **Plentiful.**

[A]muse. Beguile. Divert. Entertain.

amuse : मन बहलाने वाली बात या काम में ध्यान लगाना; मन बहलाव करना, जी बहलाना।

beguile : ऊब, थकावट आदि दूर करने के लिए कोई विनोदपूर्ण क्रिया करना; मनोविनोद करना, क्रीड़ा करना।

divert : गम्भीर या चिन्तनीय विषय से ध्यान हटाकर किसी खेल, विनोद आदि में प्रवृत्त होना; अपवर्तन करना।

entertain : किसी सुनियोजित कार्यक्रम द्वारा किसी का मनोविनोद करना; मनोरंजन करना।

Amusing *see* **Funny.**

Analogy *see* **Likeness.**

Anathematise *see* **Curse.**

Ancient *see* **Old.**

Anecdote *see* **Story.**

Anger. Fury. Indignation. Ire. Rage. Wrath.

anger : असन्तोष के कारण होने वाला आवेशपूर्ण क्षोभ; गुस्सा, क्रोध।

fury : ऐसा उग्र क्रोध जिससे लगता हो कि आदमी पागल हो जायगा; क्रोधोन्मत्तता।

indignation : किसी अनुचित, हेय आदि बात पर होने वाला (उचित) क्रोध।

ire : कार्य, नज़र, शब्दों आदि से टपकता हुआ क्रोध; रोष।

rage : ऐसा क्रोध जिसमें व्यक्ति आत्मसंयम खो बैठा हो; क्रोधान्धता।

wrath : ऐसा क्रोध जिसमें कोई किसी को पीटने या उससे बदला लेने के लिए उतारू हो जाय; प्रतिघा।

Angle *see* **Phase.**

Anguish *see* **Distress.**

Animate. Exhilarate. Invigorate. Quicken. Stimulate. Vitalize.

animate : सजीव तथा क्रियाशील बनाना; कर्मठ बनाना।

exhilarate : आत्मबल से युक्त करना; अनुप्राणित करना, प्राणवन्त बनाना।

invigorate : शारीरिक दृष्टि से सशक्त बनाना; सबल बनाना, पुष्ट करना, बल देना।

quicken : अक्रिय, निर्जीव आदि को सक्रिय या सजीव बनाना; जान डालना।

stimulate : बढ़ावा देकर किसी की अक्रियाशीलता छुड़ाना; उत्तेजित करना।

vitalize : (अशारीरिक वस्तुओं के सम्बन्ध में) जानदार तथा आकर्षक बनाना।

Animate *see* **Living.**

Animated *see* **Living.**

Animosity *see* **Enmity.**

Announce *see* **Declare.**

Annoy. Bother. Irk. Plague. Tease. Vex.

annoy : धैर्य नष्ट होने पर मन का कुछ समय के लिए क्षुब्ध होना।

bother : छोटी-मोटी या साधारण-सी बात के लिए चिन्तित और क्षुब्ध होना।

irk : धैर्य छूट जाने पर झुंझला उठना।

plague : मानसिक दृष्टि से संतप्त होना।

tease : छेड़छाड़ से चिढ़ना या चिढ़ाना।

Appearance. Aspect. Guise. Look. Semblance.

appearance : बाहरी रूप या दिखाव-बनाव ।

aspect : मुख्य विशेषताओं से युक्त रूप; पक्ष ।

guise : ऐसा रूप जो छलपूर्ण या भ्रामक हो ।

look : बाहरी, मुख्यतः भौतिक रूप-रंग ।

semblance : ऐसा बाहरी रूप जो वास्तविक रूप से भिन्न हो; मिथ्या रूप ।

Appliance *see* **Implement.**

Applicable *see* **Relevent.**

Apportion *see* **Allot.**

Apposite *see* **Relevant.**

Appreciable *see* **Perceptible.**

Appreciate. Cherish. Esteem. Prize. Treasure. Value.

appreciate : सोच-विचारकर मूल्यांकन करना ।

cherish : स्नेहपूर्वक महत्त्व आँकना ।

esteem : आदरपूर्वक महत्त्व देना ।

prize : अधिक महत्त्व देकर सन्तोष अनुभूत करना ।

treasure : अधिक मूल्यवान समझकर रक्षा या देखभाल करना ।

value : अत्यधिक महत्त्व देना या मूल्य आँकना ।

Appropriate *see* **Fit.**

Approve. Certify. Endorse. Ratify. Sanction.

approve : अच्छा और सन्तोषजनक समझकर स्वीकृति देना ।

certify : आवश्यक गुणों से युक्त होने की हामी भरना; तसदीक करना ।

endorse : स्वीकार तथा समर्थन करना ।

ratify : प्रतिनिधि के कार्य को आधिकारिक स्वीकृति देना ।

sanction : अधिकारपूर्वक मंजूरी देना ।

Apropos *see* **Relevant.**

Apt *see* **(i) Quick, (ii) Fit.**

Aptitude *see* **Talent.**

Archaic *see* **Old.**

Arduous *see* **Hard.**

Argue *see* **Discuss.**

Argument. Controversy. Dispute.

argument : ऐसा झगड़ा जिसमें अपना पक्ष समर्थन करने तथा दूसरे की बात काटने के उद्देश्य से तर्क प्रस्तुत किये जाते हों; बहस।

controversy : ऐसा झगड़ा जो किसी महत्त्वपूर्ण विषय से सम्बन्धित हो और दीर्घकाल तक चलता हो; प्रतिवाद।

dispute : ऐसा झगड़ा जिसमें क्रोधपूर्वक उत्तर-प्रत्युत्तर दिया जाता हो; विवाद।

Arid	*see*	**Dry.**
Arise	*see*	**Rise.**
Around	*see*	**About.**
Arouse	*see*	**(i) Incite, (ii) Stir.**
Arraign	*see*	**Accuse.**
Arrogant	*see*	**Proud.**

Art. Artifice. Craft. Skill.

art : किसी कार्य को भली-भाँति सम्पादित करने का ढंग या कौशल; कला।

artifice : ऐसा कौशल जो यान्त्रिक-प्राय अर्थात् एक-रस हो।

craft : कौशल; विशेषतः साधारण या सामान्य।

skill : ऐसा व्यावहारिक कौशल जो अभ्यास या प्रशिक्षण से प्राप्त किया गया हो; हुनर।

Artificial. Counterfeit. Ersatz. Spurious. Synthetic.

artificial : जो मनुष्य-निर्मित किन्तु किसी प्राकृतिक वस्तु की नक़ल-भर हो; कृत्रिम।

counterfeit : मूल के अनुकरण पर कौशल से बनाया हुआ; जाली।

ersatz : नक़ली; विशेषतः हल्की या खराब किस्म का।

spurious : जान-बूझकर तथा दूसरों को धोखा देने के उद्देश्य से मूल के अनुरूप बनाया हुआ।

synthetic : जो मूल वस्तु का स्थानापन्न हो।

Artifice	*see*	**(i) Trick, (ii) Art.**
Artless	*see*	**Naive.**
Ascetic	*see*	**Severe.**

Ascribe. Assign. Attach. Attribute. Credit. Impute.

ascribe : किसी मे ऐसे गुण का आरोप करना जो ऊपर से लक्षित न हो पर जिसका अनुमान हो सकता हो ।

assign : विशेष रूप से ठहराना या निश्चित करना ।

attach : उपयुक्त समझकर लगाना ।

attribute : इस प्रकार आरोपित करना कि कोई चीज़ निर्धारित हो जाय ।

credit : विशेष रूप से मान्यता देना ।

impute : गले मढ़ना; थोपना ।

shamed. Chagrined. Humilated. Mortified.

ashamed : अपनी या अपने से सम्बन्धित किसी व्यक्ति की भूल पर लज्जित होनेवाला ।

chagrined : अपनी भूल पर लज्जित होने तथा पश्चात्ताप करनेवाला ।

humilated : नीचा देखने तथा मान मर्दित होने के कारण लज्जित तथा खिन्न होनेवाला ।

mortified : स्वाभिमान नष्ट किये जाने पर लज्जित होनेवाला ।

Asinine *see* **Silly.**

Ask. Catechize. Inquire. Interrogate. Quiz. Query. Question.

ask : जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछना ।

catechize : धार्मिक या आध्यात्मिक तथ्यों के सम्बन्ध में जिज्ञासा प्रकट करना ।

inquire : पता लगाना; विशेषतः ग़लत प्रतीत होती हुई बात के बारे में पूछना ।

interrogate : अधिकारपूर्वक पूछताछ करना ।

quiz : गम्भीरतापूर्वक या व्यवस्थित ढंग से पूछताछ करना ।

query : संशय होने पर प्रश्न करना ।

question : कई-एक प्रश्न एक साथ या एक-पर-एक करना, विशेषतः परीक्षण निमित्त ।

Aspect *see* **(i) Appearance, (ii) Phase.**

Aspiring *see* **Ambitious.**

Assail *see* **Attack.**

Assassinate *see* **Kill.**

Assault *see* **Attack.**
Assemble *see* **Gather.**
Assent *see* **Consent.**
Assertive *see* **Aggressive.**
Assiduous *see* **Busy.**
Assign *see* **(i) Allot, (ii) Ascribe.**
Assist *see* **Help.**

Associate. Accomplice. Ally. Colleague. Companion. Comrade. Confederate.

associate : ऐसा साथी जिसके साथ प्राय: मिल-जुलकर काम किया जाय।

accomplice : ऐसा साथी जो अपराध-कार्य में साथ देता हो; सह-अपराधी।

ally : ऐसी सरकार जो अभियान, युद्ध आदि में दूसरी सरकार का साथ देती हो; संश्रित शक्ति।

colleague : ऐसा साथी जो साथ-साथ और एक ही जगह काम करता हो।

companion : वह जो किसी काम-विशेष में पूरा-पूरा साथ देता हो।

comrade : घनिष्ठ, विशेषत: सुख-दु:ख का साथी।

confederate : किसी अवैध प्रयोजन में किसी का साथ देनेवाला।

Associate *see* **Join.**

Assume. Affect. Feign. Pretend. Simulate.

assume : ऐसा स्वांग भरना जो दूसरों के लिए हानिकारक न हो।

affect : अनुभवी होने का दिखावा या बहाना करना।

feign : कलापूर्ण और आकर्षक स्वांग भरना।

pretend : झूठा या मिथ्या रूप धारण करना।

simulate : किसी दूसरे का रूप धारण करना।

Assume. Premise. Presume. Presuppose. Postulate.

assume : मान लेना, विशेषत: कल्पना करना या धारणा बनाना।

premise : आधार रूप में कोई बात मान लेना।

presume : सत्य समझकर मान लेना।

presuppose : अतर्क संगत या अनभीष्ट बात की कल्पना कर लेना।

postulate : मान लेना, विशेषत: किसी प्रमाणहीन तथ्य को मान लेना ।

Assurance *see* **(i) Certainty, (ii) Assurance.**

Astonish *see* **Surprise.**

Astound *see* **Surprise.**

Astute *see* **Shrewd.**

Asylum *see* **Shelter.**

Atheist. Agnostic. Deist. Freethinker. Infidel. Unbeliever.

atheist : ईश्वर तथा धार्मिक विश्वासों में विश्वास न करनेवाला; नास्तिक ।

agnostic : भौतिक प्रमाणों के अभाव में ईश्वर या उसकी लीला को अमान्य ठहरानेवाला; प्रत्यक्षवादी ।

deist : ईश्वर को शक्ति के रूप में माननेवाला, परन्तु उसे दैवीय सत्ता के रूप में स्वीकार न करनेवाला ।

freethinker : वह जो धार्मिक परम्पराओं, पद्धतियों को अतर्क संगत होने के कारण न मानता हो ।

infidel : किसी विशिष्ट धर्म में विश्वास न रखने वाला ।

unbeliever : धार्मिक मतों में विश्वास न रखने वाला ।

Atrocious *see* **Outrageous.**

Attach *see* **(i) Ascribe. (ii) Tie.**

Attachment *see* **Love.**

Attack. Assail. Assault. Beset. Bombard. Storm.

attack : विजय की प्राप्ति के उद्देश्य से किसी पर प्रहार करना; आक्रमण करना ।

assail : बार-बार आघात या प्रहार करना ।

assault : ज़ोरदार या बर्बरतापूर्ण प्रहार या आक्रमण करना ।

beset : चारों तरफ़ से आक्रमण करना ।

bombard : बम-गोले फेंकना; विशेषत: डटकर प्रहार करना ।

storm : तूफ़ान की तरह आगे बढ़ते तथा आक्रमण करते हुए तहस-नहस करना ।

Attain *see* **Gain.**

Attempt *see* **Try.**

Attend *see* **Accompany.**

Attentive *see* **Thoughtful.**

Attitude *see* **Posture.**

Attract. Allure. Captivate. Charm. Enchant. Fascinate.

attract : रूप, गुण आदि से आकृष्ट करना; आकृष्ट करना ।

allure : प्रलोभन दिखाकर आकृष्ट करना; लुब्ध करना ।

captivate : कुछ समय के लिए किसी का ध्यान बलात् अपनी ओर खींच लेना ।

charm : अपने किसी रमणीय गुण से मुग्ध तथा अभिभूत कर लेना ।

enchant : अपनी मायावी शक्ति से दूसरे में श्रद्धापूर्ण भाव जगाकर अपनी ओर खींच लेना ।

fascinate : इस प्रकार अभिभूत करना कि कोई आपसे-आप खिचा चला आय ।

Attribute *see* **(i) Ascribe, (ii) Quality.**

Audacious *see* **Brave.**

Augment *see* **Increase.**

August *see* **Grand.**

Auspicious *see* **Favourable.**

Austere *see* **Severe.**

Authentic. Bonafide. Genuine. Veritable.

authentic : वास्तविकता तथा तथ्यों आदि के विचार से विश्वस्त; प्रामाणिक ।

bonafide : विश्वास के विचार से प्रामाणिक; सदाशयी ।

genuine : जो वस्तुतः मौलिक हो तथा जिसमें मेल या खोट न हो; विशुद्ध ।

veritable : सत्य तथा विश्वासपूर्ण ।

Authentication *see* **Confirmation.**

Authority *see* **Power.**

Authorize. Accredit. Commission. License.

authorize : किसी को कोई काम अपनी बुद्धि से करने का क़ानूनी अधिकार देना; प्राधिकार देना ।

accredit : किसी को प्रमाण प्रत्यय-पत्र आदि देकर प्रतिनिधि के रूप में कहीं भेजना ।

commission : आवश्यक निर्देशों के अनुसार काम करने का अधिकार देना ।

license : औपचारिक रूप से कोई काम करने की क़ानूनी अनुमति देना ।

Avaricious *see* **Greedy.**

Avenge. revenge.

avenge : द्वेष या शत्रुता से रहित होकर अथवा न्यायभाव से अपकार करनेवाले से बदला लेना; प्रतिकार करना ।

revenge : शत्रुता या द्वेषभाव से अपने प्रति अपकार करनेवाले को दण्डित करना; बदला चुकाना, प्रतिशोध लेना ।

Average. Mean. Median. Norm.

average : वह भागफल जो कई संख्याओं के जोड़ को संख्यक इकाइयों से भाग देने पर प्राप्त होता है; औसत ।

mean : दो छोरों के ठीक बीच की स्थिति; मध्यमान ।

median : एक क्रम से दी हुई संख्याओं के बीचवाली संख्या; माध्यिका ।

norm : वह जो मान्य स्तर के अनुरूप हो; सामान्य, प्रसम ।

Average *see* **Normal.**

Averse *see* **Reluctant.**

Avert *see* **Prevent.**

Avid *see* **Eager.**

Avow *see* **Acknowledge.**

Await *see* **Expect.**

Awaken *see* **Stir.**

Aware. Conscious. Cognizant. Sensible.

aware : सतर्क रहने के फलस्वरूप जिसे जानकारी प्राप्त हुई हो; सचेत ।

conscious : जो तथ्यों, परिस्थितियों आदि से भिज्ञ हो; सचेत ।

cognizant : जिसने निरीक्षण या सूचनाओं से आवश्यक जानकारी पाई हो ।

sensible : जो ऐसी बातों से भिज्ञ हो जो व्यक्त या स्पष्ट न की गई हों ।

Awe. Dread Reverence. Veneration.

awe : कुछ-कुछ आश्चर्य तथा भय-मिश्रित आदरपूर्ण भावना ।

dread : आतंक से परिपूर्ण आदरपूर्ण भावना।

reverence : पवित्र तथा पूज्य बुद्धि से किसी के प्रति होनेवाला आदर भाव; श्रद्धा।

veneration : धार्मिक विश्वासजन्य श्रद्धापूर्ण भावना।

wkward. Clumsy. Inept. Maladroit.

awkward : भद्दा; विशेषत: अनुपयुक्त और असुविधाजनक।

clumsy : भोंडा; विशेषत: भारी और कष्टसाध्य।

inept : भद्दा; विशेषत: अप्रासंगिक तथा अनुपयुक्त।

maladroit : भद्दा; विशेषत: फूहड़।

ackbone *see* **Fortitude.**

ad. Evil. Ill. Naughty. Wicked.

bad : जो अच्छा, शुद्ध, शुभ या सन्तोषजनक न हो; बुरा, खराब।

evil : बुरा; विशेषत: अपकारी और दुर्भावनापूर्ण।

ill : बुरा; विशेषत: अनौचित्यपूर्ण या अनैतिक।

naughty : शरारत-भरा अथवा अविनयपूर्ण; शरीर।

wicked : दुष्ट या दुष्टतापूर्ण।

adger *see* **Bait.**

adlands *see* **Waste.**

ail *see* **Guarantee.**

ait. Badger. Hector. Hound. Torment. Ride.

bait : लगती-चुभती बातें कहकर किसी को सताना या जलाना।

badger : बिज्जू की तरह किसी के पीछे पड़े रहना और उसे सताते रहना।

hector : उकसा-चिढ़ाकर किसी का धैर्य या रोध-शक्ति नष्ट करना।

hound : किसी को झुकाने या दबाने के उद्देश्य से उसके पीछे पड़ना।

torment : असह्य कष्ट देना।

ride : आलोचना या कटाक्ष-व्यंग्य द्वारा किसी को परेशान करना।

alance *see* **Symmetry.**

aleful *see* **Sinister.**

aneful *see* **Pernicious.**

anish. Deport. Exile. Expatriate. Transport. Ostracize.

banish : देशवासी या विदेशी को देश से बाहर निकालना; देश-निकाला देना।

deport : किसी दूसरे देश के नागरिक को अपने देश से निकाल बाहर करना; निर्वासित करना ।

exile : राजनीतिक, सामाजिक या निजी कारणों से विवश होकर स्वयं अपना देश छोड़कर बाहर चले जाना ।

expatriate : नागरिक अधिकारों से वंचित कर देश से बाहर निकालना; निष्कासित करना ।

transport : अपराधी को सजा भुगतने के लिए समुद्र पार के या दूर के स्थान में भेजना; काले पानी की सजा देना ।

ostracize : जाति से बहिष्कृत करना; टाट बाहर करना ।

Bank *see* **Shore.**

Barbarian. Barbaric. Barbarous. Savage.

barbarian : आरम्भिक युग की सभ्यता से सम्बन्धित; असभ्य ।

barbaric : पुरानी सभ्यता से सम्बन्धित; बर्बर ।

barbarous : जिसमें पुरानी सभ्यता के लोगों-जैसी क्रूरता या नृशंसता हो; बर्बर ।

savage : जो उग्रता और क्रूरता की दृष्टि से असह्य या बहुत ही भयानक हो ।

Bare. Naked. Nude.

bare : उपयुक्त या रस्मी-आवरण से रहित; नंगा; नग्न ।

naked : जिसने किसी अंग या शरीर से वस्त्र आदि हटा दिये हों; नंगा, नग्न, दिगम्बर ।

nude : नग्न (कला-क्षेत्र में प्रयुक्त) ।

Bare *see* **Strip.**

Barbaric *see* **Barbarian.**

Barbarous *see* **Barbarian.**

Barren *see* **Infertile.**

Barrier *see* **Obstacle.**

Base. Abject. Degrading. Ignoble. Low. Mean. Sordid. Vile.

base : अधम; विशेषतः स्वार्थपरता से युक्त ।

abject : आत्मसम्मान की भावना से रहित और गिरा हुआ; टुच्चा ।

degrading : चारित्रिक दृष्टि से नीचे गिरानेवाला; अधःपतनकारक ।

Ignoble : नतिक या बौद्धिक गुणों से हीन; हेय ।

low : गिरा हुआ तथा कुत्सित विचारों वाला; तुच्छ, अधम ।

mean : घृणित तथा तुच्छतापूर्ण आचरण के कारण हेय; कमीना ।

sordid : गन्दा और घृणित; जघन्य ।

vile : दुर्दशाग्रस्त तथा सम्मानहीन; जलील ।

Base. Basis. Foundation. Ground.

base : ऐसा आधार जिस पर कोई ढाँचा खड़ा हो ।

basis : आधार; विशेषतः मूर्त चीजों के लिए प्रयुक्त ।

foundation : नींव; विशेषतः स्थायी तथा दृढ़ आधार ।

ground : ऐसा आरम्भिक कार्य जिसे आधार मानकर आगे काम किया जाय; जमीन ।

Bashful *see* **Shy.**

Basis *see* **Base.**

Battle. Compaign. Combat. Encounter. Engagement. Skirmish.

battle : विपक्षी सैनिकों में किसी विशेष क्षेत्र में होनेवाली लड़ाई; युद्ध ।

compaign : अभियान; विशेषतः ऐसा सैनिक-अभियान जिसमें कई-एक छोटी-मोटी लड़ाइयाँ होती है ।

combat : ऐसी लड़ाई जिसमें अस्त्र-शस्त्र प्रयुक्त हों; समाघात ।

encounter : विपक्षी सैनिकों के अचानक आमने-सामने होने पर होने वाली मुठभेड; सामना ।

engagement : मुठभेड़; कुछ समय के लिए चलती रहनेवाली लड़ाई ।

skirmish : सैनिक टुकड़ियों में होनेवाली हल्की मुठभेड़ ।

Beach *see* **Share.**

Bear. Endure. Stand. Suffer. Tolerate.

bear : दुख, कष्ट आदि सहना; बर्दाश्त करना ।

endure : हिम्मत बाँधे रखना तथा धैर्यपूर्वक सहते चलना; सहना ।

stand : सफलतापूर्वक सहन या बर्दाश्त कर लेना या कर जाना; झेलना ।

suffer : चुपचाप सहन करना ।

tolerate : घोर कष्ट बिना किसी प्रकार का विरोध प्रकट किये सहना ।

Bear *see* **Carry.**

Bearing. Carriage. Demeanour. Deportment. Manner.

bearing : ऐसा वर्ताव या व्यवहार जिसमें व्यक्ति के सौजन्य तथा शिष्टाचार का परिचय मिलता हो; रखरखाव।

carriage : वे क्रियाएँ या चेष्टाएँ जो दूसरों से वर्ताव करते समय और विशेषतः खड़े-खड़े या चलते-फिरते की जाती है।

demeanour : दूसरों की उपस्थिति में किसी से किया जानेवाला व्यवहार; सलूक।

deportment : ऐसा आचरण जो शिक्षा आदि से प्रभावित हो।

manner : वे चेष्टाएँ जो दूसरों से वर्ताव करते समय स्वभावतः की जाती हैं; ढंग।

Beat. Flog. Maul. Pommel. pound. Thrash. Whip.

beat : हाथ से किसी चीज से मारना; पीटना।

flog : कोड़े लगाना; कशाघात करना।

maul : किसी भारी चीज़ से पीटना; ठोंकना।

pommel : किसी हथियार की मूँठ से मारना, ठोंकना।

pound : किसी चीज से, विशेषतः ज़ोर से मारना-पीटना।

thrash : छड़ी से पीटना।

whip : चाबुक मारना।

Beautiful. Beauteous. Comely. Fair. Good-looking. Handsome. Pretty.

beautiful : (निजी) सौन्दर्यमान के अनुरूप तथा देखने-सुनने में सुखद; सुन्दर।

beauteous : सौन्दर्य में बढ़ा-चढ़ा; सुष्ठु।

comely : जिसकी सूरत-शक्ल तथा लक्षण कुछ आकर्षक हों; मनोरम।

fair : सुरूपता, विशुद्धता आदि के विचार से भला जान पड़नेवाला; भला।

good-looking : प्रियदर्शी और सुखदर्शी।

handsome : जिसके अवयवों में सामंजस्यपूर्ण अनुपात तथा निखार हो (विशेषतः पुरुषोचित)।

pretty : जिसमें कोमलतापूर्ण सौन्दर्य हो (विशेषतः स्त्रियोचित)।

Beautify *see* **Adorn.**

Beauteous *see* **Beautiful.**

Bedeck *see* **Adorn.**

Beg. Beseech. Entreat. Implore. Importune. Solicit.

beg : नम्रतापूर्वक माँगना ।

beseech : उत्साहपूर्वक या कुछ-कुछ चिन्तित भाव से माँगना ।

entreat : चिरौरी करना, मिन्नतें करना ।

implore : बहुत अधिक चिन्तित होकर माँगना ।

importune : हठपूर्वक माँगना ।

solicit : शिष्टाचारपूर्वक या शिष्टतापूर्वक माँगना ।

Begin. Commence. Inaugurate. Initiate. Start.

begin : क्रिया या व्यापार आरम्भ करना; आरम्भ या शुरू करना ।

commence : औपचारिक रूप से कोई क्रिया या कार्यवाही शुरू करना; प्रारम्भ करना ।

inaugurate : विशेष रूप से आयोजित किसी समारोह में किसी नये काम का औपचारिक रूप से प्रारम्भ करना; शुभारम्भ करना; उद्घाटित करना ।

initiate : किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के पहले चरण का कार्य आरम्भ करना; पहल करना ।

start : किसी कार्य को शुरू करना और आगे बढ़ाना; सूत्रपात करना ।

Beginning *see* **Origin.**

Begrudge *see* **Envy.**

Beguile *see* **(i) Deceive, (ii) Amuse.**

Behave. Acquit. Comport. Conduct. Demean. Deport.

behave : मर्यादा के अनुकूल आचरण करना ।

acquit : अपने पद या उत्तरदायित्व के अनुकूल आचरण करना ।

comport : निर्दिष्ट ढंग से आचरण करना ।

conduct : आचरण करना; विशेषत: निर्देशित या संचालित करना ।

demean : व्यक्तित्व के अनुरूप आचरण करना ।

deport : समाज की परम्परा के अनुकूल आचरण करना ।

Behave *see* **Act.**

Behind *see* **After.**

Behold *see* **See.**

Belief. Confidence. Faith. Reliance. Trust.

belief : यह धारणा कि अमुक बात सच है; विश्वास ।

confidence : ऐसा विश्वास जो तर्क पर आधारित हो; प्रत्यय, यकीन ।

faith : ऐसा पूर्ण विश्वास जो प्राय: तर्क पर आधारित नहीं होता ।

reliance : किसी के कुछ कर सकने या समर्थ हो सकने के सम्बन्ध में होनेवाला विश्वास; भरोसा ।

trust : ऐसा विश्वास जो अन्तर्प्रेरणीय हो और जिसके फलस्वरूप दूसरे की वात सही मान ली जाती हो; न्यास ।

Bend *see* **Curve.**

Benign *see* **Kind.**

Bent *see* **Inclination.**

Berate *see* **Scold.**

Beseech *see* **Beg.**

Beset *see* **Attack.**

Bestow *see* **Give.**

Betray *see* **(i) Reveal. (ii) Deceive..**

Better *see* **Improve.**

Bevy *see* **Group.**

Bewildered *see* **Puzzled.**

Bias *see* **Prejudice.**

Bidding *see* **Command.**

Big *see* **Large.**

Bind *see* **Tie.**

Bizarre *see* **Fantastic.**

Blame *see* **Criticize.**

Bland *see* **Soft.**

Blast *see* **Wind.**

Blend *see* **Mix.**

Block *see* **Hinder.**

Blubber *see* **Cry.**

Blunder *see* **Error.**

Blunt *see* **Dull.**

Boast. Brag. Crow. Swagger.

boast : आत्मस्तुति से भरी उक्ति; डींग ।

brag : आत्मस्तुति से भरी अतिशयोक्तिपूर्ण उक्ति; आत्मश्लाघा ।

crow : किलकारी भरते हुए हाँकी जानेवाली डींग ।

swagger : प्रगल्भतापूर्वक दूसरों पर व्यक्त की जानेवाली अपनी श्रेष्ठता; हेकड़ी ।

Bodily. Corporeal. Physical.

bodily : शरीर से सम्बन्धित; शारीरिक ।

corporeal : शरीर के मांसल ढाँचे से सम्बद्ध; शारीरिक ।

physical : शारीरिक; विशेषतः शरीर-शास्त्र की दृष्टि से ।

Body. Carcass. Corpse.

body : जीवित या मृत प्राणी का मांसल ढाँचा; काया, शरीर ।

carcass : मृत पशु का शरीर; लाश ।

corpse : मृत व्यक्ति का शरीर; शव ।

Bogus *see* **False.**

Bold *see* **Brave.**

Bombard *see* **Attack.**

Bombastic. Euphuistic. Flowery. Turgid.

bombastic : बड़े-बड़े शब्दों से युक्त ।

euphuistic : कृत्रिम शैलीवाला ।

flowery : अलकृत तथा लच्छेदार ।

turgid : पांडित्यपूर्ण तथा क्लिष्ट ।

Bonafide *see* **Authentic.**

Bond *see* **Guarantee.**

Boost *see* **Lift.**

Border. Brim. Brink. Edge. Margin. Rim.

border : सीमा या किनारे से लगा हुआ हिस्सा; सीमान्त, किनारा, बार्डर ।

brim : किसी गोल चीज का भीतरी किनारा ।

brink : ढालू भूमि का किनारा ।

edge : तेज या तीखा किनारा ।

margin : ऐसा किनारा जो शेष हिस्से से स्पष्ट रूप में अलग हो; हाशिया ।

rim : किमी गोल या तिरछी चीज का किनारा; रिम ।

Bother *see* **Annoy.**

Brag *see* **Boast.**

Brave. Audacious. Bold. Chivalrous. Courageous. Gallant. Intrepid. Plucky. Valiant.

brave : निर्भय होकर खतरे का सामना करनेवाला; बहादुर ।

audacious : जिसमें खतरे से भिड़ने की उतावली हो; पराक्रमी ।

bold : विना हिचक और असमंजस के काम करनेवाला; दिलेर ।

chivalrous : जो विना किसी स्वार्थ के किसी कमजोर या ग़रीब का पक्ष ग्रहण करता हो और किसी शक्ति-सम्पन्न का मुकाबला करता हो ।

courageous : साहस तथा प्रसन्नतापूर्वक खतरे का मुकाबला करने वाला; साहसी ।

gallant : जो उत्साहपूर्वक अपनी वीरता का प्रदर्शन करता हो; वीर ।

intrepid : वीरतापूर्वक अज्ञात या नये-नये खतरों का सामना करनेवाला; शूर ।

plucky : असुविधाजनक स्थिति में पड़ने के कारण छिपकर वार करने वाला ।

valiant : जवांमर्द, योद्धा ।

Break. Crack. Crash. Crush. Fracture. Shatter. Smash. Splinter. Split.

break : आघात, दबाव आदि से टुकड़े-टुकड़े होना; टूटना ।

crack : दरार से युक्त होना; चटकना ।

crash : सहसा आघात लगने से नष्ट-भ्रष्ट हो जाना; ध्वस्त होना ।

crush : चूर-चूर होना ।

fracture : किसी कड़े पदार्थ, विशेषत: हड्डी का टूटना; अस्थि-भंग होना ।

shatter : टूटकर तथा टुकड़े-टुकड़े होकर विखर जाना ।

smash : घोर शब्द करते हुए चूर-चूर या ध्वस्त होना ।

splinter : लम्बे पतले टुकड़ों में करना ।

split : लम्बान के बल टुकड़े होना ।

Breaker *see* **Wave.**

Breeze *see* **Wind.**

Brief. Short.

brief : जो विस्तृत न हो बल्कि संक्षिप्त और ठोस हो।

short : छोटा या संक्षिप्त, विशेषत: अपूर्ण या कटा हुआ।

Brief *see* **Abridgment.**

Bridle *see* **Restrain.**

Bright. Brilliant. Luminous. Lustrous. Radiant. Shining.

bright : जिसमें से प्रकाश निकल रहा या परावर्तित हो रहा हो; चमकदार, चमकीला।

brilliant : तेज़ प्रकाशवाला; चमचमाता हुआ।

luminous : जगमगाता या जगमग करता हुआ; ज्योतिर्मय; दीप्त।

lustrous : जिसका चिकना तल प्रकाश में भड़कीला दिखाई पड़ रहा हो; प्रदीप्त।

radiant : जिसमें से प्रकाश की किरणें निकल रही हों; विकिरक।

shining : जिसमें से निरन्तर या स्थायी रूप से प्रकाश निकलता हो; प्रकाशमान; तेजोमय।

Brilliant *see* **(i) Intelligent, (ii) Bright.**

Brim *see* **Border.**

Brink *see* **Border.**

Brisk *see* **Active.**

Brittle *see* **Fragile.**

Broach *see* **Utter.**

Broad. Wide.

broad : पूर्ण विस्तार के विचार से चौड़ा; व्यापक।

wide : दो छोरों या सीमाओं के बीच के क्षेत्र के विचार से चौड़ा; विस्तृत।

Brutal *see* **Cruel.**

Building. Edifice. Structure. Pile.

building : मकान, कारखाने, स्कूल आदि के रूप में बनी हुई इमारत; भवन।

edifice : शाही इमारत; राज-भवन।

structure : ठाटबाट वाली विशाल इमारत; कोठी।

pile : बहुत बड़ी इमारत या इमारतों का समूह।

Burdensome *see* **Onerous.**

Burlesque *see* **Caricature.**

Business *see* **Affair.**

Busy. Assiduous. Diligent. Industrious. Sedulous.

busy : काम में लगा हुआ; व्यस्त या कार्यरत ।

assiduous : ऐसे काम में लगा हुआ जिसमें कठोर परिश्रम करना पड़ रहा हो; श्रमशील ।

diligent : अपने काम में दत्तचित्त होकर लगने तथा उसमे रस लेनेवाला; अध्यवसायी ।

industrious : परिश्रमपूर्वक कोई कार्य या हर कार्य करने की प्रवृत्ति वाला; परिश्रमी ।

sedulous : निरन्तर काम में लगा रहने वाला; उद्योगी ।

Calculate. Compute. Estimate. Reckon.

calculate : उच्च गणितीय प्रक्रियाओं से मान, मात्रा आदि का पता लगाना; परिगणन करना ।

compute : सामान्य गणितीय प्रक्रियाओं से निश्चित फल निकालना; संगणन करना ।

estimate : विचार, तर्क आदि से क़रीब-करीब ठीक मान, मात्रा आदि आँकना; प्राक्कलन करना ।

reckon : जबानी गिनती करना ।

[Calculation परिगणन; Computation संगणन; Estimation अनुमान, प्राक्कलन ।]

Call. Convene. Convoke. Invite. Summon.

call : किसी से किसी स्थान पर आने के लिए कहना; बुलाना ।

convene : किसी दल, समाज, समिति आदि के सदस्यों को विचार-विमर्श करने के लिए बुलाना; संयोजन करना ।

convoke : आधिकारिक रूप से बुलाना ।

invite : नम्रतापूर्वक या सादर किसी को अतिथि या सहयोगी के रूप में बुलाना; निमन्त्रित करना ।

summon : विधिक क्षेत्र में आधिकारिक तथा औपचारिक रूप से बुलाना; सम्मन भेजना ।

Caller *see* **Visitor.**

Calm. Peaceful. Placid. Serene. Tranquil.

calm : जिसमें किसी प्रकार की अशान्ति या क्षोभ न हो; शान्त ।

peaceful : अव्यवस्था से रहित; शान्तिपूर्ण ।

placid : स्वभाव से शान्त रहने तथा आवेश या उमंग में न आनेवाला; शान्तात्मा ।

serene : शान्त तथा प्रसन्न रहनेवाला ।

tranquil : स्थायी शान्ति से युक्त; प्रशान्त ।

Campaign *see* **Battle.**

Can. May.

can : कर सकना; विशेषत: शारीरिक या मानसिक शक्ति के द्वारा ।

may : कर सकना; सम्भवतया अथवा अनुमति मिलने पर ।

Cancel *see* **Abolish.**

Canon *see* **Law.**

Capable *see* **Able.**

Copious *see* **Plentiful.**

Capitulate *see* **Yield.**

Caprice. Crotchet. Vagary. Whim.

caprice : मन में सहसा उठनेवाली तरंग; मौज ।

crotchet : ऐसी तरंग जिसमें किसी नगण्य बात के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन चाहा जाए; सनक ।

vagary : ऐसी तरंग जिसके कारण काफी खर्च करना पड़े; झक ।

whim : ऐसी तरंग जो निकम्मी और विचित्र हो; खब्त ।

Capricious *see* **Inconstant.**

Captivate *see* **Attract.**

Capture *see* **Catch.**

Carcass *see* **Body.**

Care. Anxiety. Concern. Solicitude. Worry.

care : आशंका होने पर किसी की सुरक्षा-भावना के सम्बन्ध में होनेवाला सोच; ध्यान, फ़िक्र ।

anxiety : ऐसी सोच जिसमें भय आदि से मस्तिष्क क्षुब्ध हो रहा हो; चिन्ता ।

concern : किसी की रक्षा के निमित्त मन में होनेवाली बेचैनी; उद्विग्नता ।

solicitude : किसी के सुख-सुभीते का रखा जानेवाला ध्यान; खयाल, ध्यान ।

worry : ऐसी चिन्ता जिसमें घोर मानसिक कष्ट हो; दुश्चिन्ता ।

Careful. Cautious. Circumspect. Discreet. Meticulous. Prudent. Scrupulous. Wary.

careful : जो बड़े ध्यान से कोई काम करता हो; सावधान ।

cautious : जो भावी खतरे से बचने-बचाने के लिए सतर्क हो; चौकस ।

circumspect : हर प्रकार की परिस्थितियों में सावधान रहनेवाला; चौकन्ना ।

discreet : अवसर देखकर कार्य करनेवाला; जागरूक, होशियार ।

meticulous : ब्योरे की हर बात के प्रति सचेत रहनेवाला; अत्यधिक सतर्क ।

prudent : व्यावहारिक दृष्टि से सावधान; सयाना ।

scrupulous : हर बात की शुद्धता, सत्यता आदि का पूरा ध्यान रखनेवाला; सूक्ष्मदर्शी ।

wary : जो सशंकित होने के कारण सावधान हो; सजग ।

Caress. Cuddle. Dandle. Fondle. Neck. Pet.

caress : गले लगा, थप-थपा, चूमते या हाथ फेरते हुए प्यार प्रदर्शित करना ।

cuddle : (छोटे बच्चों को) गोद में लेकर प्यार करना ।

dandle : (छोटे बच्चों को) उछालते हुए प्यार प्रदर्शित करना ।

fondle : गोद में ले या छाती से लगाकर चूमते हुए प्यार प्रदर्शित करना ।

neck : (नवदम्पति के सम्बन्ध में) गले लगकर प्रेम प्रदर्शित करना ।

pet : इस प्रकार दुलार करना कि कोई प्रेम-भाजन बन जाए ।

Caricature. Burlesque. Lampoon. Parody. Satire.

caricature : ऐसा चित्रण जो अतिशयोक्तिपूर्ण तथा हास्यास्पद हो; व्यंग्य-चित्र ।

burlesque : साधारण विषय को गम्भीर या गम्भीर विषय को साधारण मानकर किया जाने वाला उसका हास्यास्पद तथा अपमानपूर्ण चित्रण या अंकन; व्यंग्य-चित्र ।

lampoon : ऐसी साहित्यिक रचना जिसमें किसी की भूलों-दोषों आदि का खूब मजाक उड़ाया गया हो; निन्दा-लेख ।

parody : किसी शैली की की जानेवाली व्यंग्यपूर्ण काव्यानुकृति; पैरोडी।

satire : ऐसी रचना जिसमें ज़िन्दगी की भूलों का मजाक उड़ाया गया हो; व्यंग्य-लेख, व्यंग्य-काव्य ।

Carriage *see* **Bearing.**

Carry. Bear. Convey. Transmit. Transport.

carry : उठा या लादकर अथवा किसी साधन द्वारा कोई चीज एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना ।

bear : किसी महत्त्वपूर्ण या भारी वस्तु को ले जाना ।

convey : किसी साधन द्वारा ले जाना या पहुँचाना ।

transmit : किसी निमित्त-मात्र कारण द्वारा भेजना; सम्प्रेषण करना ।

transport : किसी दूर के स्थान पर व्यक्तियों या वस्तुओं को ले जाना ।

Case *see* **Instance.**

Casual *see* **(i) Random, (ii) Accidental.**

Casualty *see* **Accident.**

Catch. Capture. Nab.

catch : पकड़ना; विशेषत: होशियारी से या पीछा करके पकड़ना ।

capture : बलात् पकड़ना; गिरफ्तार करना ।

nab : सहसा हिरासत मे ले लेना ।

Catechize *see* **Ask.**

Cause. Antecedent. Determinant. Motive. Reason.

cause : ऐसी घटना, बात या व्यक्ति जिसने कोई परिणाम उत्पन्न किया हो; कारण ।

antecedent : ऐसी पूर्ववर्ती कोई घटना जो बादवाली घटना का कारण बनी हो ।

determinant : किसी परिणाम का प्रबल या निर्णायक कारण ।

motive : किसी कार्य को करनेवाली कारण-रूप इच्छा ।

reason : तर्कपूर्ण कारण; हेतु ।

Caution *see* **Advise.**

Cautious *see* **Careful.**

Celebrate. Commemorate. Keep. Observe. Solemnize.

celebrate : किसी अवसर या घटना की खुशी में उत्सव या समारोह करना; मनाना ।

commemorate : किसी व्यक्ति या घटना की स्मृति में कोई समारोह करना ।

keep : औपचारिक रूप से कोई उत्सव करना ।

observe : आदरपूर्वक तथा यथोचित ढंग से कोई उत्सव मनाना ।

solemnize : धार्मिक दृष्टि से किसी अवसर पर अनुष्ठान करना ।

Celebrated *see* **Famous.**

Censure *see* **Criticize.**

Center *see* **Middle.**

Ceremony. Formality. Rite. Ritual.

ceremony : ऐसा कृत्य जो प्राय: किसी अवसर-विशेष पर औपचारिक रूप से किया जाता हो; समारोह, संस्कार ।

formality : समाज मे प्रचलित कोई परम्परागत किन्तु निरर्थक कृत्य; चलावा, औपचारिकता ।

rite : धर्म-कर्म, कर्मकाण्ड ।

ritual : वे कृत्य जो सामूहिक रूप से तथा धार्मिक दृष्टिकोण से किये जाते हैं ।

Certain *see* **Sure.**

Certainty. Assurance. Certitude. Conviction.

certainty : किसी का सत्य आदि में होनेवाला विश्वास; निश्चय ।

assurance : ऐसा विश्वासपूर्ण निश्चय या आश्वासन कि अमुक व्यक्ति अमुक प्रकार का काम करेगा या नही करेगा ।

certitude : दृढ निश्चय ।

conviction : ऐसा निश्चय जो संशय दूर हो जाने पर हुआ हो; आत्म-प्रत्यय ।

Certify *see* **Approve.**

Certitude *see* **Certainty.**

Cease *see* **Stop.**

Chagrined *see* **Ashamed.**

Chain *see* **Series.**

Cha[illegible] *see* (i) [illegible] (ii) [illegible]

Change. Alter. Convert. Modify. Transform. Vary.

change : बड़ा परिवर्तन करना, विशेषत: स्थानापन्न द्वारा; बदलना, परिवर्तन करना ।

alter : किसी चीज में इस प्रकार आंशिक परिवर्तन करना जिससे उसका मूल स्वरूप न बदले; आपरिवर्तन करना ।

convert : किसी अन्य उपयोग के लिए बदलना; प्रतिरूपान्तरण करना ।

modify : छोटा-मोटा परिवर्तन करके हलका और संचित करना ।

transform : रूप बदलना; रूपान्तरण करना ।

vary : बीच में या मनमाने ढंग से बदलना ।

Chaos *see* **Confusion.**

Character *see* **Disposition.**

Characteristic. Distinctive. Individual.

characteristic : जो किसी विशिष्ट गुण का स्पष्ट रूप से सूचक या परिचायक हो, भेदक, लक्षणक ।

distinctive : जो किसी बात की ओर विशेष रूप से संकेत करता और उसका अधिक महत्त्व सिद्ध करता हो; विशेषक, प्रभेदक ।

individual : किसी ऐसे गुण या तत्त्व का धारक जिसके फलस्वरूप वह अपने वर्ग के अन्य सदस्यों से अलग दिखाई पड़ता हो; व्यक्तिक ।

Charge *see* **Accuse.**

Charitable *see* **Philanthropic.**

Charm *see* **Attract.**

Chaperon *see* **Accompany.**

Chaste. Decent. Modest. Pure. Virtuous.

chaste : (नैतिक दृष्टि से) सदाचारी; विशेषत: जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के अतिरिक्त किसी और से यौन-सम्बन्ध स्थापित न किया हो ।

decent : सभ्य, सलज्ज तथा सदाचारी; शालीन ।

modest : शीलवान और संकोची ।

pure : जिसका कौमार्य प्राय: अबोधता के कारण खण्डित न हुआ हो; अक्षतयोनि ।

virtuous : अक्षतयोनि या पतिव्रता ।

Cheap. Inexpensive.

cheap : जिसकी क़ीमत या लागत कम हो तथा जो घटिया दर्जे का हो; सस्ता ।

inexpensive : उपयोगिता या महत्त्व के विचार से जिसकी क़ीमत कम हो; अल्पमूल्य ।

Cheat. Defraud. Dupe. Hoax. Swindle. Trick.

cheat : बेईमानी या धोखा देकर दूसरों को ठगना ।

defraud : धोखे से या जाल रचकर दूसरे की सम्पत्ति, अधिकार आदि का नाजायज फ़ायदा उठाना ।

dupe : किसी भोले-भाले व्यक्ति को उल्लू बनाकर उसका धन ऐंठना ।

hoax : मज़ाक-मज़ाक में किसी का धन ऐंठ लेना ।

swindle : किसी में विश्वास उपजाकर उसका धन ऐंठना ।

trick : चालाकी या दाँव से दूसरे की चीज या धन ले लेना ।

Check *see* **Restrain.**

Cheerful *see* **Happy.**

Chief. Foremost. Leading. Main. Prime. Principal.

chief : पद, महत्त्व आदि के विचार से सबसे बढ़कर; मुख्य ।

foremost : जो सबसे आगे बढ़ गया हो और इसीलिए जिसने सबसे अधिक महत्त्व प्राप्त कर लिया हो; सर्वप्रथम ।

leading : जिसमें आगे ले चलने, चलाने या बढ़ाने की क्षमता हो; प्रमुख ।

main : अन्य अंगों, अवयवों आदि की तुलना में अधिक महत्त्वपूर्ण ।

prime : समय, शक्ति, पद, महत्त्व आदि के विचार से प्रथम; प्रधान ।

principal : तर्क या पूर्व न्याय के विचार से औरों से बढ़कर तथा अन्यों पर नियन्त्रण रखनेवाला; प्रधान ।

Childlike. Childish.

childlike : बालोचित; विशेषत: बच्चों के अच्छे गुणों का सूचक ।

childish : बचकाना; विशेषत: उनके अवगुणों का सूचक ।

Cherish *see* **Appreciate.**

Childish *see* **Childlike.**

Chivalrous *see* **Brave.**

Choice. Alternative. Election. Option. Preference. Selection.

choice : अपने विवेक से पसन्द करने या चुनने की क्रिया या भाव; चयन ।

alternative : दो चीजों या सम्भावनाओं में से किसी एक को चुनने की क्रिया; विकल्प ।

election : आधिकारिक किन्तु औपचारिक चुनाव; निर्वाचन ।

option : उच्च अधिकारी से प्राप्त अधिकार जिसमें चुनने की पूर्ण स्वतन्त्रता होती है; वरण ।

preference : प्रवृत्ति या शौक से किसी को अधिक महत्त्व देने तथा पसन्द करने की क्रिया या भाव; वरीयता, तरजीह ।

selection : बहुत-सी चीज़ों में से सावधानी से छाँट-चुनकर किया जाने वाला चयन; चुनाव ।

Choose. Elect. Pick. Prefer. Select.

choose : प्रस्तुत में से विवेकपूर्वक चुनना ।

elect : आधिकारिक किन्तु औपचारिक रूप से चुनना; निर्वाचित करना ।

pick : अधिक मात्रा में उपलब्ध वस्तुओं में से विचारपूर्वक या यों ही कोई चीज़ उठा या चुन लेना ।

prefer : अपनी प्रवृत्ति या शौक के अनुसार पसन्द करना; वरीयता देना ।

select : गुण, योग्यता आदि के आधार पर चयन या वरण करना ।

Chuckle *see* **Laugh.**

Circular *see* **Round.**

Circumspect *see* **Careful.**

Circumstance *see* **Event.**

Civil. Courteous. Polite.

civil : सभ्यतापूर्ण तथा विनयशील; नागर ।

courteous : जिसमें सौजन्य तथा शिष्टता हो; भद्र, सम्भ्रान्त ।

polite : सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से नम्र; विनम्र, विनीत ।

Claim *see* **Demand.**

Clamour *see* **Noise.**

Clear *see* **Evident.**

Clemency *see* **Mercy.**

Clever. Cunning. Ingenious. Shrewd.

clever : तेज बुद्धिवाला तथा कार्यकुशल; चतुर, चालाक ।
cunning : जो समझ-बूझकर कुटिलतापूर्ण चाल चलता हो; धूर्त्त ।
ingenious : जो नई बात या ढंग खोज निकालने में कुशल हो; विचक्षण ।
shrewd : व्यवहार-कुशल ।

Clever *see* **Intelligent.**

Climax *see* **Summit.**

Cling *see* **Stick.**

Cloister. Convent. Monastery. Nunnery.

cloister : ऐसा एकान्त स्थान जहाँ धार्मिक दृष्टि से आदमी संसार से विरक्त होकर रहता हो; विहार ।
convent : ईसाइयों का मठ ।
monastery : ईसाई विरागियों का मठ ।
nunnery : ईसाई विरागिनियों का मठ ।

Close. Conclude. End. Finish. Terminate.

close : (खुले हुए को) बन्द करना ।
conclude : निश्चय के अनुसार औपचारिक रूप से बन्द करना ।
end : किसी चलते हुए व्यापार को (चाहे वह पूर्ण हुआ हो अथवा न हुआ हो) बन्द करना ।
finish : इच्छित उद्देश्य की सिद्धि होने पर बन्द या समाप्त करना; समापन करना ।
terminate : सीमा पर पहुँच जाने पर बन्द करना ।

Close *see* **Familiar.**

Clumsy *see* **Awkward.**

Clutch *see* **Take.**

Coalition *see* **Alliance.**

Coast *see* **Shore.**

Coerce *see* **Force.**

Cogent *see* **Valid.**

Cogitate *see* **Think.**

Cognate *see* **Related.**

Cognation *see* **Kinship.**

Cognizant *see* **Aware.**

Cohere *see* **Stick.**
Collate *see* **Compare.**
Colleague *see* **Associate.**
Collected *see* **Cool.**
Colossal *see* **Enormous.**
Combat *see* **Battle.**
Combine *see* **Join.**
Comely *see* **Beautiful.**

Comfort. Console. Relieve. Solace. Soothe.

comfort : किसी को खुश कर या उसे आशा बँधाकर उसका दुःख-दर्द कम करना ।

console : दुःख-दर्द की अनुभूति कम करने तथा संयत बनाने के लिए सान्त्वना देना ।

relieve : कुछ समय के लिए दुःख-दर्द की असह्य उग्रता घटा देना (विशेषतः सह्य बना देना) ।

solace : किसी उपाय से किसी का ध्यान दूसरी ओर आकृष्ट करके उसे उसका दुःख-दर्द भुला देना ।

soothe : दुःख-दर्द का उपशमन या निराकरण करना ।

Comfortable. Cozy. Snug.

comfortable : (स्थान) जो सुखकर तथा सन्तोषजनक हो और क्षोभ, कष्ट, असुविधा आदि से रहित हो; आरामदेह ।

cozy : (स्थान) जो मौसमी खराबियों के समय सुविधा देनेवाला हो; सुविधापूर्ण ।

snug : (स्थान) जो आकार-प्रकार में छोटा होने पर भी सुविधाजनक और सुरक्षित हो ।

Comic *see* **Funny.**
Comical *see* **Funny.**

Command. Bidding. Dictate. Injunction. Mandate. Order.

command : किसी परम सत्ताधारी द्वारा दिया हुआ आदेश; समादेश ।

bidding : ऐसा आदेश जो माता-पिता या स्वामी द्वारा दिया गया हो और जिसका पालन करना कर्तव्य हो; आदेश ।

dictate : (क) आधिकारिक, विशेषत: अधिनायक का आदेश; अधिदेश। (ख) अन्तरात्मा का आदेश।

injunction : न्यायालय द्वारा कोई काम न करने के लिए दिया हुआ आदेश; व्यादेश।

mandate : ऐसा आदेश जिसका पालन अनिवार्य और अवश्यम्भावी हो; प्रादेश।

order : अधीनस्थ को दी हुई आज्ञा जिसका पालन अन्य आज्ञाओं की अपेक्षा सबसे पहले करना पड़ता है; आदेश।

Command *see* **Power.**

Commemorate *see* **Celebrate.**

Commence *see* **Begin.**

Comment *see* **Remark.**

Commiseration *see* **Pity.**

Commission *see* **Authorize.**

Commit. Confide. Consign. Entrust.

commit : सँभालने या रखने के लिए दूसरे को कोई चीज देना; सुपुर्द करना।

confide : कोई चीज़ किसी आत्मीय के पास रख छोड़ना; सहेजना।

consign : औपचारिक प्रक्रिया द्वारा कोई चीज़ किसी को देना; सौंपना।

entrust : किसी ऐसे आदमी को कोई महत्त्वपूर्ण चीज सौंपना जिस पर पूर्ण विश्वास हो।

Common. Familiar. General. Ordinary. Popular. Vulgar.

common : जो सब में हो या जिसमें सब का हिस्सा हो अथवा जो हर जगह उपलब्ध हो; सामान्य।

familiar : जिसे विस्तृत क्षेत्र में जाना तथा आसानी से पहचाना भी जा सकता हो; जाना-बूझा।

general : जिसका सम्बन्ध वर्ग के हर सदस्य से हो; सामान्य, वर्ग-सामान्य।

ordinary : ऐसी विशेषताहीन चीज़ जो सर्वत्र उपलब्ध हो; मामूली, साधारण।

popular : जिसने लोक या जन-साधारण में प्रचलन पा लिया हो; लोक-गत ।

vulgar : साधारण लोक-विषयक; आम ।

Common *see* **Mutual.**

Companion *see* **Associate.**

Compare. Collate. Contrast.

compare : यह देखना कि कौन-कौन बातें एक-जैसी और कौन-कौन भिन्न हैं; तुलना करना, मिलान करना ।

collate : विस्तृत रूप से तथा आलोचनात्मक दृष्टि से मिलान करना; परितोलन करना ।

contrast : यह देखना कि परस्पर क्या-क्या या कौन-कौन-सी विभिन्नताएँ है; भेद दिखलाना ।

[Comparison तुलना, मिलान; Collation परितोलना; Contrast व्यतिरेक ।]

Compassion *see* **Pity.**

Compassionate *see* **Tender.**

Compel *see* **Force.**

Competent *see* **(i) Able, (ii) Sufficient.**

Competition. Emulation. Rivalry.

competition : किसी एक ही पद, पुरस्कार, उद्देश्य आदि की प्राप्ति के लिए अनेक लोगों द्वारा किया जानेवाला प्रयत्न; होड़, प्रति-योगिता ।

emulation : किसी प्रशसित व्यक्ति की बराबरी तक पहुँचने या उससे आगे निकल जाने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न या होनेवाली भावना; स्पर्धा ।

rivalry : योग्यता आदि में एक से या बराबरी के विरोधियों में होनेवाली दुर्भावपूर्ण प्रतियोगिता; प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिस्पर्धा ।

Complete. Entire. Full. Intact. Total. Whole.

complete : पूर्ण इकाई के रूप में होनेवाला; पूरा ।

entire : जिसमें कुछ कम किया या निकाला न गया हो; समूचा ।

full : जो ऐसी सब बातों से युक्त हो जो आवश्यक हों; भरा, भरा-पूरा ।

intact : जो खण्डित या विभाजित न हुआ हो; साबूत, अखण्ड ।

total : सब चीजों का ऐसा जोड़ जिसमें से कोई चीज छूटी न हो; कुल, सब।

whole : आरम्भ से अन्त तक या एक सिरे से दूसरे सिरे तक जितना हो उतना सब; सारा।

Complex. Complicated. Intricate. Involved.

complex : जिसके अंग-प्रत्यंग इस प्रकार एक-दूसरे से मिले हों कि उन्हें जानने या संचालित करने के लिए विशेष अध्ययन, प्रशिक्षण आदि की आवश्यकता हो; जटिल।

complicated : इस प्रकार उलझा हुआ कि उसे समझने में कठिनाई होती हो; उलझाव-भरा।

intricate : जो इतना अधिक उलझा हुआ हो कि उसे सुलझाना कठिन हो; पेचीला।

involved : इस प्रकार उलझा हुआ कि अस्पष्ट और अव्यवस्थित जान पड़े; गहन और पेचीला; अन्तर्ग्रस्त।

Complicated *see* **Complex.**
Component *see* **Element.**
Comport *see* **Behave.**
Composed *see* **Cool.**
Comrade *see* **Associate.**
Comprehend *see* **Include.**
Compress *see* **Contract.**
Compromise *see* **Agreement.**
Compunction *see* **Penitence.**
Compute *see* **Calculate.**
Conceal *see* **Hide.**
Conceit *see* **Pride.**
Concept *see* **Idea.**
Conception *see* **Idea.**
Concern *see* **(i) Care, (ii) Affair.**

Concise. Laconic. Pithy. Succint. Terse.

concise : सुगठित, सार-भरा तथा थोड़े-से शब्दों में होनेवाला; संक्षिप्त।

laconic : इतना संक्षिप्त कि अपूर्ण या द्वयार्थक प्रतीत हो।

pithy : संक्षिप्त, परिहासपूर्ण तथा ज़ोरदार।

succint : अति संक्षिप्त; विशेषत: स्पष्ट और सुगठित।

terse : अत्यन्त स्पष्ट; विशेषत: व्यवस्थित तथा संक्षिप्त।

Conclude *see* **(i) Decide, (ii) Close, (iii) Infer.**

Concur *see* **Consent.**

Condemn *see* **Criticize.**

Condense *see* **Contract.**

Condition *see* **State.**

Condolence *see* **Pity.**

Conduct. Control. Direct. Manage.

conduct : अपनी देख-रेख में, विशेषत: ज्ञान, बुद्धि और कुशलता का उपयोग करते हुए कोई काम या प्रक्रिया करना; संचालित करना।

control : दृढ़ निर्देशनों के अनुसार व्यवस्था करना; नियन्त्रण करना।

direct : प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष देख-रेख में आज्ञाओं तथा निर्देशों से काम कराना; निर्देशित करना।

manage : अपनी देख-रेख में ब्योरे की हर मद का ध्यान रखते हुए प्रबन्ध या व्यवस्था कराना।

Conduct *see* **Behave.**

Confederacy *see* **Alliance.**

Confederate *see* **Associate.**

Confederation *see* **Alliance.**

Confer *see* **Give.**

Confess *see* **Acknowledge.**

Confide *see* **Committ.**

Confidence. Assurance. Selfconfidence.

confidence : किसी की योग्यता या क्षमता पर होनेवाला विश्वास।

assurance : किसी को दिलाया जानेवाला विश्वास; आश्वासन।

selfconfidence : अपनी क्षमता या योग्यता पर होनेवाला विश्वास; आत्मविश्वास।

Confidence *see* **Belief.**

Confident *see* **Sure.**

Confidential *see* **Familiar.**

Confirmation. Authentication. Corroboration. Validation. Verification.

confirmation : अनिश्चित या संदिग्ध कथन की पुष्टि; पुष्टिकरण।

authentication : प्राधिकारी या विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित किया जाना; प्रमाणीकरण।

corroboration : एक कथन की पुष्टि दूसरे कथन से करना; परिपुष्टि।

validation : आधिकारिक रूप से दी हुई मान्यता या की हुई पुष्टि; अभिपुष्टि।

verification : जांच-पड़ताल, मिलान आदि के द्वारा किसी बात की सत्यता सिद्ध करना; सत्यापन।

Conflict. Contention. Contest. Fight. Struggle.

conflict : परस्पर-विरोधी विचारों, स्वार्थों आदि में चलनेवाला संघर्ष।

contention : मौखिक संघर्ष; कहा-सुनी।

contest : ऐसा संघर्ष जिसमें दूसरों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करनी होती है; प्रतियोगिता।

fight : ऐसा संघर्ष जिसमें हाथापाई या लड़ाई होती हो।

struggle : ऐसा संघर्ष जिसमें घोर प्रयत्न करना पड़े।

Confusion. Chaos. Disarry. Disorder. Jumble. Muddle.

confusion : चीज़ों या बातों की ऐसी गड़बड़ी जिसमें उन्हें अलग-अलग करना या पहचानना कठिन हो; घपला।

chaos : संघटन तथा प्रशासन के नष्ट होने पर मचनेवाली गड़बड़ी; अस्त-व्यस्तता।

disarry : व्यवस्था व क्रमबद्धता का नष्ट होना; गोलमाल।

disorder : व्यवस्था का नष्ट या अस्त-व्यस्त होना; अव्यवस्था।

jumble : भिन्न-भिन्न आकार-प्रकार या रूप-रंग की वस्तुओं का एक ही में होनेवाला सम्मिश्रण; गड्डमड्ड।

muddle : कुव्यवस्था के कारण होनेवाली गड़बड़ी।

Conform *see* **Adapt.**

Confounded *see* **Puzzled.**

Confused *see* **Puzzled.**

Confute *see* **Disprove.**

Congenital *see* **Innate.**

Conjecture *see* **Guess.**

Connect *see* **Join.**

Connoisseur *see* **Aesthete.**

Conquer. Defeat. Overcome. Overthrow. Rout. Subdue. Subjugate. Vanquish.

conquer : अपनी शारीरिक, मानसिक या नैतिक शक्ति से दूसरे पर विजय पाना।

defeat : (प्रस्तुत समय के विचार से) हराना।

overcome : विरोधी या विपत्ति पर छा जाना अथवा उसे पराभूत करना।

overthrow : वर्तमान सत्ताधारियों को शक्तिपूर्वक हटाकर विजय पाना; तख्ता उलटना।

rout : इस प्रकार बुरी तरह हराना कि विपक्षी छिन्न-भिन्न हो जाएँ।

subdue : इस प्रकार हराना कि विरोधी का धैर्य टूट जाए और फलतः साहस नष्ट हो जाए।

subjugate : विरोधी या विपक्षी को हराकर अपने पूर्ण नियन्त्रण में ले आना।

vanquish : युद्ध या अन्य किसी प्रकार के संघर्ष में पराजित करना।

Conquest *see* **Victory.**

Consent. Accede. Assent. Concur. Quiesce.

consent : (सद्भावनापूर्वक) स्वीकृति देना।

accede : अपना पक्ष छोड़कर दूसरे की बात मान लेना।

assent : (सामान्य तथा व्यापक क्षेत्र में) स्वीकृति देना।

concur : विषय-विशेष को कार्य-रूप देने की पद्धति में एकमत होना।

quiesce : मौन स्वीकृति देना।

Consequence *see* **Importance.**

Conscious *see* **Aware.**

Consider. Contemplate. Reflect. Study. Weigh.

consider : किसी चीज़ को समझने या उस पर निर्णय करने के लिए विचार करना।

contemplate : गहरा तथा निरन्तर सोच-विचार करना।

reflect : बीती हुई बात की अच्छाई-बुराई के सम्बन्ध में विचार करना।

study : एकाग्रचित्त होकर ब्योरे की हर चीज पर विचार करना; अध्ययन करना।

weigh : विभिन्न या विरोधी मतों के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के उद्देश्य से विचार करना।

Considerate *see* **Thoughtful.**

Consign *see* **Commit.**

Console *see* **Comfort.**

Consolidate *see* **Join.**

Conspicuous *see* **Noticeable.**

Conspiracy *see* **Plot.**

Constant *see* **(i) Continue, (ii) Faithful.**

Constituent *see* **Element.**

Constrain *see* **Force.**

Construe *see* **Explain.**

Construct *see* **Make.**

Contain. Accommodate. Hold.

contain : अपने में रखना या भरना; विशेषतः अन्तर्धारण करना।

accommodate : गुंजाइश करना; स्थान देना।

hold : क्षमतापूर्वक धारण करना।

Contaminate. Defile. Pollute. Taint.

contaminate : मलिन या भ्रष्ट करना।

defile : अपवित्र करना।

pollute : कलुषित या भ्रष्ट करना।

taint : दूषित करना।

Contemplate *see* **Consider.**

Contemplative *see* **Pensive.**

Contemporaneous *see* **Contemporary.**

Contemporary. Contemporaneous. Simultaneous.

contemporary : (व्यक्ति अथवा उनकी कृतियाँ) जो एक ही समय में हुए हों; समकालीन।

contemporaneous : (घटनाएँ) जो एक ही समय में हुई हों; सामयिक।

simultaneous : जिनके होने में बहुत थोड़े समय का अन्तर हो; सम-सामयिक ।

Contention *see* **(i) Conflict, (ii) Discord.**

Contest *see* **Conflict.**

Contiguous *see* **Adjacent.**

Contingency *see* **Emergency.**

Continual. Constant. Continuous. Eternal. Incessant. Perpetual.

continual : अविच्छिन्न रूप से या पुन:-पुन: दीर्घकाल तक चला चलने वाला; सतत ।

constant : जिसके होते रहने में कोई विशेष क्रम या अनुरूपता रहती हो; एक-तार ।

continuous : अविच्छिन्न रूप से बना रहने या चला चलने वाला; लगातार, निरन्तर ।

eternal : इस प्रकार चलनेवाला कि उसका कहीं अन्त न हो; जो अन्त-हीन हो, अनन्त ।

incessant : जो बिना रुके चला चलता हो; अविराम ।

perpetual : अनिश्चित समय तक जम या डटकर होने या बना रहने वाला; नित्य ।

Continuous *see* **Continual.**

Contract. Compress. Condense, Deflate. Shrink.

contract : आकार या विस्तार में खिंचाव के कारण कम होना; सिकुड़न, आकुंचन होना ।

compress : चाप, दबाव आदि के कारण ठोस बनना ।

condense : ठोस या घनीभूत होना ।

deflate : वायु आदि निकलने के कारण कम या हल्का होना; पिचकना ।

shrink : कपड़े का अपेक्षित या सामान्य आकार-प्रकार में कम होना; सिकुड़ना, संकुचन होना ।

Contradict *see* **Deny.**

Contrary *see* **Opposite.**

Contrast *see* **Compare.**

Control *see* **(i) Conduct, (ii) Power.**

Controversy *see* **Argument.**
Controvert *see* **Disapprove.**
Contemn *see* **Despise.**
Convene *see* **Call.**
Convent *see* **Cloister.**
Convert *see* **Change.**
Convey *see* **Carry.**
Conviction *see* **Certainty.**
Convincing *see* **Valid.**
Convoke *see* **Call.**
Convoy *see* **Accompany.**

Cool. Composed. Collected. Non-chalant. Unruffled.

cool : जिसमें उत्तेजना या उग्रता न हो; शान्त।

composed : धैर्यपूर्वक विकट परिस्थितियों का सामना करनेवाला; गम्भीर।

collected : विषम परिस्थितियों में भी अपने मनोभावों पर कठोर अनुशासन रखनेवाला; प्रकृतिस्थ।

non-chalant : जो बाहरी परिस्थितियों से उदासीन रहता हो; अनुत्तेजित।

unruffled : क्षोभकारी परिस्थितियों में शान्त मुद्रा बना रहनेवाला; अविचलित।

Copy. Duplicate. Facsimile. Replica, Reproduction.

copy : मूल के निकट होनेवाली नक़ल; प्रति।

duplicate : ऐसी प्रतियों में से हरेक जो एक साथ तैयार हुई या बनी हो; प्रतिलिपि।

facsimile : हूबहू नक़ल; अनुप्रति।

replica : ऐसा चित्र जो मूल चित्रकार ने अपने किसी चित्र के अनुकरण पर बनाया हो; प्रतिकृति।

reproduction : किसी चीज़ का अनुकरण करते हुए बनाई जानेवाली प्रति; पुनरुत्पादन।

Cordial *see* **Amiable.**
Corporeal *see* **(i) Material, (ii) Bodily.**

Correct. Accurate. Exact. Precise.

correct : जिसमें कोई भूल न हो; शुद्ध, ठीक ।

accurate : जो आँकड़ों, तथ्यों आदि के अनुकूल हो; सही ।

exact : जिसमें ब्योरे की सभी बारीकियों पर ध्यान रखा गया हो; यथा-तथ्य ।

precise : जो शुद्ध, यथार्थ तथा परिष्कृत हो; परिशुद्ध ।

Corroboration *see* **Confirmation.**

Corrupt *see* **Debase.**

Corpse *see* **Body.**

Costly. Dear. Expensive. Invaluable. Valuable.

costly : जो अमीराना, भव्य या दुर्लभ हो; क़ीमती ।

dear : जिसकी क़ीमत उचित दर से बहुत अधिक या बढ़ी-चढ़ी हो; महँगा ।

expensive : जिसकी क़ीमत उसके अर्घ से अधिक हो; महँगा ।

invaluable : जिसका अर्घ इतना अधिक हो कि रुपये-पैसे में न आँका जा सके; अमूल्य, अमूल्यवान ।

valuable : जिसकी क़ीमत उसके अर्घ या महत्त्व के कारण अधिक हो; मूल्यवान ।

Countenance *see* **Face.**

Counterfeit *see* **(i) Artificial, (ii) False.**

Courageous *see* **Brave.**

Courteous *see* **Civil.**

Counsel *see* **Advise.**

Covet *see* **Envy.**

Covetous *see* **Greedy.**

Covey *see* **Group.**

Cozy *see* **Comfortable.**

Craft *see* **Art.**

Crafty *see* **Sly.**

Crash *see* **Break.**

Credible *see* **Plausible.**

Credit *see* **Ascribe.**

Creep. Crawl.

creep : अलक्षित रूप से या धीरे-धीरे चलना; सरकना।

crawl : पेट के बल चलना; रेंगना।

Crisis *see* **Emergency.**

Crisp *see* **Fragile.**

Criterion *see* **Standard.**

Critical *see* **Acute.**

Criticize. Blame. Censure. Condemn. Denounce. Reprehend.

criticize : त्रुटियाँ या दोष दिखलाना; आलोचना करना।

blame : दोष की जवाबदेही किसी पर रखना; दोषारोपण करना।

censure : अधिकारपूर्वक निन्दा या तिरस्कार करना।

condemn : यह निर्णय सुनाना कि अमुक व्यक्ति अपराधी है; अपराधित करना।

denounce : सार्वजनिक रूप से या खुलेआम निन्दा करना।

reprehend : उग्रतापूर्वक तिरस्कार करना; भर्त्सना करना।

[Criticism आलोचना; Blame दोषारोपण; Censure तिरस्कार, निन्दा; Condemnation अपराधन; Reprehension भर्त्सना।]

Crotchet *see* **Caprice.**

Crow *see* **Boast.**

Crowd. Horde. Host. Multitude. Mob. Swarm. Throng.

crowd : बिना किसी क्रम से तथा सघन रूप से वस्तुओं या व्यक्तियों का होनेवाला जमाव; भीड़।

horde : उपद्रवियों या लुटेरों का गिरोह।

host : सम्बद्ध व्यक्तियों का अच्छा-खासा समूह; जमघट।

multitude : बहुसंख्यक व्यक्तियों या वस्तुओं का समूह; समुच्चय।

mob : उच्छृंखल तथा कोलाहल करता हुआ जनसमूह।

swarm : ऐसा झुण्ड जो बराबर आगे बढ़ता चलता हो; झुण्ड।

throng : चलते हुए व्यक्तियों का रेला।

Crucial *see* **Acute.**

Cruel. Brutal. Inhuman. Pitiless. Ruthless.

cruel : दूसरों को सताने या उनके दुःखों से उदासीन रहनेवाला; क्रूर
निर्मम ।

brutal : जंगली व्यक्तियों या जानवरों की तरह निर्मम; बर्बर ।

inhuman : जिसमें मनुष्यता न हो; अमानुषिक ।

pitiless : जो सताये हुए लोगों पर भी दया न करता हो; निर्दय ।

ruthless : जो अपने स्वार्थ से अभिभूत होने के कारण दूसरों के सुख
सुभीते का ध्यान न रखता हो; निष्ठुर ।

Crush *see* **Break.**

Cry. Blubber. Moan. Sob. Wail. Weep. Whimper.

cry : दुःख-दर्द के कारण रोते हुए चिल्लाना; कराहना ।

blubber : झूठ-मूठ या मुंह बनाकर रोना-बिलखना ।

moan : रोते हुए गहरे ठंडे साँस लेना; आहें भरना ।

sob : सिसकियाँ भरना; सिसकना ।

wail : रोते हुए शोक प्रकट करना; विलाप करना ।

weep : आँसू बहाना; रोना ।

whimper : फुसफुसाते हुए रोना; फुसफुसाना ।

Cryptic *see* **Obscure.**

Cuddle *see* **Caress.**

Cumbersome *see* **Heavy.**

Cunning *see* **(i) Clever, (ii) Sly.**

Curb *see* **Restrain.**

Curious. Inquisitive. Meddlesome. Prying.

curious : जिसमें जानकारी प्राप्त करने की विशेष इच्छा हो; जिज्ञासु ।

inquisitive : असम्बन्धित या पराई बातों को जानने-पूछने की जिसकी
आदत हो ।

meddlesome : जो कुछ जानने के लिए दूसरों के काम में बाधा पहुँचाता
हो या हस्तक्षेप करता हो; परकार्यचर्चाशील ।

prying : जो टोह लेना या लगाना चाहता हो; टोह लगानेवाला या
ताक-झाँक करनेवाला ।

Current *see* **Prevailing.**

Curse. Anathematize. Damn. Exerate. Imprecate.

curse : किसी के अहित की कामना करना; कोसना ।

anathematize : दैवीय शक्ति का शाप देना ।

damn : लानत भेजना ।

exerate : चिढ़कर या क्रुद्ध होकर कोसना ।

imprecate : बदला लेने की भावना से कोसना ।

Curve. Bend. Turn. Twist.

curve : मोड़कर चाप का रूप देना ।

bend : किसी ऐसी चीज़ को दबाकर चाप का रूप देना जो साधारणतया सीधी रहती हो ।

turn : मोड़ना; विशेषतः जिससे कोई चीज़ घूम या पलट जाय ।

twist : भाँजना; मोड़कर सामान्य से भिन्न स्थिति में लाना ।

Custom *see* **Habit.**

Customary *see* **Usual.**

Dainty. Fastidious. Nice. Particular. Squeamish.

dainty : जो अपनी सुरुचि के विचार से अरुचिपूर्ण तत्त्व अमान्य कर देता हो; नाज़ुक-मिजाज़ ।

fastidious : जो हल्के से दोष से युक्त किसी चीज़ को ऊँचे स्तर से देख-कर अमान्य कर देता हो; तुनक-मिजाज़ ।

nice : जो अपनी सूक्ष्म निरीक्षण-शक्ति से हर चीज़ में कोई-न-कोई अन्तर या भेद ढूँढ निकालता हो; नखरेबाज़ ।

particular : जो किसी चीज़ को अपने स्तर के उपयुक्त न समझकर अमान्य कर देता हो; नखरेबाज़ ।

squeamish : जिसे कोई बात पसन्द ही न आती हो; नकचढ़ा ।

Damage *see* **Injure.**

Damn *see* **Curse.**

Damp *see* **Wet.**

Dandle *see* **Caress.**

Danger. Hazard. Jeopardy. Peril.

danger : भय उत्पन्न करनेवाली बात; खतरा ।

hazard : दिखाई पड़ता हुआ और आता हुआ खतरा; विपत्ति ।

jeopardy : उपस्थित खतरा; संकट ।

peril : ऐसा खतरा जो सामने खड़ा दिखाई देता हो; विपद्, विपत्ति ।

Dank *see* **Wet.**

Daring *see* **Adventurous.**

Dark. Dim. Dusky. Gloomy. Murky.

dark : काला और अन्धकारपूर्ण ।

dim : धुँधला और अस्पष्ट ।

dusky : मटमैला या धूसर ।

gloomy : अन्धकारपूर्ण; विशेषत: उदासी या निराशा का सूचक ।

murky : घने अन्धकार से युक्त ।

Dead. Deceased. Defunct. Departed. Ex. Extinct. Inanimate. Late. Lifeless.

dead : जिसकी जीवनी-शक्ति नष्ट हो गई हो; मृत ।

deceased : (विधिक क्षेत्र में तथा आदरसूचक प्रसंगों में) दिवंगत ।

defunct : जिसका अस्तित्व मिट चुका हो; नेस्त ।

departed : (मंगल भाषित) गत, दिवंगत ।

ex : भूतपूर्व ।

extinct : (जातियाँ) जिनके सदस्य अब न बचे हों; मृत, लुप्त ।

inanimate : जिसमें कभी जीवन न रहा हो; जड़ ।

late : स्वर्गीय; भूतपूर्व ।

lifeless : निष्प्राण, निर्जीव ।

Dear *see* **Costly.**

Debase. Corrupt. Debauch. Deprave. Pervert.

debase : मान, महत्व आदि गिरना; पतित होना ।

corrupt : मान्य स्तर से नीचे गिरना; भ्रष्ट होना ।

debauch : व्यसन आदि के कारण भ्रष्ट होना; बिगड़ना ।

deprave : नैतिक दृष्टि से भ्रष्ट होना; दुश्चरित्र होना ।

pervert : स्वाभाविक पथ से हटना; विपथगामी होना ।

Debase *see* **Degrade.**

Debate *see* **Discuss.**

Debauch *see* **Debase.**

Decay. Moulder. Putrefy. Rot. Spoil.

decay : ढहना; विशेषत: शनै:-शनै: और स्वाभाविक रूप से ।

moulder : ढहते-ढहते नष्ट-प्राय हो जाना ।

putrefy : इस प्रकार गल-सड़ जाना कि बदबू निकलने लगे ।

rot : सड़ना ।

spoil : ख़राब होना ।

Deceased *see* **Dead.**

Decide. Conclude. Determine. Resolve. Settle.

decide : निश्चय करना ।

conclude : अच्छी तरह सोच-विचारकर तथा जांच-पड़ताल कर निश्चय करना ।

determine : निर्धारित या नियत करना ।

resolve : निश्चयपूर्वक दृढ़ धारणा बनाना ।

settle : तय करना ।

Deceitful *see* **Dishonest.**

Deceive. Beguile. Betray. Delude. Mislead.

deceive : अपने उद्देश्य की सिद्धि के लिए दूसरों के सामने ग़लत तथ्य उपस्थित करना; धोखा देना ।

beguile : फुसलाकर धोखा देना; बहकाना ।

betray : विश्वासघात करना ।

delude : किसी को बेवक़ूफ़ बनाकर अपना उल्लू सीधा करना ।

mislead : ग़लत रास्ते पर अनजान में या जान-बूझकर ले चलना; पथ-भ्रष्ट करना ।

Decency *see* **Decorum.**

Decent *see* **Chaste.**

Declare. Announce. Proclaim. Publish.

declare : घोषणा करना या घोषित करना ।

announce : औपचारिक रूप से सार्वजनिक घोषणा करना; प्रसारित करना ।

proclaim : आधिकारिक रूप से कोई महत्त्वपूर्ण विधिक घोषणा करना ।

publish : प्रकाशित करना ।

Decline. Refuse. Reject. Repudiate. Spurn.

decline : शिष्टतापूर्वक किसी का निमन्त्रण, प्रस्ताव आदि अस्वीकार करना ।

refuse : स्पष्ट रूप से या साफ़-साफ़ इन्कार करना ।

reject : अपने विशेषाधिकार से अस्वीकृत करना ।

repudiate : अमान्य करार देना; अग्राह्य ठहराना ।

spurn : तिरस्कारपूर्वक अस्वीकृत करना ।

Decompose *see* **Disintegrate.**

Decorate *see* **Adorn.**

Decorum. Decency. Dignity. Etiquette. Propriety.

decorum : ऐसी व्यवहारशीलता जो परिस्थितियों के अनुकूल हो तथा जिसके अनुकूल कड़ाई से आचरण करना चाहिए; मर्यादा ।

decency : ऐसी व्यवहारशीलता जो अच्छे स्वभाव की परिचायक हो; सुशीलता ।

dignity : अपने पद, मान आदि के अनुकूल होनेवाली व्यवहारशीलता; आन-बान ।

etiquette : सभ्य समाज के लिए स्थिर या नियत किये हुए आचरण; शिष्टाचार ।

propriety : सु-जन के उपयुक्त आचरण; सौजन्य ।

Decrease. Diminish. Dwindle. Lessen. Reduce.

decrease : मान, संख्या आदि मे क्रमशः घटना ।

diminish : बाहरी प्रभावों के फलस्वरूप घटना; ह्रास होना ।

dwindle : घटकर नष्ट-प्राय होना ।

lessen : अपेक्षया कम होना ।

reduce : घटकर कमजोर या दुर्बल होना ।

Dedicate *see* **Devote.**

Deduce *see* **Infer.**

Deed *see* **Act.**

Defeat *see* **Conquer.**

Defect *see* **Fault.**

Defend. Guard. Preserve. Protect. Shield.

defend : आक्रमण आदि हटाते हुए रक्षा करना ।

guard : रक्षा के उद्देश्य से चौकसी करना ।

preserve : लूट-खसोट, क्षय, नाश आदि से सुरक्षित रखना ।

protect : सुरक्षित रखना; विशेषतः किसी प्रकार के आवरण, आड़ या ओट के द्वारा ।

shield : प्रस्तुत आक्रमण, आघात या आक्षेप से रक्षा करना ।

Defile *see* **Contaminate.**

Definite *see* **Explicit.**

Deflate *see* **Contract.**

Defraud *see* **Cheat.**

Defunct *see* **Dead.**

Degrade. Abase. Debase. Humble. Humiliate.

degrade : पद नीचा करना; पदावनत करना ।

abase : जान-बूझकर कुछ समय के लिए अपना आदर स्वयं घटाना; कदर या दर्जा घटाना ।

debase : मान, महत्त्व, मूल्य आदि में कमी होना; ह्रास होना ।

humble : किसी का अभिमान चकनाचूर करना; निरादर करना ।

humiliate : खुलेआम अपमानित या लज्जित करना; नीचा दिखाना ।

Degrading *see* **Base.**

Deist *see* **Atheist.**

Dejected *see* **Sad.**

Deleterious *see* **Pernicious.**

Deliberate *see* **(i) Think, (ii) Voluntary.**

Delight *see* **Pleasure.**

Deliver *see* **Save.**

Delusion. Hallucination. Illusion. Mirage.

delusion : ऐसा भ्रम जो भूल, उन्माद आदि के कारण हो; विभ्रम ।

hallucination : बुद्धि विकृत होने पर होनेवाला भ्रम; मतिभ्रम ।

illusion : दृष्टि-दोष या ग़लत अर्थ की प्रतीति के फलस्वरूप होनेवाला भ्रम; भ्रान्ति ।

mirage : ऐसी चीज़ प्राप्त करने की सामर्थ्य आदि का भ्रम जो वस्तुतः प्राप्त न हो सकती हो; मरीचिका ।

Demand. Claim. Require.

demand : कोई चीज़ आवश्यक या प्राप्य होने पर अधिकारपूर्वक माँगना ।

claim : दूसरे के अधिकार में होनेवाली चीज़ अपनी बतलाते हुए माँगना; अभ्यर्थन करना ।

require : अभीष्ट होने के कारण कोई चीज़ चाहना; अपेक्षित समझना ।

Demean *see* **Behave.**

Demeanour *see* **Bearing.**

Demour *see* **Object.**

Demure *see* **Shy.**

Denounce *see* **Critisize.**

Denude *see* **Strip.**

Deny. Contradict. Gainsay. Impugn.

deny : ग़लत घोषित करना ।

contradict : खण्डन करना ।

gainsay : किसी के कथन को चुनौती देना ।

impugn : लगाये हुए आरोप का ज़ोरदार शब्दों में खण्डन करना ।

Departed *see* **Dead.**

Dependable *see* **Reliable.**

Deport *see* **(i) Banish, (ii) Behave.**

Deportment *see* **Bearing.**

Deprave *see* **Debase.**

Depressed *see* **Sad.**

Derision *see* **Ridicule.**

Derive *see* **Rise.**

Descry *see* **See.**

Desert *see* **(i) Abandon, (ii) Waste.**

Design *see* **Plan.**

Desist *see* **Stop.**

Despairing *see* **Hopeless.**

Desperate *see* **Hopeless.**

Despise. Contemn. Disdain. Scorn.

despise : तुच्छ या उपेक्ष्य समझना ।

contemn : तीखे स्वर में उपेक्षा करना ।

disdain : अभिमानपूर्वक अवहेलना करना ।

scorn : तिरस्कारपूर्वक देखना; हेय समझना ।

Despise *see* **Hate.**
Desponding *see* **Hopeless.**
Destiny *see* **Fate.**
Destitute *see* **Poor.**
Destroy *see* **Random.**
Detached *see* **Indifferent.**
Determinant *see* **Cause.**
Determine *see* **Decide.**
Detest *see* **Hate.**
Detrimental *see* **Pernicious.**

Devote. Dedicate.

devote : दृढ़प्रतिज्ञ होना या लगना; अर्पित करना।

dedicate : किसी शुभ या पवित्र उद्देश्य से देना या लगना; समर्पित करना।

Dictate *see* **Command.**

Different. Dissimilar. Distinct. Divergent. Diverse.

different : और तथा अलग प्रकार का; भिन्न, विभिन्न।

dissimilar : (क) जो मिलता-जुलता न हो; असदृश। (ख) जो किसी से मेल न खाता हो; असमरूप।

distinct : भिन्न तथा असम्बद्ध; अलग, पृथक्।

divergent : भिन्न, विशेषतः परस्पर-विरुद्ध; अपसारी।

diverse : जिसमें प्रत्यक्ष विभिन्नता हो; असमान तथा असदृश।

Differentiate *see* **Distinguish.**
Difficult *see* **Hard.**
Diffident *see* **Shy.**
Digest *see* **Abridgment.**
Dignity *see* **Decorum.**
Dilemma *see* **Predicament.**
Dilettante *see* **Aesthete.**
Diligent *see* **Busy.**
Dim *see* **Dark.**
Diminish *see* **Decrease.**

Diminutive *see* **Small.**

Din *see* **Noise.**

Diplomatic *see* **Suave.**

Direct *see* **Conduct.**

Dirty. Filthy. Foul. Grimy. Soiled.

dirty : गन्दगी-भरा; गन्दा ।

filthy : गन्दा और घिनौना ।

foul : गन्दा और दुर्गन्धित ।

grimy : कालिख-भरा ।

soiled : मैल-भरा; मैला ।

Disappear *see* **Vanish.**

Disarray *see* **Confusion.**

Discern. Distinguish. Notice. Observe. Perceive.

discern : प्रत्यक्ष रूप से या मानसिक रूप से जान या पहचान लेना ।

distinguish : भेद देखना या जानना; अन्तर प्रतिष्ठित करना ।

notice : (कोई नई, विशेष या अप्रत्याशित बात) ध्यानपूर्वक देखना ।

observe : कुछ जानने के लिए ध्यानपूर्वक देखना; निरीक्षण करना ।

perceive : विचार या दूरदर्शिता से समझ या जान लेना ।

Discharge *see* **Free.**

Disciple *see* **Pupil.**

Disclose *see* **Reveal.**

Discomfit *see* **Embarrass.**

Disconcert *see* **Embarrass.**

Discontinue *see* **Stop.**

Discord. Contention. Dissension. Strife.

discord : (क) अनैक्य या फूट के कारण होनेवाला झगड़ा; कलह ।
(ख) अनैक्य, फूट ।

contention : मौखिक झगड़ा; कहा-सुनी ।

dissension : (क) दो गुटों में मतभेद के फलस्वरूप होनेवाला झगड़ा ।
(ख) मतभेद ।

strife : (क) प्रतिद्वन्द्वितापूर्ण संघर्ष; द्वन्द्व । (ख) संघर्ष ।

Discourteous *see* **Rude.**

Discreet *see* **Careful.**

Discriminate *see* **Distinguish.**

Discuss. Argue. Debate. Dispute.

discuss : कोई विवाद सुलझाने अथवा कोई कार्य-पद्धति निश्चित करने के लिए सौजन्यपूर्ण वातावरण में विचार करना; विचार-विमर्श करना।

argue : तर्कपूर्वक किसी कथन, मत आदि का खण्डन या मण्डन करना; बहस करना।

debate : औपचारिक रूप से, विशेषत: किसी प्रतियोगिता मे सम्मिलित होकर, किसी विषय के पक्ष या विपक्ष मे तर्क-वितर्क करना; वाद-विवाद करना।

dispute : क्रोध प्रदर्शित करते हुए परस्पर-विरोधी या समर्थित कथनों का खण्डन-मण्डन करना।

Disdain *see* **Despise.**

Disdainful *see* **Proud.**

Disease. Ailment. Affection. Malady.

disease : रोग, बीमारी।

ailment : पुरानी बीमारी, पुराना रोग।

affection : शरीर के किसी अंग-विशेष पर होनेवाला रोग का आक्रमण; अंग-रोग।

malady : कोई पुरानी, विशेषत: घातक बीमारी; मर्ज़।

Disgrace. Dishonour. Infamy. Ignomy. Shame.

disgrace : अपने आचरण या दूसरे के व्यवहार के फलस्वरूप होनेवाला अपमान।

dishonour : अपने ही आचरण से होनेवाला अपमान।

infamy : अत्यधिक अपमान से होनेवाली बदनामी।

ignomy : घृणित आचरण के फलस्वरूप होनेवाली लोकनिन्दा या लगनेवाला कलंक।

shame : लानत, धिक्कार।

Dishonest. Deceitful. Lying. Untruthful.

dishonest : जो ईमानदार न हो; बेईमान।

controvert : आपत्तिपूर्ण होने के कारण अस्वीकार करना या अमान्य ठहराना ।

refute : अच्छी तरह जाँच-पड़ताल करके तथा निश्चयपूर्वक अमान्य ठहराना ।

Dispute *see* **(i) Argument, (ii) Discuss.**

Disregard *see* **Neglect.**

Dissension *see* **Discord.**

Dissimilar *see* **Different.**

Dissolve *see* **(i) Adjorn, (ii) Melt.**

Distant *see* **Far.**

Distinct *see* **Different.**

Distinctive *see* **Characteristic.**

Distinguish. Differentiate. Discriminate.

distinguish : विशेषताओं के आधार पर चुनकर अलग करना; विशिष्टता दिखाना; प्रभेद करना ।

differentiate : विशिष्ट भेदों के आधार पर अलग-अलग करना; भेद करना ।

discriminate : सूक्ष्म अन्तरों के आधार पर अनुरूप वस्तुओं को अलग-अलग करना; सूक्ष्म भेद दिखाना ।

Distinguish *see* **Discern.**

Distinguished *see* **Famous.**

Distrait *see* **Absentminded.**

Distraught *see* **Absentminded.**

Disturb. Agitate. Perturb.

disturb : अशान्त या क्षुब्ध करना; विशेषतः मानसिक शान्ति भंग करना ।

agitate : सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन कराने के उद्देश्य से आन्दोलन करना ।

perturb : अशान्त तथा चिन्तित बना देना ।

Distress. Agony. Anguish. Suffering.

distress : (दुःख-दर्द, चिन्ता आदि के परिणामस्वरूप होनेवाला) कष्ट ।

agony : घोर शारीरिक तथा मानसिक कष्ट; वेदना ।

anguish : तीव्र मानसिक कष्ट; मनोव्यथा ।

suffering : ऐसा कष्ट जो भोगा जा रहा हो; दुःख-भोग, भोग ।

Divergent *see* **Difference.**

Diverse *see* **Different.**

Divert *see* **Amuse.**

Divest *see* **Strip.**

Divide *see* **Separate.**

Divulge *see* **Reveal.**

Do. Accomplish. Achieve. Effect. Execute. Fulfil. Perform.

do : (कोई एक कार्य) करना या पूरा करना ।

accomplish : (कोई कार्य) धैर्य तथा प्रयत्नपूर्वक पूरा करना ।

achieve : (महत्त्वपूर्ण चीज़) कठिनाइयों पर साहसपूर्वक विजय पाते हुए प्राप्त या उपार्जित करना ।

effect : (कठिनाइयों पर विजय पाते हुए) कोई विशेष प्रभाव सूचित करना ।

execute : (नियम, योजना आदि को) कार्यान्वित करना ।

fulfil : (कोई निर्दिष्ट या प्रत्याशित कार्य) सम्पन्न करना ।

perform : (कठिन या जटिल काम) अनेक क्रियाओं-प्रक्रियाओं द्वारा पूरा करना; निष्पादित ।

Docile *see* **Obedient.**

Doctrine. Dogma. Precept. Tenet.

doctrine : सिद्धान्तों पर आधारित वाद या मत ।

dogma : ऐसी मनमानी धारणा या विश्वास जिसे सत्ता या शासन लोगों को मानने के लिए बाध्य करता हो; मताग्रह ।

precept : ऐसी धारणा या विश्वास जो अपने आचरण या व्यवहार का आधार-स्वरूप मान लिया गया हो; आदेशिका ।

tenet : ऐसी सैद्धान्तिक धारणा या विचार जो अपने मन में दृढ़ रूप से मान्य या स्थापित कर लिया गया हो ।

Dogged *see* **Stubborn.**

Dogma *see* **Doctrine.**

Doleful *see* **Sad.**

Dominion *see* **Power.**

Donate *see* **Give.**

Donation *see* **Present.**

Dormant *see* **Latent.**

Doubtful. Dubious. Questionable.

doubtful . संशयपूर्ण या संदिग्ध ।

dubious : अनिश्चित और अस्पष्ट; भ्रामक ।

questionable : प्रश्नास्पद ।

Drag *see* **Pull.**

Draw *see* **Pull.**

Dread *see* **(i) Awe, (ii) Fear.**

Drift *see* **Tendency.**

Drill *see* **Practice.**

Droll *see* **Funny.**

Drove *see* **Group.**

Drunk. Drunken. Intoxicated.

drunk : शराब पीनेवाला या शराब पीने का आदी; शराबी ।

drunken : अधिक मात्रा में शराब पीने का आदी; पियक्कड़; नशेबाज़ ।

intoxicated : जिस पर शराब का हल्का नशा सवार हो; मदहोश ।

Drunken *see* **Drunk.**

Dry. Arid.

dry : जिसमें नमी न हो; सूखा, शुष्क ।

arid : (जलवायु या प्रदेश) जो जलहीन हो; सूखा, शुष्क ।

Dubious *see* **Doubtful.**

Ductile *see* **Pliable.**

Dull. Blunt. Obtuse.

dull : जिसकी धार तेज न हो; अतीक्ष्ण, कुण्ठित ।

blunt : जिसकी धार मोटी होने के कारण तेज़ न हो; भुथरा, भोथा ।

obtuse : जिसमें धार न हो; नकठा, धार-रहित ।

Dull *see* **Stupid.**

Dumbfound *see* **Puzzled.**

Dupe *see* **Cheat.**

Duplicate *see* **Copy.**

Dusky *see* **Dark.**

Dwarf. Midget. Pygmy.

dwarf : बहुत छोटा, विशेषतः अनुपातहीन अंग-प्रत्यंगों वाला; बौना ।

midget : अपेक्षया छोटे क़दवाला; नाटा ।

pygmy : अत्यन्त छोटे क़दवाला; ठिगना ।

Dwindle *see* **Decrease.**

Each *see* **Every.**

Eager. Anxious. Avid. Keen.

eager : जो इच्छित चीज को शीघ्रतापूर्वक प्राप्त कर लेने के लिए तत्पर हो; उत्सुक ।

anxious : उत्सुक और चिन्तित; व्यग्र ।

avid : जिसकी उत्सुकता लोभ-जन्य हो; लालायित ।

keen : जिसकी उत्सुकता रुचि और लगन की सूचक हो; चाव से भरा, उत्कण्ठित ।

Easy. Effortless. Facile. Simple. Smooth.

easy : जिसे करने में कठिनाई न होती हो अथवा परिश्रम न करना पड़ता हो; सरल, आसान ।

effortless : विना परिश्रम के पर विशेष ज्ञान के बल पर होनेवाला; सहज ।

facile : जिसे सरलता से प्राप्त किया जा सके; सहज-प्राप्त, सहज-साध्य ।

simple : जिसमें जटिलता या पेचीलापन न हो; सरल, सादा ।

smooth : सीधा, सरल और एक-रस ।

Economical *see* **Thrifty.**

Edge *see* **Border.**

Edifice *see* **Building.**

Educate *see* **Teach.**

Effect *see* **Do.**

Effective. Effectual. Efficacious. Efficient.

effective : निश्चित रूप से प्रभाव डालने या असर करनेवाला; अचूक ।

effectual : अपने प्रभाव से फल उत्पन्न करनेवाला; फलप्रद ।

efficacious : जो वांछित प्रभाव उत्पन्न करने में समर्थ हो; प्रभावोत्पादक ।

efficient : (व्यक्ति) जो अपनी क्रियाशीलता, प्रभाव आदि कुशलतापूर्वक दिखाता हो; कार्यकुशल ।

Effectual *see* **Effective.**

Efficacious *see* **Effective.**

Efficient *see* **Effective.**

Effortless *see* **Easy.**

Eject. Dismiss. Evict. Expel. Oust.

eject : अन्दर से बाहर फेंकना; निकालना ।

dismiss : सेवा से हटाना; सेवा-निवृत्त करना ।

evict : क़ानूनी ढंग से बाहर करना; बेदखल करना ।

expel : बलात् बाहर करना; निष्कासित करना ।

oust : अवांछनीय व्यक्तियों को पद आदि से हटाना; पदच्युत करना ।

Elastic. Flexible. Resilient. Supple.

elastic : जिसे इच्छानुसार कोई रूप दिया जा सकता हो; रूपद ।

flexible : जिसे आसानी से मोड़ा या बदला जा सके; लचीला, नम्य ।

resilient : जिसमें लोच हो; लोच-भरा ।

supple : जो दबाने, मोड़ने आदि पर टूटता न हो; सुनम्य, सुवनम्य ।

Elderly *see* **Age.**

Elect *see* **Choose.**

Election *see* **Choice.**

Element. Component. Constituent. Ingredient. Factor.

element : किसी मूर्त या अमूर्त पदार्थ का वह छोटा अंश जिसे और छोटा न किया जा सके; तत्त्व ।

component : किसी इकाई का कोई एक अंग; अंग, अवयव ।

constituent : किसी जटिल या पेचीली चीज या विचार का कोई महत्त्वपूर्ण अंग; घटक ।

ingredient : उन चीजों में से हर एक जिनसे मिश्रण तैयार होता है; संघटक ।

factor : ऐसी बात या चीज जो अंगरूप हो और निर्णायक प्रभाव उत्पन्न करती हो; कारक ।

Elevate *see* **Lift.**

Elevation *see* **Height.**

Elucidate *see* **Explain.**

Emanate *see* **Rise.**

Emancipate *see* **Free.**

Emancipation *see* **Freedom.**

Embarrass. Discomfit. Disconcert.

embarrass : परेशान करके किंकर्तव्यविमूढ बना देना।

discomfit : किसी की आशाएँ नष्ट करते हुए उसे पूर्णतया विचलित कर देना; छक्के छुडा देना।

disconcert : छेड़छाड़ से क्षुब्ध कर देना।

Embellish *see* **Adorn.**

Embrace *see* **Include.**

Emergency. Contingency. Crisis. Exigency. Strait.

emergency : ऐसी स्थिति जो सहसा और अप्रत्याशित रूप से आ उपस्थित हुई हो और जिसका मुक़ाबला तुरन्त करना पड़े; आपात।

contingency : भावी आपात; विशेषत: जिसकी आशंका बनी हो।

crisis : ऐसी स्थिति जिसमें राजनैतिक या आर्थिक व्यवस्था लड़खड़ा रही हो; सकट।

exigeney : (क) आपत्काल; विपत्ति का समय।
(ख) आपत्कालीन आवश्यकता; अत्यावश्यकता।

strait : ऐसी विकट स्थिति जो दुर्दशा की सूचक हो; विस्थिति (विकट-स्थिति)।

Emigrate *see* **Migrate.**

Eminent *see* **Famous.**

Emigre *see* **Alien.**

Emotion *see* **Feeling.**

Empty. Vacant. Vacuous. Void.

empty : जिसमें कुछ भरा न हो अथवा जो भरा न हो; खाली।

vacant : (स्थान, पद आदि) जिसकी पूर्ति अभी न हुई हो अथवा होने को हो; रिक्त।

vacuous : जिसमें हवा का प्रवेश न हो; निर्वात ।

void : जो पूरा या बहुत-कुछ खाली हो; रहित, हीन, शून्य ।

Empty *see* **Vain.**

Emulation *see* **Competition.**

Emulous *see* **Ambitious.**

Enation *see* **Kinship.**

Enchant *see* **Attract.**

Encounter *see* **Battle.**

Encroach *see* **Trespass.**

End *see* **(i) Close, (ii) Intention.**

Endeavour *see* **Try.**

Endemic *see* **Native.**

Endorse *see* **Approve.**

Endurance *see* **Patience.**

Endure *see* **Bear.**

Enemy *see* **Opponent.**

Energetic *see* **Active.**

Energy *see* **Strength.**

Engagement *see* **Battle.**

Enhance *see* **Heighten.**

Enigmatic *see* **Obsure.**

Enimity. Animosity. Antagonism. Hostility.

enimity : प्रकट या गुप्त द्वेष भाव; शत्रुता ।

animosity : उग्र तथा प्रकट शत्रुता; वैर ।

antagonism : शक्ति या अधिकार-प्राप्ति के लिए होनेवाला स्वार्थपरक सक्रिय विरोध; प्रतिरोध ।

hostility : आक्षेप, आक्रमण आदि के रूप में प्रकट होनेवाली शत्रुता; सक्रिय विरोध ।

Enjoyable *see* **Pleasing.**

Enjoyment *see* **Pleasure.**

Enlarge *see* **Increase.**

Enormous. Colossal. Gigantic. Huge. Immense. Mammoth. Tremendous.

enormous : मान, मात्रा में बड़ा और विशेषत: अपसामान्य आकार-प्रकार का; दीर्घाकार ।

colossal : जिसका आकार-प्रकार इतना विशाल हो कि अविश्वसनीय-सा प्रतीत होता हो; भीमकाय ।

gigantic : सामान्य मानवीय सीमाओं (आकार-प्रकार या शक्ति) से बड़ा हुआ; दैत्याकार ।

huge : बहुत बडा तथा विस्तृत; विराट् ।

immense : सामान्य स्तर या नापजोख के विचार से बड़ा या अधिक अपरिमित ।

mammoth (राशि या समूह) बहुत बड़ा; विशाल ।

tremendous : बहुत बडा और विशेषत: मन मे भय उपजानेवाला; प्रचंड ।

Enough *see* **Sufficient.**

Ensue *see* **Follow.**

Enterprise *see* **Adventure.**

Enterprising *see* **Ambitious.**

Entertain *see* **Amuse.**

Entire *see* **Complete.**

Entreat *see* **Beg.**

Entrust *see* **Commit.**

Enthusiasm *see* **Passion.**

Enunciate *see* **Utter.**

Envy. Begrudge. Covet.

envy : दूसरे का लाभ या सुख देखकर दुःखी होना; ईर्ष्या करना ।

begrudge : यह चाहना कि दूसरे को अपेक्षित या आवश्यक चीज न मिले, डाह करना ।

covet : ऐसी चीज को गलत ढंग से प्राप्त करने की चेष्टा करना जो दूसरे की हो; लालच करना ।

Ephemeral *see* **Transient.**

Episode *see* **Event.**

Epoch *see* **Period.**

Equal *see* **Same.**
Equivalent *see* **Same.**
Equivocal *see* **Obscure.**
Equivocate *see* **Lie.**
Era *see* **Period.**

Error. Blunder. Mistake. Slip.

error : निन्द्य या दण्डनीय त्रुटि; ग़लती ।

blunder : अज्ञान के कारण होनेवाली ऐसी बहुत बड़ी भूल जो मूर्खता की परिचायक हो; महाभूल ।

mistake : प्रायः असावधानी, भ्रम या ग़लत धारणा के कारण होनेवाली त्रुटि; भूल ।

slip : प्रायः असावधानी के कारण रह या छूट जानेवाली छोटी-मोटी भूल; चूक ।

Ersatz *see* **Artificial.**
Escort *see* **Accompany.**
Especial *see* **Special.**
Essay *see* **Try.**

Essential. Indispensable. Necessary. Requisite.

essential : जिसके बिना काम न चले; अनिवार्य, मूलभूत ।

indispensable : जिसे छोड़ा अथवा जिससे पीछा न छुड़ाया जा सके; अपरिहार्य ।

necessary : जिससे आवश्यकता की पूर्ति होती हो; आवश्यक ।

requisite : (परिस्थितियों के विचार से) जिसकी अपेक्षा हो; अपेक्षित ।

Esteem *see* **(i) Appreciate, (ii) Respect.**
Estimate *see* **Calculate.**
Eternal *see* **Continual.**
Ethical *see* **Moral**
Etiquette *see* **Decorum.**
Eulogy *see* **Praise.**
Euphuistic *see* **Bombastic.**

Event. Episode. Circumstance. Occurrence.

event : कोई अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण घटना; वाक़या ।

episode : किसी एक घटना का पूरा-पूरा हाल या विवरण; वृत्तान्त ।

circumstance : ऐसी घटना जो किसी दूसरी घटना का कारण बने; परिस्थिति ।

occurrence : घटित होनेवाली बात; घटना ।

Every. Each.

every : हरेक, हर कोई ।

each : एक-एक, प्रत्येक ।

[every : वर्ग की 'हरेक' इकाई को अनिश्चित रूप से सूचित करता है जबकि each 'हरेक' इकाई को निश्चित रूप से सूचित करता है ।]

Evident. Apparent. Clear. Manifest. Obvious. Palpable.

evident : जिसका अनुमान या ज्ञान सरलतापूर्वक हो सके; स्पष्ट ।

apparent : जो भासित हो रहा हो; व्यक्त ।

clear : उलझन, द्विविधा, गूढता आदि से रहित; निर्मल, स्पष्ट, साफ़ ।

manifest : जो बुद्धि या समझ में तुरन्त आने के योग्य हो; अभिव्यक्त ।

obvious : जो हर कोई या हरेक की समझ आता हो; प्रत्यक्ष ।

palpable : जो स्पर्श आदि से प्रत्यक्ष होता हो; प्रतीयमान ।

Exact *see* **Correct.**

Exacting *see* **Onerous.**

Examine *see* **Inspect.**

Example *see* **(i) Instance, (ii) Model.**

Excessive. Exorbitant. Extravagant. Immoderate. Inordinate.

excessive : मान, मात्रा, विस्तार आदि में इतना अधिक कि उचित सीमा का उल्लंघन करता हो; अत्यधिक ।

exorbitant : सामान्य स्तर या रूढ़ि से बहुत ऊँचा या बहुत आगे बढ़ा हुआ; बे-ठिकाने ।

extravagant : नियन्त्रण या रोक-टोक न माननेवाला; मुक्तहस्त ।

immoderate : जो औसत दर्जे का न हो अथवा जो मनोभावों को अभिव्यक्ति में संयम न बरतता हो; अमर्यादित ।

inordinate : निर्धारित या न्यायपरक सीमा से अधिक आगे बढ़ा हुआ; अतिमात्र ।

Excite *see* **Provoke.**

Execrate *see* **Curse.**
Execute *see* **(i) Do, (ii) Kill.**
Exercise *see* **Practice.**
Exhausted *see* **Tired.**
Exhibit *see* **Show.**
Exhilarate *see* **Animate.**
Exhort *see* **Urge.**
Exigency *see* **(i) Emergency, (ii) Need.**
Exile *see* **Banish.**
Exonerate *see* **Pardon.**
Exorbitant *see* **Excessive.**
Expatriate *see* **Banish.**

Expect. Anticipate. Await. Hope.

expect : आशा और धैर्यपूर्वक आसरे रहना; प्रतीक्षा करना।

anticipate : किसी अनुमानित भावी परिस्थिति की प्रतीक्षा करना; प्रत्याशा करना।

await : उत्सुकता तथा आशापूर्वक किसी की प्रतीक्षा में होना; आसरा देखना।

hope : इच्छित बात या स्थिति की किंचित् विश्वासपूर्वक प्रतीक्षा करना; आशा करना।

Expedient *see* **Resource.**
Expedition *see* **Trip.**
Expel *see* **Eject.**
Expensive *see* **Costly.**
Experiment *see* **Trial.**

Explain. Construe. Elucidate. Explicate. Expound. Interpret.

explain : किसी अज्ञात या अविदित घटना, प्रक्रिया आदि को ब्योरे के साथ समझाना; व्याख्या करना।

construe : बहुत-कुछ अस्पष्ट-सी व्याख्या करना।

elucidate : प्रकाशित तथा स्पष्ट करना।

explicate : विद्वत्तापूर्वक व्याख्या करना।

expound : व्यवस्थित तथा विशद रूप से व्याख्या करना; प्रतिपादित करना।

interpret : जो सहसा स्पष्ट न प्रतीत हो उसे स्पष्ट कर देना; निर्वचन करना।

Explicate *see* **Explain.**

Explicit. Definite. Express. Specific.

explicit : जिसमे किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न न होता हो; सुस्पष्ट।

definite : निश्चित और निर्दिष्ट।

express : स्पष्ट तथा प्रत्यक्ष।

specific : जो स्पष्ट तथा ब्योरे की बातों से युक्त हो।

Expose *see* **Show.**

Expound *see* **Explain.**

Express *see* **(i) Explicit, (ii) Utter.**

Extinct *see* **Dead.**

Extol *see* **Praise.**

Extraneous *see* **Extrinsic.**

Extravagant *see* **(i) Excessive, (ii) Profuse.**

Extrinsic. Extraneous. Foreign.

extrinsic : (जो प्राकृतिक या स्वाभाविक न हो) बाहरी।

extraneous : (जो असम्बद्ध या असंगत हो) बाहरी।

foreign : (जो मेल न खाता हो) बाहरी।

Even *see* **(i) Level, (ii) Steady.**

Evict *see* **Eject.**

Evidence *see* **Proof.**

Evil *see* **Bad.**

Fable *see* **Story.**

Fabricate *see* **(i) Lie, (ii) Make.**

Face. Countenance.

face : मुख, चेहरा (विशेषत: आकार-प्रकार के विचार से)।

countenance : मुखड़ा (सौन्दर्य के विचार से)।

Facet *see* **Phase.**

Facile *see* **Easy.**

Factor *see* **Element.**

Faculty *see* **Talent.**

Fade *see* **Vanish.**

Fagged *see* **Tired.**

Failing *see* **Fault.**

Fair *see* **Beautiful.**

Faith *see* **Belief.**

Faithful. Constant. Loyal. Staunch.

faithful : कर्तव्य, प्रतिज्ञा आदि के विचार से विश्वस्त; वफ़ादार।

constant : जिसकी निष्ठा किसी एक के प्रति हो; एकनिष्ठ।

loyal : (नैतिक दृष्टि से) स्वामिभक्त।

staunch : दृढ़ निष्ठावाला; दृढ़निष्ठ, कट्टर।

Fake *see* **False.**

False. Bogus. Counterfeit. Fake.

false : जो असली न हो बल्कि असली के अनुकरण से बना हुआ हो; झूठा, नक़ली।

bogus : मूल के अनुकरण पर अत्यन्त सावधानी से दूसरों को धोखा देने के लिए बनाया हुआ; बोगस, जाली।

connterfeit : नकली और ख़राब; खोटा।

fake : नक़ली और अवैध; जाली।

Familiar. Close. Confidential. Intimate.

familiar : जिससे जान-पहचान हो; जानी-पहचानी।

close : जिससे आपसदारी का पक्का सम्बन्ध हो; गहरा, घनिष्ठ।

confidential : ऐसी जानी-पहचानी जिस पर विश्वास किया जाय; विश्वस्त।

intimate : जिससे हार्दिक सम्बन्ध हो; जिगरी।

Familiar *see* **Common.**

Famous. Celebrated. Distinguished. Eminent. Noteo. Notorious. Renowned.

famous : विशेष रूप से चर्चित; प्रसिद्ध।

celebrated : जो प्रसिद्ध भी हो और सम्मानित भी; प्रख्यात।

distinguished : किसी वर्ग में श्रेष्ठ तथा सम्मानित; प्रतिष्ठित।

eminent : जो किसी विषय का पंडित होने के नाते प्रसिद्ध हो; नामी, विख्यात।

noteo : अपने किसी गुण के आधार पर जन-साधारण में प्रसिद्ध; नामी, ख्यात।

notorious : बदनाम, कुख्यात।

renowned : देश-विदेश में अपने गुणों, कृतियों आदि के लिए प्रसिद्ध; कीर्तिवान।

Fantastic. Bizarre. Grotesque.

fantastic : बिना सिर-पैर का; ऊट-पटाँग।

bizarre : अस्त-व्यस्त और खराब; गड़बड़।

grotesque : अत्यन्त विकृत; दूषित।

Far. Distant. Remote.

far : समय, सम्बन्ध, स्थान आदि के विचार से दूर का; दूरस्थ, दूरवर्ती।

distant : निश्चित दूरीवाला।

remote : सम्बद्ध व्यक्ति, स्थान आदि के विचार से दूर का; सुदूर।

Farcical *see* **Funny.**

Fascinate *see* **Attract.**

Fashion *see* **(i) Make, (ii) Method.**

Fast. Quick. Rapid. Speedy. Swift.

fast : (गति के विचार से) तेज़।

quick : झटपट काम कर लेनेवाला; फुर्तीला।

rapid : (क्रिया के विचार से) तेज, शीघ्रकारी।

speedy : अत्यन्त तेज़; वेगवान्, द्रुतगामी।

swift : (स्वभाव के विचार से) तेज़, सत्वर।

Fasten *see* **Tie.**

Fastidious *see* **Dainty.**

Fate. Destiny. Lot. Portion.

fate : पूर्व-निश्चित घटनाक्रम; भवितव्यता, भावी, नियति।

destiny : (अनुकूल तथा फलप्रद) पूर्व-निश्चित घटनाक्रम; भावी, भाग्य।

lot : भाग्य; विशेषतः भाग्य से प्राप्त (अनियमित) हिस्सा।

portion : भाग्य; विशेषतः भाग्य से प्राप्त (न्यायसंगत) हिस्सा।

Fatigued *see* **Tired.**

Fatuous *see* **Silly.**

Fault. Defect. Failing. Foible. Vice. Weakness.

fault : कोई ऐसी बात जिसके कारण कोई चीज़ या व्यक्ति खराब समझा जाए; दोष ।

defect : ऐसी बात जिसके कारण कोई चीज़ ठीक प्रकार से उपयोगी न सिद्ध होती हो; विकार, खराबी ।

failing : अपूर्णता या अभाव का सूचक तत्त्व या बात; त्रुटि ।

foible : चारित्रिक दुर्बलता का सूचक तत्त्व; अवगुण ।

vice : दुराचार, दुर्व्यसन आदि का सूचक अवगुण; ऐब ।

weakness : किसी प्रकार की शारीरिक या मानसिक असमर्थता; कमज़ोरी ।

Favourable. Auspicious. Propitious.

favourable : उद्देश्य की सिद्धि में सहायक और हितकर; अनुकूल ।

auspicious : मांगलिक और कल्याणकारी; शुभ ।

propitious : कल्याण करनेवाला; कल्याणकारी ।

Fear. Alarm. Dismay. Dread. Fright. Panic. Terror.

fear : खतरा उपस्थित होने पर होनेवाला भय ।

alarm : ऐसा भय जो किसी आती हुई विपत्ति का सहसा भान होने पर होता है; भीति ।

dismay : मुसीबत या खतरे के फलस्वरूप होनेवाला हतोत्साह ।

dread : किसी को डरावना या भयावह मान लेने पर उससे लगनेवाला भय; त्रास ।

fright : ऐसा भय जो अल्पकालिक हो और जिसका भान सहसा होता हो ।

panic : भय की सम्भावना होने पर मचनेवाली भाग-दौड़; खलबली ।

terror : ऐसा भय जो जड़ बना दे; आतंक ।

Fearful *see* **Afraid.**

Feasible *see* **Possible.**

Federation *see* **Alliance.**

Fee *see* **Wages.**

hard : जो इतना दृढ़ हो कि उसे सहज में काटा, तोड़ा या भेदा न जा सके ; कठोर, कड़ा ।

solid : कठोर और भारी; ठोस ।

stiff : जिसे मोड़ा या फैलाया न जा सके; न मुड़ने या न फैलनेवाला ।

Fit. Appropriate. Apt. Proper. Suitable.

fit : आवश्यकता, स्थिति आदि की दृष्टि से संगत या ठीक बैठनेवाला ।

appropriate : जो विशेष रूप से किसी चीज या बात के लिए ठीक या उपयुक्त हो; समुचित ।

apt : प्रासंगिक तथा फबनेवाला; माकूल ।

proper : विचार या न्याय की दृष्टि से ठीक; उचित ।

suitable : अवसर-विशेष की दृष्टि से ठीक; उपयुक्त ।

Fix *see* **Predicament.**
Flagrant *see* **Outrageous.**
Flat *see* **Level.**
Flount *see* **Show.**
Flexible *see* **Elastic.**
Flight *see* **Group.**
Flit *see* **Fly.**
Flock *see* **Group.**
Flog *see* **Beat.**
Flourish *see* **Succeed.**
Flow *see* **Rise.**
Flowery *see* **Bombastic.**
Fluid *see* **Liquid.**
Flatter *see* **Fly.**

Fly. Flit. Flutter. Hover. Soar.

fly : हवा में पंखों आदि के सहारे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना; उड़ना ।

flit : उड़-उडकर कूदना; फुदकना ।

flutter : पंख फड़फडाते हुए उड़ना; फड़फड़ाना ।

hover : उड़ते हुए चक्कर लगाना; मँडराना ।

soar : लम्बी उड़ान भरना ।

forecast : भावी परिस्थितियों या वातावरण सम्बन्धी पूर्व-सूचना देना।
predict : जोड़-हिसाब आदि लगाकर पूर्वसूचना देना।
prophesy : भविष्यवाणी करना।

Foreword *see* **Introduction.**
Forgive *see* **Pardon.**

Form. Figure. Shape.

form : अवयवों की ऐसी गठन या विन्यास जिससे कोई अलग आकार-प्रकार प्राप्त होता हो; रूप।
figure : ऐसा भौतिक रूप जो रेखाओं आदि से बना या घिरा हो; आकृति।
shape : डील-डौल या बाहरी आकार-प्रकार; बाह्याकृति।

Form *see* **Make.**
Formality *see* **Ceremony.**
Former *see* **Previous.**
Forsake *see* **Abandon.**

Fortitude. Backbone. Grit. Guts. Pluck.

fortitude : सहन करने की शक्ति; सहन-शक्ति।
backbone : चरित्र की परिचायक शक्ति; चरित्र-बल।
grit : अडिग रहने की हठमिश्रित सहनशक्ति; स्थैर्य।
guts : सामना करने का साहस।
pluck : खतरे से भिड़ने के लिए संजोयी या बाँधी हुई हिम्मत।

Fortitude *see* **Patience.**
Fortuitous *see* **Accidental.**
Fortunate *see* **Lucky.**
Forward *see* **Advance.**
Foul *see* **Dirty.**
Foundation *see* **Base.**
Foxy *see* **Sly.**
Fraction *see* **Part.**
Fracture *see* **Break.**

Fragile. Brittle. Crisp. Frangible. Friable.

fragile : शीघ्र टूटनेवाला।

brittle : वेलोच होने के कारण हल्के आघात या दबाव से टूटनेवाला।

crisp : टूटने पर कुर-कुर करनेवाला; कुरकुरा (खाद्य-पदार्थों के सम्बन्ध में प्रयुक्त)।

frangible : सहज ही टूटनेवाला; कुड़कीला।

friable : जिसका चूर्ण आसानी से बनाया जा सके; भुरभुरा।

Free. Discharge. Emancipate. Liberate. Release.

free : भार, बंधन आदि से मुक्त करना; मुक्त करना, छोड़ना।

discharge : बंधन आदि उठाकर किसी को जाने की अनुमति देना; उन्मुक्त करना।

emancipate : दासता से मुक्त करना; स्वाधीन करना, विमुक्त करना, उद्धार करना।

liberate : राजनैतिक या शासनिक स्वतन्त्रता देना; स्वतन्त्र करना।

release : कारा आदि से छोड़ना; रिहा करना।

Freedom. Independence. Liberty. Emancipation.

freedom : भार, बंधन आदि से मुक्त होने का भाव; मुक्ति, छुटकारा।

independence : किसी की अधीनता से निकलकर स्वाधीन होने का भाव; स्वाधीनता।

liberty : किसी के तन्त्र या शासन से छुटकारा पाकर अपने तन्त्र में होने का भाव; स्वतन्त्रता।

emancipation : जीव का जन्म-मरण के बंधन से छूट जाना; मोक्ष।

Free thinker *see* **Atheist.**

Fresh *see* **New.**

Friable *see* **Fragile.**

Fright *see* **Fear.**

Frightened *see* **Afraid.**

Frolic *see* **Play.**

Frugal *see* **Thrifty.**

Fruitless *see* **Futile.**

Fulfil *see* **Do.**

Full *see* **Complete.**

Function *see* **Act.**

unny. Amusing. Comic. Comical. Droll. Farcical. aughable.

funny : हँसी उत्पन्न करनेवाला; हास्यकर।

amusing : हँसी और आनन्द उत्पन्न करनेवाला; विनोदपूर्ण।

comic : सहृदयतापूर्वक हँसनेवाला; हास्यपूर्ण।

comical : जोर-जोर मे हँसानेवाला; हँसोड़।

droll : अपनी विचित्रताओं से हँसानेवाला; कौतुक-भरा।

farcical : अपनी असंगति या वेहूदगी से हँसानेवाला।

laughable : दूपित होने के कारण जिस पर हँसा जाय; हास्यास्पद।

Furry *see* **Anger.**

Further *see* **Advance.**

Fuse *see* **Mix.**

utile. Fruitless. Useless. Vain.

futile : जिससे कोई अर्थ या प्रयोजन सिद्ध न होता हो; निरर्थक।

fruitless : जो सफलतादायक सिद्ध न होता हो अथवा जिससे कोई फल न निकलता हो; निष्फल।

useless : जो किसी काम में न आता हो; वेकार।

vain : जिसका कुछ प्रभाव ही न होता हो; निष्प्रभाव।

Gain. Achieve. Attain.

gain : परिश्रमपूर्वक उद्देश्य की सिद्धि करना; अर्जित करना।

achieve : सफलतापूर्वक अपने उद्देश्य की सिद्धि करना; उपार्जित करना।

attain : असाध्य-सी प्रतीत होनेवाली वात या चीज को प्राप्त करना; उपलब्ध करना।

Gain *see* **Get.**

Gainsay *see* **Deny.**

Gale *see* **Wind.**

Gallant *see* **Brave.**

Gambol *see* **Play.**

Gape *see* **Look.**

Garish *see* **Gaudy.**

Garrulous *see* **Talkative.**

Gather. Assemble.

gather : अलग-अलग या बिखरी हुई चीजों या व्यक्तियों का इकट्ठा होना; एकत्र होना ।

assemble : किसी विशेष प्रयोजन से इकट्ठा होना; जुटना ।

Gather *see* **Infer.**

Gaudy. Garish. Pompous. Showy. Tawdry.

gaudy : चमक-दमकवाला; भड़कीला ।

garish : चम-चम करता हुआ; चमचमाता हुआ, जगमगाता हुआ ।

pompous : ठाठ-बाट या शान-शौकतवाला ।

showy : भड़कीला विशेषत: आडम्बरपूर्ण; दिखावभरा; प्रदर्शनपूर्ण ।

tawdry : इतना भड़कीला कि ओछा जान पड़े ।

Gaunt *see* **Lean.**

Gaze *see* **Look.**

Genial *see* **Amiable.**

Genius *see* **Talent.**

Gentle *see* **Soft.**

Genuine *see* **Authentic.**

Germane *see* **Relevant.**

Get. Acquire. Gain. Obtain. Procure. Secure.

get : यों ही या प्रयत्न द्वारा प्राप्त करना; पाना ।

acquire : लम्बी या अनेक प्रक्रियाओं के बाद प्राप्त करना ।

gain : प्रयत्नपूर्वक कोई लाभप्रद चीज़ प्राप्त करना ।

obtain : प्रयत्न तथा परिश्रमपूर्वक प्राप्त करना ।

procure : प्रयत्न विशेषत: उपाय से प्राप्त करना ।

secure : कठिनाई से प्राप्त करना ।

Gift *see* **Present.**

Gigantic *see* **Enormous.**

Giggle *see* **Laugh.**

Give. Bestow. Confer. Donate. Grant. Present.

give : दूसरे को कोई वस्तु, अधिकार आदि देना ।

bestow : उपहार के रूप में उदारतापूर्वक देना ।

confer : सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदान करना ।

donate : दान के रूप में देना, दान देना ।

grant : माँगने पर सहायता के रूप में धन देना ।

present : प्रेम, स्नेह या आदरपूर्वक देना अथवा औपचारिक रूप से किसी की सेवा में उपस्थित करना ।

Glad *see* **Happy.**

Glee *see* **Mirth.**

Glide *see* **Slide.**

Globular *see* **Round.**

Gloomy *see* **Dark.**

Glorious *see* **Splendid.**

Glum *see* **Sullen.**

Go. Depart. Leave. Quit.

go : एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना ।

depart : प्रस्थान करना (आदरार्थक) ।

leave : विदा होना या छोड़कर जाना ।

quit : छोड़कर छुटकारा पाना; खाली करना ।

Goal *see* **Intention.**

Good. Right.

good : अच्छा; विशेषत: प्रशंसनीय और स्तुत्य ।

right : अच्छा; विशेषत: उचित और उपयुक्त ।

Goodlooking *see* **Beautiful.**

Good-nature *see* **Amiable.**

Gorgeous *see* **Splendid.**

Govern. Administer. Rule.

govern : राज्य में व्यवस्था स्थापित करना; शासन करना ।

administer : सरकारी नियमों के अनुसार किसी क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन की व्यवस्था करना; प्रशासन करना ।

rule : किसी एक व्यक्ति का मनमाने ढंग से स्वेच्छापूर्वक शासन करना ।

Grand. August. Imposing. Magnificent. Majestic. Stately.

grand : मान, रूप, महत्त्व आदि के विचार से विशाल और दर्शनीय; भव्य ।

august : धार्मिक दृष्टि से या पवित्रता के विचार से महान् और सम्मान्य।

imposing : जिनका दर्शन-मात्र प्रभाव डालता हो; प्रभावोत्पादक।

magnificent : आकर्षक तथा शोभायुक्त; शोभापूर्ण।

majestic : राजसी और भव्य।

stately : राजा या राज्य से सम्बद्ध; राजसी।

Grant *see* **Give.**

Grasp *see* **Take.**

Gratifying *see* **Pleasing.**

Gratuity *see* **Present.**

Grart *see* **Large.**

Greedy. Acquisitive. Avaricious. Covetous.

greedy : आवश्यकता या औचित्य से अधिक-से-अधिक की प्राप्ति चाहने वाला; लोभी।

acquisitive : जो प्राप्ति के लिए अत्यन्त उत्सुक हो और प्राप्त की हुई वस्तु की रक्षा करने में भी समर्थ हो।

avaricious : धन-सम्पत्ति का लोभी; धन-लोलुप।

covetous : जो किसी ऐसी चीज पर अधिकार जमाना चाहता हो जिस पर उससे कहीं अधिक योग्य या समर्थ व्यक्ति का अधिकार हो: लालची, पद-लोलुप।

Grief *see* **Sorrow.**

Grimy *see* **Dirty.**

Grin *see* **Smile.**

Grit *see* **Fortitude.**

Grotesque *see* **Fantastic.**

Group. Bevy. Covey. Drove. Flight. Flock. Herd. Pack. School. Swarm.

group : व्यक्तियों, वस्तुओं या पशुओं का समूह; ग्रुप।

bevy : बटेरों का झुण्ड।

covey : बत्तखों का झुण्ड।

drove : गाय-बैलों, भेड़-बकरियों या सूअरों का झुण्ड।

flight : उड़नेवाले पशु-पक्षियों या जहाजों का समूह।

flock : पशुओं या पक्षियों का झुण्ड ।

herd : दल बनाकर साथ-साथ घूमने तथा चरनेवाले पशुओं का झुण्ड ।

pack : शिकारी कुत्तों या भेड़ियों का झुण्ड ।

school : मछलियों का झुण्ट ।

swarm : कीड़ों का झुण्ड ।

Grudge *see* **Malice.**

Guarantee. Bail. Bond. Security.

guarantee : किसी चीज में किसी प्रकार की निर्माण-सम्बन्धी त्रुटि या खराबी होने पर उसकी क्षतिपूर्ति करने का दिया जानेवाला आश्वासन; गारंटी ।

bail : अभियुक्त को समय पर अदालत में उपस्थित होने या करने के सम्बन्ध में दिया हुआ आश्वासन; जमानत ।

bond : ऐसा लिखित आश्वासन जिसे पूरा न करना क़ानूनन जुर्म हो; जमानतनामा ।

security : धन जो आश्वासन पूरा न करने पर जब्त किया जा सकता हो; प्रतिभूति ।

Guard *see* **Defend.**

Guess. Conjecture. Surmise.

guess : संयोगवशात् होनेवाला प्राय: ठीक अनुमान; अटकल ।

conjecture : कुछ-कुछ आभास मिलने पर किया जानेवाला अनुमान ।

surmise : ऐसा अनुमान कल्पित किन्तु अन्त:प्रेरणीय हो ।

Guest *see* **Visitor.**

Guffaw *see* **Laugh.**

Guise *see* **Appearance.**

Gust *see* **Wind.**

Habit. Custom. Practice. Usage.

habit : कोई क्रिया बार-बार करते रहने से उस क्रिया को करते चलने का होनेवाला स्वभावगत अभ्यास; आदत ।

custom : अभ्यास या परम्परागत रीति; रिवाज ।

practice : कोई काम किसी रूप-विशेष या अवस्था-विशेष में करने का अभ्यास; अभ्यास ।

usage : प्रतिष्ठित तथा प्रयोगसिद्ध अभ्यास; चलन ।

Habitual *see* **Usual.**

Hale *see* **Healthy.**

Hallucination *see* **Delusion.**

Handsome *see* **Beautiful.**

Haphazard *see* **Random.**

Happen. Chance. Occur.

happen : किसी प्रत्यक्ष कारण के द्वारा अस्तित्व में आना; घटित होना।

chance : किसी प्रत्यक्ष कारण के बिना घटित होना।

occur : किसी विशेष अवसर पर कोई विशेष घटना का घटित होना।

Happy. Cheerful. Glad. Joyful. Joyous.

happy : प्रसन्नता-भरा; प्रसन्न।

cheerful : प्रसन्न तथा हँसता रहनेवाला; हँसमुख, प्रफुल्ल।

glad : अत्यधिक या विशेष रूप से प्रसन्न।

joyful : आनन्दित या आनन्द-भरा।

joyous : आनन्दित रहने की जिसकी प्रकृति हो; आनन्द-स्वरूप।

Hard. Arduous. Difficult. Laborious. Tedious.

hard : जिसे करने में अधिक श्रम की अपेक्षा होती हो; कड़ा, कठोर।

arduous : जिसका साधन अत्यन्त कठिनाई से होता हो; दुःसाध्य।

difficult : जिसे करने में अधिक बुद्धिबल, कुशलता आदि की आवश्यकता हो; कठिन।

laborious : जिसे साधने में विशेष या निरन्तर श्रम करना पड़ता हो; श्रमसाध्य।

tedious : जो इतना अधिक कठिन और श्रमसाध्य हो कि उसका सम्पादन करते-करते जी उकता जाता हो।

Hard *see* **Firm.**

Harm *see* **Injure.**

Harmony *see* **Symmetry.**

Harsh *see* **Rough.**

Haste. Hurry.

haste : उत्सुकतावश या परिस्थितियों के कारण जल्दी मचाना; हड़बड़ी मचाना।

hurry : घबराहट के कारण जल्दी मचाना; जल्दबाजी करना।

hire : भाड़े या किराये पर लेना ।

lease : पट्टे पर लेना ।

rent : किराये पर लेना (विशेषत: कोई ऐसी चीज जिसके भोग के बदले नियत काल पर नियत धन देना पड़ता हो ।)

Hit. Knock. Punch. Slap. Smite. Strike.

hit : ज़ोर से ठोकर मारना या आघात करना ।

knock : इस प्रकार या बार-बार आघात करना कि कोई चीज़ अपने स्थान से हट जाय; खटखटाना ।

punch : मुक्का या घूंसा मारना ।

slap : चपत लगाना ।

smite : (घातक) वार या प्रहार करना ।

strike : हल्का या तीव्र आघात करना ।

Hoax *see* **Cheat.**

Hoist *see* **Lift.**

Hold *see* **Contain.**

Hollow *see* **Vain.**

Homage *see* **Allegiance.**

Honesty. Honour. Integrity.

honesty : ईमानदार होने की अवस्था या भाव; ईमानदारी, धर्म-परायणता ।

honour : न्यायपूर्वक काम करने की क्षमता; न्यायपरता ।

integrity : सच्चरित्र तथा विश्वासभाजन होने की अवस्था या भाव; सदाचार ।

Honour *see* **Honesty.**

Hope *see* **Expect.**

Hopeless. Despairing. Desperate. Desponding.

hopeless : जिसकी आशा मिट चुकी हो; निराश ।

despairing : जिसका उत्साह नष्ट हो चुका हो; हतोत्साह ।

desperate : निराशा से उन्मत्त; निराशोन्मत्त ।

desponding : विषादभरा; विषादपूर्ण ।

Horde *see* **Crowd.**

Host *see* **Crowd.**

impression : ऐसा अनिश्चित-विचार जो वाह्य परिस्थितियों के आधार पर उत्पन्न हुआ या बना हो; छाप।

notion : कोई अनिश्चित-सी भावना।

thought : चिन्तन-मनन के द्वारा स्थिर किया हुआ मत; विचार।

Identical *see* **Same.**

Idle *see* **(i) Inactive. (ii) Vain.**

Ignoble *see* **Base.**

Ignominy *see* **Disgrace.**

Ignorant. Illiterate. Uneducated.

ignorant : जिसे जानकारी या ज्ञान न हो; अनभिज्ञ।

Illiterate : जो लिख-पढ़ न सकता हो; निरक्षर।

uneducated : जिसने शिक्षा प्राप्त न की हो; अशिक्षित।

Ignore *see* **Neglect.**

Ill. Ailing. Indisposed. Sick.

ill : जिसे कोई रोग हो; बीमार, रुग्ण।

ailing : किसी लम्बी या पुरानी बीमारी से ग्रस्त; व्याधिग्रस्त, मरीज।

indisposed : जिसे कुछ-कुछ अस्वस्थता का बोध हो रहा हो; नासाज।

sick : बीमार (औपचारिक प्रसंगों में प्रयुक्त)।

Ill *see* **Bad.**

Illiterate *see* **Ignorant.**

Ill-mannered *see* **Rude.**

Illusion *see* **Delusion.**

Illustration *see* **Instance.**

Ill-will *see* **Malice.**

Immense *see* **Enormous.**

Immigrant *see* **Alien.**

Immigrate *see* **Migrate.**

Immoderate *see* **Excessive.**

Impair *see* **Injure.**

Impassive. Apathetic. Stoic. Stolid.

impassive : उमंग या उत्साह से रहित; निरावेग।

apathetic : उदासीन तथा पराङ्मुख।

stoic : अनासक्त या निर्लिप्त ।

stolid : अभावुक और निष्क्रिय ।

Impeach *see* **Accuse.**

Impecunious *see* **Poor.**

Impede *see* **Hinder.**

Impediment *see* **Obstacle.**

Impertinent. Impudent. Insolent.

impertinent : अक्खड़; विशेषत: हठी ।

impudent : अक्खड़; विशेषत: हठी और निर्लज्ज ।

insolent : अक्खड़; विशेषत: बदतमीज ।

Impetuous *see* **Sudden.**

Implement. Appliance. Instrument. Tool.

Implement : किसी कार्य की सिद्धि मे सहायक होने वाली चीजें; उपकरण ।

appliance : हाथ से चलाई जानेवाली कोई घरेलू मशीन या उपकरण ।

instrument : वैज्ञानिक विशेषत: सूक्ष्म काम करने के उपकरण; उपस्कर ।

tool : (दस्तकारी से सम्बन्धित) औज़ार ।

Implore *see* **Beg.**

Imply *see* **Suggest.**

Impolite *see* **Rude.**

Import *see* **Meaning.**

Importance. Consequence. Significance. Weight.

importance : महत्त्व; विशेषत: अर्घ, अर्थ, प्रभाव आदि के विचार से ।

consequence : महत्त्व; विशेषत: किसी प्रकार के फल या परिणाम के विचार से ।

significance : सार्थकता; विशेषत: अर्थ, आशय के विचार से ।

weight : आपेक्षिक महत्त्व ।

Importune *see* **(i) Beg (ii) Urge.**

Imposing *see* **Grand.**

Impotent *see* **Imfertile.**

Impoverished *see* **Poor.**

Imprecate *see* **Curse.**

Impress *see* **Affect.**

Impression *see* **Idea.**

Improper. Indecent. Indecorous. Indelicate. Unbecoming. Unseemly.

improper : जो मान्य स्तर के विचार से उचित न हो; अनुचित ।

indecent : नैतिक या चारित्रिक दृष्टि आक्षेपपूर्ण; अनुचित तथा अशोभनीय ।

indecorous : जो शिष्टसम्मत न हो; अशिष्टतापूर्ण ।

indelicate : अविनयपूर्ण और ओछा ।

unbecoming : जो व्यक्ति विशेष के लिए उचित न हो ।

unseemly : जो परिस्थिति विशेष की दृष्टि से उचित न हो ।

Improve. Ameliorate. Better.

improve : मरम्मत या तबदीली करके ठीक करना; सुधारना ।

ameliorate : असह्य, हीन या दयनीय स्थिति से उभारना या सुधारकर ठीक करना ।

better : सुधारकर सन्तोषजनक रूप देना ।

Impudent *see* **Impertinent.**

Impugn *see* **Deny.**

Impute *see* **Ascribe.**

Inactive. Idle. Inert. Passive.

inactive : जिसमें क्रियाशीलता न हो; निष्क्रिय ।

idle : जिसे काम न हो या जो काम न करता हो; निकम्मा ।

inert : पूर्ण रूप से निश्चेष्ट; जड़ ।

passive : उदासीन और अप्रतिरोधी; अकर्मण्य ।

Inagurate *see* **Begin.**

Inanimate *see* **Dead.**

Inattentive *see* **Absentminded.**

Inborn *see* **Innate.**

Inbred *see* **Innate.**

Inception *see* **Origin.**

Incessant *see* **Continual.**

Incident *see* **Event.**

Incidental. Adventitious.

incidental : जो अनावश्यक या गौण प्रकृति का होने पर भी किसी के साथ लगा हुआ हो; आनुषंगिक।

adventitious : स्वाभाविक अंग या सम्बन्ध न होने पर भी जो किसी के साथ आकस्मिक रूप से लग जाय; बाहरी।

Incite. Arouse. Foment. Instigate.

incite : अच्छे या बुरे काम के लिए प्रेरणा देना; उकसाना, प्रेरित करना; उत्तेजित करना।

arouse : उद्दीप्त या जाग्रत करना।

foment : निरन्तर उत्तेजित करते रहना।

instigate : दूषित उद्देश्य से उभाड़ना या भड़काना।

Inclination. Bent. Leaning. Proclivity. Propensity.

inclination : हल्का या गहरा स्वभावगत झुकाव; रुचि।

bent : गहरा स्वभावगत झुकाव; रुझाव, शौक।

leaning : किसी प्रकार के आकर्षण के फलस्वरूप होनेवाला झुकाव; खिचाव।

proclivity : व्यसन के फलस्वरूप होनेवाला रुझाव; लत।

propensity : ऐसा रुझाव जो अमर्यादित या अनियन्त्रित हो; लत।

Include. Comprehend. Embrace. Involve.

include : अंग के रूप में सम्मिलित करना; अन्तर्गत करना।

comprehend : अपने क्षेत्र में लाना; अन्तर्व्याप्त करना।

embrace : (क) विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को मिलाना; समाविष्ट करना। (ख) भिन्न जातियों के लोगों को अपनाना; गले लगाना।

involve : सम्बन्धित चीजों को मिलाना; सम्बद्ध करना।

Inconstant. Capricious. Fickle. Instable. Unsteady.

inconstant : जिसमें दृढ़ता का अभाव हो; परिवर्तनशील।

capricious : ढुल-मुल विशेषत: सनकी।

fickle : जो जल्दी-जल्दी अपना निश्चय बदलता रहता हो; चल-चित्त।

unstable : जिसका अपने मनोवेगों पर निग्रह न हो; चंचल।

unsteady : जो स्थिर न रह सकता हो; अस्थिर।

Increase. Augment. Enlarge. Multiply.

increase : मान, मात्रा आदि में बढ़ाना; वृद्धि करना ।

augment : जोड़-बटोरकर बढ़ाना ।

enlarge : विस्तृत बनाना; विस्तार करना ।

multiply : प्रजनन द्वारा संख्या बढ़ाना ।

Indecent *see* **Improper.**

Indecorous *see* **Improper.**

Indelicate *see* **Improper.**

Independence *see* **Freedom.**

Indication *see* **Sign.**

Indict *see* **Accuse.**

Indifferent. Detached. Disinterested.

indifferent : जिसका चित्त दुखी होकर किसी बात से हट गया हो; विरक्त, उदासीन ।

detached : अलग तथा तटस्थ रहनेवाला; निरपेक्ष ।

disinterested : जिसकी किसी बात विशेष में रुचि या स्वार्थ न हो; निस्वार्थ, निस्पृह, पक्षपात-रहित ।

Indigenous *see* **Native.**

Indigent *see* **Poor.**

Indignation *see* **Anger.**

Indispensable *see* **Essential.**

Indisposed *see* **Ill.**

Individual *see* **(i) Characteristic (ii) Single.**

Induce *see* **Persuade.**

Industrious *see* **Busy.**

Inelastic *see* **Stiff.**

Inept *see* **Awkward.**

Inert *see* **Inactive.**

Inexpensive *see* **Cheap.**

Infamy *see* **Disgrace.**

Infatuation *see* **Love.**

Infer. Conclude. Deduce. Gather. Judge.

infer : तथ्यों या साक्ष्य के आधार पर किसी निर्णय पर पहुँचना; अनुमित करना।

conclude : तर्क के बल पर अन्तिम निष्कर्ष पर पहुँचना; उपसंहार करना।

deduce : अनुमान द्वारा निर्णय पर पहुँचना।

gather : तथ्य और तर्क के आधार पर निर्णय पर पहुँचना।

judge : निरीक्षण-परीक्षण द्वारा निर्णय पर पहुँचना।

Infertile. Barren. Impotent. Sterile. Unfruitful.

infertile : जो उर्वर न हो; अनुर्वर।

barren : (क) जिसमें उपज न होती हो; ऊसर। (ख) जो बच्चे न देती हो; बाँझ।

impotent : (पुरुष) जिममें स्त्री-सम्भोग की शक्ति न हो; नपुंसक, हिजडा।

sterile : (स्त्री) बाँझ।

unfruitful : न फलनेवाला; अनुत्पादक।

Infidel *see* **Atheist.**

Inflexible *see* **Stiff.**

Influence *see* **Affect.**

Information. Knowledge. Learning. Wisdom.

information : वह उपलब्धि जो पढने, निरीक्षण करने या सूचनाओं के आधार पर होती है; जानकारी।

knowledge : अनुभव, विचार-विमर्श तथा निरीक्षण-परीक्षण द्वारा प्राप्त की जाने वाली जानकारी; ज्ञान।

learning : अध्ययन से विशेषत: साहित्य, कला, दर्शन आदि के अध्ययन से प्राप्त होनेवाला ज्ञान; विद्या।

wisdom : व्यावहारिक ज्ञान; अक्ल, बुद्धि।

Infrequent *see* **Rare.**

Infringe *see* **Trespass.**

Ingenious *see* **Clever.**

Ingenuons *see* **Naive.**

Ingredient *see* **Element.**

Inhuman *see* **Cruel.**
Iniquitous *see* **Vicious.**
Initiate *see* **Begin.**
Injuction *see* **Command.**

Injure. Damage. Harm. Hurt. Impair. Spoil.

injure : आघात करना; विशेषत: रूप-रंग या स्वास्थ्य विकृत या नष्ट करना।

damage : नुक्सान या हानि पहुँचाना; क्षति करना।

harm : कष्ट या दु:ख देना; अपकार करना।

hurt : ठेस लगाना या चोट करना।

impair : विकार उत्पन्न करके क्षीण या कमजोर बना देना; विकृत करना।

spoil : खराब या नष्ट-भ्रष्ट करना; बिगाड़ना।

Innate. Congenital. Hereditary. Inborn. Inbread.

innate : स्वभाव तथा शारीरिक गठन के विचार से जो अंग रूप हो; अन्तर्जात।

congenital : जन्म के साथ-साथ उत्पन्न होनेवाला; जन्मजात।

hereditary : जन्म से विशेषत: रक्त सम्बन्ध से प्राप्त होने वाला; पैतृक।

inborn : जिसके सम्बन्ध में यह लगता हो कि यह जन्म से ही हो रहा है; स्वाभाविक।

inbread : गर्भ से ही होनेवाला; विशेषत: नस्ल या जाति के प्रभाव से युक्त; वंशगत।

Innumerable *see* **Many.**
Inordinate *see* **Excessive.**
Inquest *see* **Investigation.**
Inquire *see* **Ask.**
Inquisition *see* **Investigation.**
Inquisitive *see* **Curious.**
Insinuate *see* **Suggest.**
Insolent *see* **(i) Impertinent, (ii) Proud.**

Inspect. Examine. Scrutinize. Test.

inspect : चूक, दोष आदि निकालने के लिए देखना-भालना; निरीक्षण करना।

examine : गुण, वैधता, स्थिति आदि की जाँच करना; परीक्षण करना।

scrutinize : ब्यौरे की हर छोटी-मोटी बात को समझने के लिए गौर से देखना; संवीक्षण करना।

test : यह देखना कि उपयोग, प्रयोग, व्यवहार आदि में कोई चीज़ कहाँ तक खरी उतरती या लाभप्रद सिद्ध हो सकती है; जाँचना।

Instance. Case. Example. Illustration.

instance : सामान्य कथन को प्रमाणित या पुष्ट करनेवाली कोई दूसरी बात; दृष्टान्त।

case : कोई ऐसी घटना या स्थिति जो किसी सामान्य सत्ता की सूचक हो; प्रघटन, केस।

example : सामान्य नियम का परिचायक प्रयोगात्मक रूप; उदाहरण।

illustration : ऐसा उदाहरण या दृष्टान्त जो स्पष्टीकारक हो; नज़ीर, निदर्शन।

Instigate *see* **Incite.**

Instruct *see* **Teach.**

Instrument *see* **Implement.**

Insult *see* **Offend.**

Insurrection *see* **Rebellion.**

Intact *see* **Complete.**

Integrity *see* **Honesty.**

Intellectual *see* **Intelligent.**

Intelligent. Alert. Brilliant. Clever. Intellectual.

intelligent : जिसमें नई बात शीघ्रतापूर्वक सीख लेने की बुद्धि और योग्यता हो; कुशाग्रबुद्धि।

alert : स्थिति को भाँप लेने की जिसमें क्षमता हो; चौकस।

brilliant : अत्यन्त कुशाग्रबुद्धि; तेज़।

clever : चतुर और व्यवहार-निपुण; सयाना।

intellectual : जिसकी ज्ञान-विज्ञान के उन्नत क्षेत्रों में रुचि और पैठ हो; विद्वान्।

Intensify. Aggravate.

intensify : तीव्र करना या तेजी लाना (विशेषत: ओज, शक्ति, मनोवेग में)।

aggravate : तीव्र करना; विशेषत: असह्य बनाना।

Intent *see* **Intention.**

Intention. Aim. End. Intent. Goal. Object. Objective. Purpose.

intention : मन में होनेवाली कोई आकांक्षा; इरादा।

aim : ऐसी आकांक्षा जिसकी सिद्धि के लिए व्यक्ति अपनी सारी शक्ति लगाता हो; लक्ष्य।

end : निमित्त; प्रयोजन; ध्येय।

intent : खूब सोच-विचारकर बनाया हुआ इरादा; संकल्प।

goal : ऐसा चरम उद्देश्य जिसकी प्राप्ति श्रमसाध्य हो; ध्येय।

object : जिसे प्राप्त करना अभिप्रेत और आवश्यक हो; उद्देश्य।

objective : ऐसा उद्देश्य जिसकी प्राप्ति व्यक्ति-विशेष की सामर्थ्य में हो।

purpose : ऐसा उद्देश्य जो दृढ़ संकल्प के रूप में हो; प्रयोजन।

Intentional *see* **Voluntary.**

Intercede *see* **Interpose.**

Interfere *see* **Interpose.**

Intermittent. Alternate. Periodic. Recurrent.

intermittent : एक-एक करके होनेवाला; सविराम।

alternate : (दो वस्तुओं के सम्बन्ध में) बारी-बारी से या आपसे-आप होनेवाला; वैकल्पिक; पारी का।

periodic : लगभग नियत-सी अवधि के बाद होनेवाला; आवधिक।

recurrent : जिसकी आवृत्ति पुन:-पुन: होती हो; आवर्तक।

Interpose. Intercede. Interfere. Intervene. Mediate.

interpose : किसी होते या चलते हुए काम में दखल देना; बीच में पड़ना।

intercede : किसी एक के पक्ष का समर्थन करना; हस्तक्षेप करना।

interfere : किसी काम में या उसके परिणाम में बाधा पहुँचाने के उद्देश्य से हस्तक्षेप करना।

intervene : उग्रता, मतभेद कम करने के लिए हस्तक्षेप करना; बीच

बचाव करना।

mediate : सुलह, समझौता करने के लिए बीच में पड़ना; मध्यस्थता करना।

Interpret *see* **Explain.**

Intervene *see* **Interpose.**

Intimate *see* **(i) Familiar, (ii) Suggest.**

Intoxicated *see* **Drunk.**

Intrepid *see* **Brave.**

Intricate *see* **Complex.**

Intrigue *see* **Plot.**

Introduction. Foreword. Preface.

introduction : किसी पुस्तक का वह आरम्भिक अंश जो उसकी विषय-वस्तु पर प्रकाश डालता हो; भूमिका।

foreword : संक्षिप्त प्रस्तावना; प्राक्कथन।

preface : पुस्तक के आरम्भ में होनेवाला वह मंतव्य जो पुस्तक के उद्देश्य, रचना-क्रम आदि पर प्रकाश डालता हो; प्रस्तावना।

Intrude *see* **Trespass.**

Invade *see* **Trespass.**

Invaluable *see* **Costly.**

Invert *see* **Reverse.**

Investigation. Inquest. Inquisition. Probe. Research.

investigation : सत्य उद्घाटित करने के लिए तथ्यों की खोज तथा जाँच-पड़ताल, अन्वेषण।

inquest : न्यायिक अधिकारी द्वारा किसी की संदिग्ध मृत्यु के सम्बन्ध में होनेवाली छानबीन; तहकीकात।

inquisition : किसी धर्माधिकारी द्वारा किसी पर लगाये हुए आरोप, विशेषत: धर्मद्रोह के सम्बन्ध में की जानेवाली छानबीन।

probe : किसी समिति द्वारा किसी पर लगाये हुए आरोपों की की जानेवाली जाँच-पड़ताल, तहकीकात।

research : अध्ययन, अनुशीलन द्वारा छानबीनकर नये तथ्यों को उद्घाटित करने का काम; शोध, गवेषणा।

Invigorate *see* **Animate.**

Knowledge *see* **Information.**

Laborious *see* **Hard.**

Labour *see* **Work.**

Lack. Want.

lack : रहित होना ।

want : अभावग्रस्त होना ।

Laconic *see* **Concise.**

Lady *see* **Woman.**

Lady-like *see* **Female.**

Languor *see* **Lethargy.**

Lampoon *see* **Caricature.**

Lanky *see* **Lean.**

Large. Big. Great.

large : आयाम या परिमाण के विचार से अधिक; बड़ा ।

big : राशि, महत्त्व या विस्तार के विचार से अधिक; बड़ा ।

great : आकार-प्रकार या विस्तार में भव्य और विस्मयकारक; बड़ा, महान् ।

Lassitude *see* **Lethargy.**

Last. Final. Terminal.

last : क्रम के विचार से सबसे अन्त में होनेवाला; आखिरी, अन्तिम ।

final : अन्तिम उद्देश्य से सम्बद्ध और मुख्यत: निर्णायक रूप में होने वाला; अन्तिम, आखिरी ।

terminal : सत्र, अवधि आदि के अन्त का सूचक; सत्रिक, आवधिक ।

Late *see* **(i) Dead, (ii) Tardy.**

Latent. Dormant. Hidden. Potential.

latent : जो अस्तित्व में तो हो पर अभी तक छिपा हुआ या अलक्षित हो; अन्तर्हित, प्रच्छन्न ।

dormant : अक्रियाशीलता के फलस्वरूप जो सोया हुआ-सा प्रतीत हो; प्रसुप्त ।

hidden : जो प्रकाश-रूप में न आया हो; छिपा हुआ; गुप्त ।

potential : जो अभी अविकसित हो और इसीलिए प्रकट न हो; गर्भित ।

Laud *see* **Praise.**

Laugh. Chuckle. Giggle. Guffaw. Snicker. Titter.

laugh : प्रसन्नता या आनन्द के समय मुँह से ध्वनियाँ निकालना और निःश्वास छोड़ना; हँसना ।

chuckle : धीरे-धीरे हँसना; मुर्गियों की तरह किट-किट करना ।

giggle : खी-खी करना; फूहड़पन से हँसना ।

guffaw : खूब ज़ोर से हँसना; ठहाका लगाना ।

snicker : दूसरों की कमज़ोरी या कष्टों पर हँसना; घोड़ों की तरह हिनहिनाना ।

titter : मुँह ढक या बन्द करके हँसना ।

Laughable *see* **Funny.**

Lavish *see* **Profuse.**

Law. Canon. Ordinance. Regulation. Statute.

law : क़ानून; विशेषत: सत्ता द्वारा बनाया या लागू किया हुआ ।

canon : धर्म-विधि ।

ordinance : राज्य के सर्वोच्च शासक द्वारा बनाई हुई विशेष विधि; अध्यादेश ।

regulation : किसी संघ या संस्था द्वारा बनाया हुआ नियम; विनियम ।

statute : संसद या विधान सभा द्वारा पास किया हुआ क़ानून; विधि ।

Lawful *see* **Legal.**

Lax *see* **Remiss.**

Leading *see* **Chief.**

League *see* **Alliance.**

Lean. Gaunt. Lanky. Scrawny. Skinny.

lean : पतला-दुबला विशेषत: स्वस्थ ।

gaunt : हड्डियों का ढाँचा; मरकटहा ।

lanky : पतला-दुबला और लम्बा; लम्बू ।

scrawny : दुबला-पतला विशेषत: अशक्त और अनाकर्षक ।

skinny : दुबला-पतला और अशक्त; मरियल ।

Lean *see* **Thin.**

Leaning *see* **Inclination.**

Learning *see* **Information.**

Lease *see* **Hire.**

Leave *see* **Go.**

Lecture *see* **Speech.**

Legal. Lawful. Legitimate. Licit.

legal : क़ानून-सम्बन्धी या क़ानून के रूप में होने वाला; क़ानूनी; विधिक ।

lawful : जो क़ानून या विधि के विपरीत न हो; वैध ।

legitimate : क़ानून ठीक; विधिसम्मत ।

licit : विधि के अनुरूप; वैधानिक ।

Legitimate *see* **Legal.**

Lenity *see* **Mercy.**

Lessen *see* **Decrease.**

Let. Allow. Permit.

let : (मजबूरन या असावधानी के कारण) होने या करने देना ।

allow : (बन्धन, नियम ढीलते हुए) अनुमति देना ।

permit : औपचारिक तथा आधिकारिक रूप से स्वीकृति देना ।

Lethargy. Languor. Lassitude. Stupor. Torpor.

lethargy : अतिभोजन, बीमारी आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; शिथिलता ।

languor : निठल्लेपन आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; आलस्य ।

lassitude : कष्ट, दुःख या अधिक काम करने से होनेवाली शिथिलता; अवसाद ।

stupor : विस्मय के कारण होनेवाली असहाय अवस्था; जाड्य; जड़ता ।

torpor : क्षणिक जड़ता; अवसन्नता ।

Level. Even. Flat. Plane. Smooth.

level : जिसका तल क्षितिज के समानान्तर हो; सम ।

even : जो ज़्यादा ऊबड़-खाबड़ न हो; चिपटा ।

plane : जिसका हर बिन्दु एक सीध में हो; चौरस ।

smooth : जो खुरदरा न हो; चिकना ।

Liberate *see* **Free.**

Liberty *see* **Freedom.**

License *see* **Authorize.**

Licit *see* **Legal.**

Lie. Equivocate. Fabricate. File. Prevaricate.

lie : (जान-बूझकर) झूठ बोलना।

equivocate : किसी को बहकाने या धोखा देने के उद्देश्य से गोल-मोल बात करना।

fabricate : दूसरे को भरमाने के लिए मनगढ़न्त बातें करना।

file : गप्प हाँकना।

prevaricate : असलियत को छिपाने के लिए बात को तोड़ना-मरोड़ना।

Lift. Boost. Elevate. Hoist. Raise. Rear.

lift : ऊँचा करना, ऊँचाई पर लाना।

boost : धक्का देकर ऊपर उठाना।

elevate : उत्सेध करना; विशेषतः नीचे से ऊपर उठाना।

hoist : किसी साधन से कोई भारी चीज ऊपर उठाना।

raise : एक सिरे के बल ऊँचा; विशेषतः सीधा खड़ा करना।

rear : ऊँचा उठाना (साहित्यिक क्षेत्र में)।

Lift *see* **Steal.**

Likeness. Analogy. Resemblance. Similarity.

likeness : सादृश्य, साम्य; विशेषतः आकार-प्रकार, प्रकृति या गुणों के विचार से।

analogy : दो विभिन्न चीजों में होनेवाले गुण, परिस्थिति आदि की समानता; एकरूपता।

resemblance : अनुहार; विशेषतः रूप-रंग तथा आकार-प्रकार में होने वाली समानता।

similarity : समानता; विशेषतः आंशिक तद्रूपता।

Linger *see* **Stay.**

Link *see* **Join.**

Liquid. Fluid.

liquid : द्रव-पदार्थ; विशेषतः जो पात्र के अनुरूप अपना रूप बना लें।

fluid : तरल पदार्थ; विशेषतः जो गतिमान हों।

Little *see* **Small.**

Lively *see* **Living.**

Living. Alive. Animate. Lively. Animated.

living : जिसमें जीवन हो; जीवित।

lively & alive : जिसमें पूर्ण जीवनी-शक्ति हो; सजीव ।

animate : चेतन; विशेषत: जड़ से भिन्न ।

animated : जिसमे जीवनी-शक्ति लाई गई हो ।

Loath *see* **Reluctant.**

Lofty *see* **High.**

Lone *see* **Alone.**

Loney *see* **Alone.**

Lonesome *see* **Alone.**

Look. Gape. Gaze. Peek. Peep. Peer. Stare.

look : देखना; दृष्टिपात करना ।

gape : मुँह बाकर विस्मयपूर्वक देखना ।

gaze : एकटक देखना; टकटकी लगाना ।

peek/peep : झाँकना; विशेषत: चोरी-छिपे देखना ।

peer : ताकना; विशेषत: गौर से देखना ।

stare : घूरना; विशेषत: आँखें फाड़कर देखना ।

Look *see* **Appearance.**

Loquacious *see* **Talkative.**

Lot *see* **Fate.**

Love. Affection. Amour. Attachment. Infatuation.

love : अनुराग, वासना या आदरपूर्ण अनुभूति या गहरी चाह; प्रेम, मुहब्बत ।

affection : मर्यादित प्रेम, अनुराग ।

amour : गुप्त, विशेषत: अवैध प्रेम-सम्बन्ध ।

attachment : हेल-मेल, संग-साथ के कारण होनेवाला स्थायी तथा दृढ़ अनुराग; मोह ।

infatuation : अयुक्तिशील तथा मूर्खतापूर्ण प्रेम; आसक्ति ।

Low *see* **Base.**

Loyal *see* **Faithful.**

Loyalty *see* **Allegiance.**

Lucky. Fortunate. Providential.

lucky : शुभ, विशेषत: अप्रत्याशित रूप से तथा संयोगवशात् होनेवाला ।

fortunate : शुभ, विशेषत: महत्त्वपूर्ण विषय से सम्बन्ध रखनेवाला ।

providential : शुभ, विशेषतः दैवकृत ।

Ludicrous *see* **Absurd.**

Luminous *see* **Bright.**

Lustrous *see* **Bright.**

Luxuriant *see* **Bright.**

Lying *see* **Dishonest.**

Magic. Sorcery. Witchcraft. Wizardry.

magic : हाथ की सफ़ाई का खेल; जादू ।

sorcery : जन्तर-मन्तर, टोना ।

witchcraft : डाकिनीवृत्ति ।

wizardry : भूतसिद्धि ।

Magnificent *see* **Grand.**

Main *see* **Chief.**

Majestic *see* **Grand.**

Make. Construct. Fabricate. Fashion. Form. Manufacture.

make : भौतिक या मानसिक रूप में कोई चीज़ निर्मित करना; बनाना ।

construct : विभिन्न अवयवों को जोड़ते हुए निर्माण करना; बनाना ।

fabricate : रेशों, तन्तुओं आदि के द्वारा रचना तैयार करना ।

fashion : सुन्दर ढंग से तथा कलापूर्ण रूप से बनाना ।

form : कोई निश्चित रेखा-चित्र, नक्शा, ढाँचा आदि बनाना ।

manufacture : मशीन द्वारा कच्चे माल से नई चीजों का उत्पादन करना ।

Maladroit *see* **Awkward.**

Malady *see* **Disease.**

Male. Mannish. Manly. Masculine. Virile.

male : पुरुष जाति का; नर ।

mannish : मर्दों का-सा (औरतों के लिए प्रयुक्त) ।

manly : मनुष्य जाति के उत्तम गुणों से सम्बद्ध; मनुष्योचित ।

masculine : पुरुषों की शक्ति से सम्बद्ध; पौरुषेय ।

virile : सतेज और तगड़ा; वीर्यवान् ।

Malevolence *see* **Malice.**

Malice. Grudge. Ill-will. Malevolence. Malignity. Rancour. Spite.

malice : द्वेष, विशेषत: जिसमें दूसरों को दुःख देने में अथवा उन्हें दुःखी देखने में मज़ा आता हो ।

grude : ऐसा दुर्भाव जो कष्ट तथा आक्रोशजन्य हो; डाह ।

ill-will : दूसरे का बुरा चाहने की कामना; दुर्भाव ।

malevolence : विद्वेष; जिसमें दूसरों का अपकार करने की नीयत हो ।

malignity : ऐसा दुर्भाव जो निर्मम और घातक सिद्ध हो सकता हो; वैर ।

rancour : ऐसा उग्र दुर्भाव जो दूसरे का अहित करने के लिए बेचैन बना देता हो; मत्सर ।

spite : ऐसा दुर्भाव जिसके फलस्वरूप छोटे-छोटे कार्यों में दूसरे को परेशान और क्रुद्ध किया जाए; वैमनस्य ।

Malign *see* **Sinister.**
Malignity *see* **Malice.**
Malleable *see* **Pliable.**
Manage *see* **Conduct.**
Mandate *see* **Command.**
Manifest *see* **Evident.**
Manifold *see* **Many.**
Manly *eee* **Male.**
Manner *see* **(i) Bearing, (ii) Method.**
Mannish *see* **Male.**
Manoeuvre *see* **Trick.**
Manufacture *see* **Make.**

Many. Innumerable. Manifold. Multifarious. Numerous.

many : संख्या में अपेक्षाकृत अधिक; अनेक, नाना ।

innumerable : अगणित, असंख्य ।

manifold : अनेक प्रकार का; बहुमुखी ।

multifarious : तरह-तरह का; रंग-बिरंगा, विविध ।

numerous : भीड़ के रूप में होनेवाला; बहुसंख्यक ।

Mammoth *see* **Enormous.**

Margin *see* **Border.**

Mark *see* **Sign.**

Marriage. Matrimony. Wedding. Wedlock.

marriage : वह अवसर या स्थिति जिसमें पुरुष और स्त्री पति-पत्नी का सम्बन्ध स्वीकार करते हैं; विवाह ।

matrimony : धार्मिक संस्कार के रूप में होनेवाला विवाह; पाणिग्रहण ।

wedding : विवाह, विशेषत: विवाहोत्सव ।

wedlock : ऐसा विवाह जो वैध सम्बन्ध के आधार पर हो ।

Martial. Military. Warlike.

martial : युद्ध या सेना के अनुशासन, ठाठ-बाट आदि से सम्बद्ध; सामरिक, सैनिक ।

military : सैनिकों का या सैनिकों से सम्बन्ध रखनेवाला; सैनिक ।

warlike : युद्ध के अनुरूप या युद्ध की आवश्यकता के अनुरूप; जंगी ।

Masculine *see* **Male.**
